

सूर्योदय प्रातः 5:16 | सूर्यास्त संध्या 6:35 | पखवाड़ा आषाढ़ शु. दशमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शुक्रवार, 24 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 160, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,755.05 | -715.06 (-0.92%) |
| निफ्टी | 23,996.25 | -191.45 (-0.79%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,48,480.00 |
| चांदी | 2450.00 |

## झारखंड में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट की स्थापना की दिशा में पहल

# सूचना भवन से शुरू होगा झारखंड फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट

- सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के कुलपति समीरन दता अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे सूचना भवन, आईपीआरडी के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक
- इंस्टिट्यूट की स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के साथ इंस्टिट्यूट शुरू करने के उद्देश्य से किया गया सूचना भवन में उपलब्ध स्पेस का अवलोकन
- झारखंड में फिल्म निर्माण, तकनीकी प्रशिक्षण तथा स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक पहल



**रांची** : झारखंड में फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टिट्यूट की स्थापना की दिशा में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में 22 जुलाई को झारखंड फिल्म एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट के बीच सम्पन्न हुए एमओयू के क्रम में सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट, कोलकाता के कुलपति समीरन दत्ता अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ सूचना भवन का दौरा किया।
बैठक के दौरान इंस्टिट्यूट की स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। साथ ही, इंस्टिट्यूट में कोर्स प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक सुविधाओं का आकलन किया गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक आनन्द ने जानकारी दी कि JFTI के आरम्भिक चरण में आवश्यकताओं के अनुरूप Short-duration Courses शुरू किये जायेंगे, जिनमें Part-time, Full-time एवं Evenfing Classes की सुविधा उपलब्ध होगी, कोर्स की अवधि एक, दो, तीन या छह महीने की होगी। खत्र्छ्कके प्रारम्भिक चरण में विद्यार्थियों एवं कामकाजी युवाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए Short-duration Courses भी शुरू किये जायेंगे, जिन्हें ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### कनॉट प्लेस की सभी दुकानों को शाम 6.30 बजे तक बंद करने की अपील

**नयी दिल्ली** : नयी दिल्ली व्यापार संगठन (एनडीटीए) ने गुरुवार को कनॉट प्लेस की सभी दुकानों और दफ्तरों को गंभीर हालात के कारण आज शाम 6.30 बजे तक बंद करने की अपील की है। संगठन का कहना है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने टेलीफोन से इसकी सलाह दी है। नई दिल्ली व्यापार संगठन (एनडीटीए) ने आदेश जारी कर कहा कि कनॉट प्लेस की खराब स्थिति के कारण से सभी दुकानों, रेस्टोरेंट और दफ्तरों को आज शाम 6.30 बजे बंद कर दिया जाए। संगठन ने सभी व्यापारियों और संचालको से पूर्ण सहयोग की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार के नुकसान से बचा जा सकें। इस आदेश की आलोचना करते हुए आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अचानक से जंतर-मंतर के पास इतनी अधिक संख्या में सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस की तैनाती कई सवाल खड़े कर रही है। केजरीवाल ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या सरकार आज फिर से प्रदर्शन कर रहें छात्रों के साथ बर्बरता करने वाली है।

### बीसीसीएल के अध्यक्ष ने राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार से की शिष्टाचार मुलाकात

**पटना** : जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बिहार एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार से बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने मुलाकात की। यह मुलाकात गुरुवार को नीतीश कुमार के नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर हुई, जहां बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। यह जानकारी कार्यालय सचिव संजय कुमार सिन्हा ने दी। भेंट के दौरान मनोज अग्रवाल ने नीतीश कुमार के साथ जनहित एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर समसामयिक मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद हुआ तथा जनकल्याण से संबंधित विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

### देश के पश्चिमी क्षेत्रों में अगले 06 दिनों के दौरान भारी बारिश के आसार

**नयी दिल्ली** : देश के पश्चिमी हिस्से के विभिन्न क्षेत्रों में अगले छह दिनों के दौरान बहुत भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को हल्की बारिश का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक कई जगहों पर हल्की बारिश के साथ 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। इस दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस तथा 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। शनिवार को भी यही स्थिति रहेगी जबकि रविवार को आमतौर पर बादल छाए रहने का अनुमान है।

## कार्टून कोना




# नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर दोनों सदनों में हंगामा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर संसद के दोनों सदनों में गुरुवार को विपक्ष का हंगामा लगातार जारी रहा। पहले एक बार स्थगन के बाद 12 बजे कार्यवाही शुरू हुई लेकिन विपक्षी सांसदों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।
लोकसभा में पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने कार्यवाही शुरू कराई। जैसे ही सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई, विपक्षी सदस्य अपनी सीटों से उठकर नारेबाजी करने लगे। पिपक्षी सदस्यों ने शिक्षामंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार नीट पेपर लीक मामले पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जैसा चाहता है वैसी चर्चा करे। एक दिन, दो दिन, जितना समय चाहिए उतना ले। हम उनसे हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं कि चर्चा करें। लेकिन चर्चा की मांग में अनावश्यक शर्तें जोड़कर उलझाएं नहीं। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने नीट पेपर लीक मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का आदेश दिया है। देश के छात्रों के साथ किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो, इसके लिए चर्चा होना जरूरी है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि सदन की कार्यवाही बाधित करने के बजाय चर्चा में भाग लें। रिजिजू ने कहा कि सरकार छात्रों की हर चिंता सुनने और उसका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने विपक्षी सदस्यों से शांत होकर ● शेष पृष्ठ 11 पर



### रांची में नीट प्रदर्शन हिंसक : भाजपा कार्यालय के बाहर पथराव

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय के घेराव के दौरान हरमू इलाके में राजनीतिक तनाव चरम पर है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हरमू मैदान से मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने उन्हें भाजपा कार्यालय से पहले बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसके बाद कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नीट मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, भाजपा कार्यालय के बाहर पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जवाबी नारेबाजी की, जिससे माहौल और गर्म हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच अंडे और टमाटर फेंकने शुरू हो गए, जो जल्द ही पथराव में बदल गए। इस झड़प में कई मीडियाकर्मियों के घायल होने की खबर है, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालात बिगड़ते देख ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी सहित कई वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस ने मोर्चा संभाला और अतिरिक्त बल तैनात कर दोनों पक्षों को नियंत्रित किया। लंबे प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता वापस लौट गए और भाजपा कार्यकर्ता भी तितर-बितर हो गए। एहतियातन भाजपा कार्यालय और आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और कानून व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## झारखंड के पुरस्कार विजेता फिल्मकारों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# फिल्म विकास के क्षेत्र को और आगे ले जाने के लिए राज्य सरकार हरसम्भव सहयोग करेगी : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड के युवा पुरस्कार-विजेता फिल्मकार बीजू टोप्पो, सेराल मुर्मू, निरंजन कुजूर, रवि राज मुर्मू, अनुज कुमार और मानसिंह बास्के ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फिल्म क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि राज्य के कलाकार, निर्देशक और फिल्मकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां सामने आ रही हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने आश्वस्त किया कि आनेवाले दिनों में झारखंड राज्य को फिल्म विकास (फिल्म डेवलपमेंट) के क्षेत्र में और आगे ले जाने के लिए राज्य सरकार हरसम्भव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण, शूटिंग, तकनीकी प्रशिक्षण तथा स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक पहल की जायेगी। इस अवसर पर उपस्थित फिल्मकारों ने अपनी फिल्मों, निर्देशकीय उपलब्धियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के बारे में बताया। इन सभी ने झारखंड की जनजातीय, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयवस्तु पर आधारित फिल्मों के जरिए व्यापक पहचान बनायी है। इस मौके पर फिल्मकारों ने ● शेष पृष्ठ 11 पर



### मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक का अनशन 26वें दिन भी जारी, हालत स्थिर

**गुरुग्राम** : लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती रहने के बावजूद अनशन गुरुवार को 26वें दिन भी जारी रहा। अस्पताल की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है और सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानक सामान्य हैं।गुरुवार शाम को अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. संजय दुरानी की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया कि सोनम की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं है।

### प्रश्नपत्र चोरी, वितरण मामले में अब तक 45 आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल : सीबीआई



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि नीट (यूजी) 2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले की विस्तृत जांच के दौरान संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया की संलिप्तता का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। प्रश्नपत्र चोरी और उसके वितरण में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है तथा मामले में अब तक 45 आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। सीबीआई ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2024 में बिहार पुलिस ने नीट (यूजी) परीक्षा का प्रश्नपत्र चोरी होने का मामला दर्ज किया था। उस समय प्रारंभिक संदेह के आधार पर संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया को आरोपित बनाया गया था, क्योंकि उसका नाम अन्य परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों में सामने आया था। यह मामला जांच के लिए सीबीआई ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने समय उचित नहीं कह टाली ज्ञानवापी मामले की सुनवाई

- सावन में कथित शिवलिंग की पूजा की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : ज्ञानवापी परिसर में सावन माह के दौरान कथित शिवलिंग के दर्शन, पूजा और जलाभिषेक की अनुमति देने संबंधी याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए कहा कि फिलहाल ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई का उचित समय नहीं है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सरकार वार्ता को तैयार, आन्दोलनकारी छात्र आवास या कार्यालय पर आयें : नड्डा



**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों से सरकार बातचीत के लिए तैयार है। इसके लिए छात्रों को उनके आवास या फिर कार्यालय आना होगा। संसद परिसर में जेपी नड्डा ने कहा, इहां, हम तैयार हैं। हमारे घर या हमारे आधिकारिक कार्यालय आ जाइए। वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि जो दोषी हैं उन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर कड़ी सजा दी जाएगी। हमारा कांग्रेस और विपक्ष से अनुरोध है कि इस विषय का राजनीतिकरण ना करें। भागें मत, ● शेष पृष्ठ 11 पर

### छात्रों के प्रदर्शन पर अन्ना हजारे ने केन्द्र से संवाद की अपील की

**अहिल्यानगर** : सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन पर केंद्र सरकार से संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाने के बजाय उससे बातचीत की जानी चाहिए और जवाबदेही तय करना ही सुशासन की पहचान है। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में गुरुवार को अन्ना हजारे ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक दो घंटे का ● शेष पृष्ठ 11 पर

### जेपीएससी परीक्षा घोटाले की जांच तेज, पूर्व चेयरमैन एल खियांग्ते के घर सीआईडी का छापा

**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में कथित गड़बड़ी की जांच अब पूर्व अध्यक्ष तक पहुंच गई है। गुरुवार को अपराध अनुसंधान विभाग सीआईडी की टीम जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव रह चुके एल खियांग्ते के आवास पर पहुंची। टीम ने उनके घर की तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई। उल्लेखनीय है कि सीआईडी 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा परिणाम में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। इसी सिलसिले में पहले भी कई स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है और महत्वपूर्ण दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं, अब जांच की कड़ी पूर्व अध्यक्ष के आवास तक पहुंचने को इस मामले में अहम कदम माना जा रहा है। इस मामले में सीआईडी अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें जेपीएससी की तत्कालीन डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन श्वेता कुमारी गुप्ता, टीएसआर डाटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के ● शेष पृष्ठ 11 पर

# पेपर लीक मामलों को लेकर विपक्ष ने जताया विरोध, मांगा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के ऐलान की आलोचना की। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सरकार ने मिलकर के देश के युवाओं के भविष्य को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है।
गांधी ने कहा कि सरकार ने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर पूरा कब्जा होने और उसे बर्बाद होने दिया, उसे बढ़ावा भी दिया और इसके जिम्मेदार हर व्यक्ति को संरक्षण दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार के सामने तीन मांगें रखी है, पहला धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाएं जाए, दूसरा छात्रों से माफी मांगे और तीसरा छात्रों के साथ हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए इसे छात्रों के आंदोलन को दबाने की 'लीपापोती' करार दिया और मांग की कि सरकार को फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के बजाय पेपर लीक के इस पूरे रैकेट और इसमें शामिल बड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सुबह प्रधानमंत्री ने ऐलान किया है पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट तो पहले ही बहुत बने थे, पोक्सो के लिए, रेप केस जैसे कई मुद्दो पर बने है लेकिन उनमें सुनवाई तो होती नही है। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सारी बाते कही लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की बीत क्यों नही की। केजरीवाल ने दुख जताते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ प्रदर्शन में जो व्यवहार किया गया उस पर सरकार चुप क्यो थी, कोई भी कार्रवाई क्यो नही किया गया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हर साल पेपर लीक का मामला सामने आता है लेकिन प्रधानमंत्री ने एक भी ऐसी बात नही की कि अगले साल नीट पेपर लीक नही होगा। विपक्ष ने सरकार से धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे और हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।



### पेपर लीक मामलों के लिए गठित होंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट : पीएम



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने घोषणा की की पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए सरकार की ओर से लिए जा रहे निर्णय में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। फास्ट ट्रैक कोर्ट से संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित ● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री पेपर लीक की जिम्मेदारी लें : प्रियंका गांधी



**नीट** पेपर लीक, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार है कि सत्ता पक्ष के सांसद खुद संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सरकार बेहद कमजोर है, जो संसद नहीं चला पा रही। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि युवाओं की जायज मांगों के लिए उन पर अत्याचार किया जा रहा है। लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री हर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### बुढ़मू में 110 शिक्षकों का वेतन वृद्धि कार्य सम्पन्न

**बुढ़मू** : पीएमश्री मध्य विद्यालय बुढ़मू परिसर में गुरुवार को बुढ़मू और खलारी प्रखंड के 110 शिक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि का कार्य संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रदीप कुमार भगत की देखरेख में पूरी की गई। इस दौरान अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शमीम अहमद तथा प्रखंड मैसेंजर सविंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे। शमीम अहमद ने बताया कि सरकार की निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में शिक्षकों के वेतन में वार्षिक वृद्धि की जाती है।

### बेड़ो मुक्तिधाम में जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**ग्रामीणों के सहयोग से मिलेंगी धूप-बारिश से बचाव जैसी मूलभूत सुविधाएं**



बेड़ो : वर्षों से सुविधाओं के अभाव में जूझ रहे बेड़ो मुक्तिधाम में ग्रामीणों के जन सहयोग से जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो गया है। इस पुनीत कार्य के तहत यहां अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के लिए धूप-बारिश से बचाव हेतु शवदाह शेड, लकड़ी की व्यवस्था, स्नानागार और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अब तक मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं नहीं था। हर मौसम में लोगों को भारी परेशानी होती थी। स्थानीय युवाओं की पहल और ग्रामीणों के सहयोग से सबसे पहले मोरम डाली जा रही है। वहीं ग्रामीणों ने जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने पर खुशी जताई है। इधर लोगों का कहना है कि अब अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को सम्मानजनक माहौल मिलेगा।

### सड़क जलमग्न, जिम्मेदार उदासीन जनता बेहाल

**बेड़ो से गुजरनेवाली रांची-गुमला मार्ग जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील**



**बेड़ो** : बेड़ो होकर गुजरने वाली रांची-गुमला मुख्य मार्ग वर्ष के कारण पूरी तरह जलमग्न हो गई है। सड़क पर जगह-जगह जलजमाव और गड्ढे होने से आम जनता को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। केशा मोड़ से बारीडीह गांव तक जर्जर सड़क में गहरे गड्ढे पानी से ढके हुए हैं। वाहन चालकों को अंदाजा नहीं लग पाता कि कहां कितना गहरा गड्ढा है। इसी कारण आए दिन दोपहिया-तीनपहिया वाहन फिसलकर गिर रहे हैं। वही यह मार्ग झारखंड की प्रसिद्ध बेड़ो सब्जी मंडी, कॉलेज, स्कूल, प्रखंड कार्यालय,थाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ता है। इसी रास्ते से किसान सब्जी लेकर मंडी आते हैं और स्कूली बच्चे, मरीज व सरकारी कर्मचारी भी गुजरते हैं। लेकिन जलजमाव के कारण सभी को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्काल सड़क से पानी निकासी और गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि रोज होने वाले हादसों पर रोक लग सके।

### जनहित के हर मुद्दे पर संवेदनशील हैं विधायक ममता देवी, जनता की सेवा ही हमारी प्राथमिकता : सुधीर मंगलेश



**दुलमी (रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड के ईचातू गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। वहीं एक ही ट्रांसफार्मर होने के कारण गांव में लगातार लो वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती थी। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी क्षेत्र की विधायक ममता देवी को दिए जाने के बाद उनके त्वरित पहल एवं प्रयास से गाँव के लिए दो नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए गए। ट्रांसफार्मर लगने से गाँव में नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई तथा लो वोल्टेज की समस्या से भी ग्रामीणों को राहत मिली। नवनिर्मित ट्रांसफार्मरों का विधिवत उद्घाटन दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष, रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर विधिवत किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुधीर मंगलेश ने कहा कि विधायक ममता देवी के निर्देशानुसार क्षेत्र की जनता की प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं हरसंभव समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसेवा ही हमारा संकल्प है और जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए हम सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक गाँव तक विकास की रौशनी पहुंचे और आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान सुधीर मंगलेश ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना तथा आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

**रांची में दो दिवसीय 'जलवायु अखड़ा' का भव्य समापन : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'भारत पंचामृत मिशन' और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर दिया जोर**

# विकास और पर्यावरण में संतुलन जरूरी : राज्यपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची स्थित ऐतिहासिक ऑड्रे हाउस में 'सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क' के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'जलवायु अखड़ा' का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा 'जस्ट ट्रांजिशन' (न्यायसंगत बदलाव) जैसे गंभीर विषयों पर गहन नीतिगत विचार-विमर्श किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के 'भारत पंचामृत मिशन' और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने



कहा कि विकसित भारत की संकल्पना तभी साकार होगी जब हमारा विकास समावेशी होगा। इस दो दिवसीय 'जलवायु अखड़ा' के मंथन से जो व्यावहारिक समाधान निकलकर आए हैं, उन्हें आगे बढ़ाने की सामूहिक जिम्मेदारी हम सबकी है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाने होंगे।

**प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए मिलकर काम करने की अपील : सरजू राय**

**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए विधायक सरजू राय ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन की स्थिति दिन-प्रतिदिन संवेदनशील होती जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्ध प्राकृतिक संपदा और धरोहरों को अक्षुण्ण रखने के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलकर नीतिगत प्रयास करने होंगे।

**जमीनी स्तर पर बदलाव की पहल : सारथी नेटवर्क**

**सारथी** नेटवर्क के मुन्ना झा ने संगठन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के 43 सामाजिक संगठनों का यह नेटवर्क जलवायु परिवर्तन और न्यायसंगत बदलाव के मुद्दों पर लगातार कार्यरत है। विशेषकर कोयला-प्रभावित क्षेत्रों में नीतिगत और व्यावहारिक सुधार लाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। समापन सत्र से पूर्व 'असर' संस्था की सीईओ विनुता गोपाल ने महामहिम राज्यपाल का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय के कर-कमलों द्वारा पर्यावरण व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नेटवर्क के 43 साथियों को सम्मानित भी किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में सारथी नेटवर्क के मुन्ना झा, कृष्णकांत, घनश्याम, सुरेश कुमार शक्ति, गौतम सागर, जॉन्सन टोप्पो, शंकर रवानी, हेमंत कुमार, शेखर, गुलाबचंद, शालिनी संवेदना, पारोमिता, प्रांजल, मीनाक्षी, अंकिता, रिचा चौधरी, मिथिलेश कुमार, संजीव भगत, सुभाष चंद्र बोस, ओमकार, लखी दास, मौसमी बाखला, नर्गिस और अजय कुमार सहित कई सदस्यों ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## जन शिकायत समाधान शिविर में छह आवेदन प्राप्त, चार का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिल्ली थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल छह आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने चार मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया, जबकि शेष दो मामलों की विस्तृत जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद सहित अन्य मामलों का समाधान कानून के दायरे में रहकर प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल निष्पादन संभव नहीं हो पाया है, उनकी निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराएं तथा अफवाहों से बचते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। शिविर में सिल्ली थाना के एसआई अमित कुमार उदय सिंह रामदेव यादव अरुण कुमार, राजस्व कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं आमजन उपस्थित रहे।

## भुरकुंडा में मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : रिवर साइड स्थित सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ को क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यालय परिसर में सर्वप्रथम भारत माता के जयकारे के बीच झंडोतोलन किया गया। इसके उपरांत सभागार में भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अवसर पर मुख्य रूप से सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक रंजन कुमार सिन्हा, एसओपी अजय सिंह, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, सौंदा 'डी' परियोजना पदाधिकारी अजय कुमार मेहता और सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री शशिभूषण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएल बरका सयाल के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र ओझा और संचालन क्षेत्रीय सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने किया। अवसर पर अतिथियों और संघ के वरीय पदाधिकारियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्र, उद्योग और मजदूरों के प्रति समर्पित संगठन है। संघ के कर्मठ श्रमिक देशहित और उद्योग की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। वहीं सीसीएल सीकेएस के महामंत्री शशिभूषण सिंह ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एकमात्र संगठन है। जिसका मूल मंत्र है ₹ देशहित में करेंगे काम, काम का लेंगे पूरा दाम₹। उन्होंने कहा कि 1955 ईस्वी में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना हुई और आज यह देश का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है। जो स्पष्ट करता है कि राष्ट्रहित, उद्योगहित और मजदूर हित में संगठन निरंतर प्रयासरत और अग्रणीय रहा है। मौके पर क्षेत्रीय संरक्षक शिव शंकर सिंह, बृजकिशोर पासवान, हरिनाथ सिंह, जयप्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद, श्रीकांत गुप्ता, सुखचैन सिंह, शशिकांत सिन्हा, पप्पू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सरोज कुमार राणा, भुरकुंडा शाखा सचिव अनिल पासवान, कन्हैया सिंह यादव, संतोष पांडेय, देवेंद्र शरण, सिराजुद्दीन अंसारी, जमुना नारायण मेहता, सुरेंद्र तिवारी, बृज किशोर राम, अफरोज अख्तर, प्रदीप कुमार, भवानी शंकर, सत्यनारायण प्रसाद, बीना देवी, रुखी देवी,जमुवंती देवी, संजय कुम्हार, शिवकुमार, विनोद साहू, देव कुमार, अर्जुन भर, मोहनलाल, सुनील पासवान, फारूक रजा, संतोष कुमार, मोहनलाल गोप सहित कई श्रमिक शामिल हुए।

### भाजपा कार्यकर्ता का निधन पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने दी श्रद्धांजलि

**खूंटी** : तिलमा पंचायत अंतर्गत गटीगड़ा गांव निवासी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बिरसा मुंडा का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बिरसा मुंडा के निधन पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें पार्टी का समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता बताया। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शांति प्रदान करें और शोक-संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।

**झारखंड राज्य किसान सभा की बैठक राहे में सम्पन्न**

## 10 अगस्त को देशव्यापी जेलभरो आन्दोलन का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : झारखंड राज्य किसान कौंसिल की बैठक असिम सरकार की अध्यक्षता में गुरुवार को महेशपुर, (राहे) में सम्पन्न हुई, बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अवधेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा किसान विरोधी भारत अमेरिका व्यापार समझौता सहित किसान मुद्दों पर 10 अगस्त को किसानो का देशव्यापी जेलभरो आन्दोलन एतिहासिक होगा। भारत - अमेरिका व्यापार समझौता,बिज और बिजली विधेयक,4 लेबर कोड सहित किसान विरोधी कानूनों को लागू करना आजाद भारत में मोदी सरकार का किसानों पर सबसे बड़ा हमला है। झारखंड का रिपोर्ट झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो ने किया। बैठक में 10 अगस्त की जेलभरो आन्दोलन की व्यापक



तैयारी करने,1 से 9 अगस्त तक पदयात्रा,जीप यत्था, साईकिल - मोटरसाइकिल जुलूस, घर- घर प्रचार अभियान चला कर 10 अगस्त के जेलभरो आन्दोलन को सफल बनाने,28,29 जुलाई से दिल्ली राष्ट्रीय कन्वेंशन में भाग लेने, 15 अगस्त को आजादी बचाओ दिवस,13 अगस्त को फिडेल कास्ट्रो जयंती मनाने 15 नवंबर को शहीद बिरसा मुंडा जयंती पर हर गांवों में झंडोत्तोलन कर सभा करने, सितंबर माह में किसान मुद्दों पर झारखंड के सभी प्रखंडों में किसान प्रदर्शन करने, 18 से 21 नवंबर को अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए 27 जुलाई को राज्य कन्वेंशन करने, यूरिया - डीएपी खाद में मनमानी मुल्य वृद्धि, घटिया धान बीज वितरण,जल, जंगल जमीन को कारपोरेट के हाथों सौंपने, हाथियों के आतंक, विस्थापन, पलायनम मुद्दों पर स्थानीय आन्दोलन तेज करने आदि निर्णय लिया गया।

## 200 केवीए की विद्युत ट्रांसफार्मर का हुआ विधिवत उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : प्रखण्ड के सिरका पंचायत अंतर्गत महेशपुर गांव में खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर स्वीकृत 200 केवीए की विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष एतवा उरांव, पंचायत अध्यक्ष समीम खान, महासचिव अनिता देवी एवं कांग्रेस नेत्री शाहनाज खातून ने संयुक्त रूप से किया। विधायक के कहने पर मात्र एक दिन में ट्रांसफार्मर के लिए विभागीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस विद्युत ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से महेशपुर ग्राम एवं आसपास के लोगों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीणों को विद्युतीकरण संबंधी समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में साकिर खान, रफीख खान एवं रुस्तम खान उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की अभियान निदेशक ने किया खिजरी का दौरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की अभियान निदेशक रंजीता हेम्ब्रोम और संयुक्त निदेशक शाशिन्द्र कुमार बड़ाईक ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड के खिजरी गांव का दौरा कर स्वच्छता एवं ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद कर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने में सभी की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। ग्राम पंचायत भवन, गुटझेरा में आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों ने ग्रामीणों को नियमित रूप से शौचालय उपयोग करने और पात्र परिवारों को स्वयं शौचालय निर्माण कर विभाग से 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की सफलता ग्रामीणों की सहभागिता और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अधिकारियों ने जल सहियाओं के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी ग्राम सभा (जीपीडीपी) में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एसएलडब्ल्यूएम से संबंधित योजनाओं को ग्राम विकास योजना में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और सुरक्षित एवं स्वच्छ आदतें अपनाने की अपील की गई। ग्रामीणों ने भी स्वच्छता और कचरा प्रबंधन से जुड़े अपने अनुभव एवं सुझाव अधिकारियों के साथ साझा किए। दौरे के बाद अभियान निदेशक और संयुक्त निदेशक ने उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश से मुलाकात कर जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों में तेजी लाने पर चर्चा की।

## नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का धरना केन्द्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : नीट पेपर लीक मामले में दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्र और कांग्रेस नेताओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से इस्तीफे की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का पेपर लीक होना लाखों छात्रों की मेहनत और भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों और विपक्षी नेताओं के साथ किया गया व्यवहार भी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। धरने के बाद रवि मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट परीक्षा की सीबीआई जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, प्रभावित छात्रों के लिए पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित कराने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग की गई।

## मांडू में डिग्री कॉलेज को मिली स्वीकृति पर विधायक को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मांडू** : मांडू चट्टी चौक में 23 जुलाई गुरुवार को मांडू विधानसभा मांडू विधायक तिवारी महतो को मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी मांडू चट्टी पंचायत के उप मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार गुप्ता विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल भुईयां के द्वारा पुष्पमाला अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया स्वागत समारोह के उपरांत तिवारी महतो ने उपस्थित कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता को जानकारी देते हुए बताया कि हमारा मेहनत और अथक प्रयास से मांडू विधानसभा में डिग्री कॉलेज की स्वीकृति मिली जो 40 करोड़ 14 लाख 96 हजार 500 की योजना है,इस डिग्री कॉलेज की स्थापना हुवी है। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र मांडू को शिक्षा का हब बनाना चाहते हैं। अभी तो सिर्फ डिग्री कॉलेज मिला है यहां पर इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज भी खोलना है। अभी तो विकास का शुरूआत हुआ है,आगे आगे देखिए अभी मैं मांडू में एक ऐतिहासिक कदम होगा,इस क्षेत्र के छात्र दूसरे जिला में डिग्री कॉलेज में डिग्री प्राप्त के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा। विधायक और कार्यकर्ता लोगों के घर घर में जाकर खुद मिठाइयां बांटी और इस खुशी के मौके पर जमकर आतिशबाजी किया गया। ऐसी उपलब्धि लाने पर जनता की ओर से शुक्रिया अदा किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि शिवम मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि रीमा कुमारी, नवरत्न कुमार, अजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, रामवृक्ष महतो, योगेश्वर महतो, निरंजन महतो, रोहित कुमार, मोहम्मद नईम खान, चुरामन गंजू, मुकेशकुमार, सुरेंद्र गुप्ता, राम विनेश कुमार, विशाल गुप्ता, युवा प्रभारी राजेश कुमार, विशाल कुमार, अनुज, देवानंद, निखिल, जीवन साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

### भरत नायक बने जेएलकेएम के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष

**खूंटी** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से गुरुवार को तोरपा में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष विवेक महतो ने की। इस दौरान भरत नायक को तोरपा प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि संगठन के विभिन्न पदों पर अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर ने कहा कि राज्य में छात्र हित और जनहित की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 26 वर्षों में व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण आज भी आम जनता कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

**वाईबीएन विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में अहम फैसलों पर मुहर**

## परीक्षा परिणाम, पीएचडी प्रवेश और शैक्षणिक एजेंडों को मिली सर्वसम्मति से मंजूरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : वाईबीएन विश्वविद्यालय में गुरुवार को वर्ष 2026 की तृतीय परीक्षा समिति (ईसीएम) की बैठक कुलपति प्रो. सत्यदेव पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा परिणामों की घोषणा, परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, पीएचडी उपाधि प्रदान करने, पीएचडी प्रवेश परीक्षा, परीक्षा समिति में नए सदस्यों के मनोनयन सहित कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। विचार-विमर्श के बाद सभी एजेंडों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान कर दी गई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. श्रवण कुमार सिंह,



कुलसचिव डॉ. दीप्ति भार्गव, उप परीक्षा नियंत्रक ई. मुक्ति सरकार सहित परीक्षा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति की अनुमति से उप परीक्षा नियंत्रक ई. मुक्ति सरकार ने बैठक के एजेंडे प्रस्तुत किए, जबकि परीक्षा नियंत्रक डॉ. श्रवण कुमार सिंह ने प्रत्येक विषय पर विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक सुझाव रखे। सदस्यों ने विभिन्न प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा के बाद उन्हें मंजूरी दी। बैठक के अंत में परीक्षा नियंत्रक ने सभी सदस्यों के सहयोग एवं महत्वपूर्ण सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया। समिति ने परीक्षा विभाग और शोध विभाग द्वारा समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुचारु परीक्षा संचालन तथा शोध कार्यों के सफल निष्पादन की सराहना की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुणवत्तापूर्ण परीक्षा व्यवस्था, पारदर्शिता और शोध गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

**जिला भू-अर्जन कार्यालय के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा**

# लम्बित भूमि अधिग्रहण मामलों का जल्द करें निष्पादन : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के तहत संचालित भूमि अधिग्रहण कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों एवं परियोजनाओं से जुड़े भूमि अधिग्रहण मामलों की परियोजनावार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान भारतमाला परियोजना के 4, रेलवे से संबंधित 7, पथ प्रमंडल के 9,



बरलंगा-कसमार सड़क परियोजना, रजरप्पा सड़क परियोजना, एनएच-33, टाटा स्टील तथा साज से संबंधित 3 मामलों सहित विभिन्न भूमि अधिग्रहण मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रत्येक परियोजना के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति, लंबित मामलों, मुआवजा भुगतान की स्थिति एवं कार्य में आ रही बाधाओं की बिंदुवार जानकारी ली। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन रैयतों के मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लंबित है, उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र रैयतों को नियमानुसार शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान से संबंधित लंबित मामलों के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से रैयतों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन एवं अन्य औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से रैयतों के साथ बेहतर संवाद स्थापित होगा, जिससे परियोजनाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण बनेगा तथा कार्यों में तेजी आएगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## नेमरा में दीवारों पर उकेरी जा रही सांस्कृतिक और जनजागरण की तस्वीरें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अन्तर्गत नेमरा गांव में इन दिनों दीवारों पर बनाई जा रही आकर्षक पेंटिंग और जनजागरूकता संदेश लोगों का ध्यान बरबस अपनी ओर खींच रहा हैं। चर्चा है कि 04 अगस्त को पद्मभूषण से सम्मानित दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री के अपने पैतृक आवास पहुंचने की संभावना को देखते हुए गाँव को सांस्कृतिक और सामाजिक संदेशों से सजाया जा रहा है। एक पेंटिंग में पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा, मांदर और नगाड़े की थाप पर लोकनृत्य करते कलाकारों के साथ जोहार नेमरा अंकित है। यह चित्र झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, अतिथि सत्कार, सामुदायिक एकता और अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व का संदेश देता है। वहीं दूसरी दीवार पर लिखा स्लोगन आज से यह नियम बनाओ, सुबह-शाम पानी बचाओ जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दे रहा है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि इन चित्रों और नारों के माध्यम से नेमरा को स्वच्छ, सांस्कृतिक और जागरूक गाँव के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसी कलात्मक पहल न केवल गांव की सुंदरता बढ़ाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति भी प्रेरित करती है।

## एक झलक

### जेपीएससी परीक्षाओं की हो निष्पक्ष जांच



**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और एक विवादित/ब्लैकलिस्टेड एजेंसी की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मांग की गई है कि उक्त एजेंसी द्वारा संचालित सभी परीक्षाओं, विशेषकर JET, की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक JET परीक्षा रद्द की जाए। आशंका जताई गई है कि पारदर्शिता के अभाव में योग्य अभ्यर्थियों के हित प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही, वर्ष 2017 से विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत नीड–बेस्ड सहायक प्राध्यापकों के स्थायीकरण की मांग भी उठाई गई है। बताया गया कि ये शिक्षक NET/JET/Ph.D. जैसी आवश्यक योग्यताओं के साथ लगभग नौ वर्षों से उच्च शिक्षा में सेवाएं दे रहे हैं। राज्य सरकार से आग्रह है कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कराए तथा शिक्षा व्यवस्था की निरंतरता और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अनुभवी नीड–बेस्ड सहायक प्राध्यापकों के नियमितीकरण पर सकारात्मक निर्णय ले।

### झारखंड की जनता ने आज देखा कि भाजपा की पूरी जमात गुंडो और मवालियों से भरी हुई है : सोनाल शांति




**रांची** : शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भाजपा के गुंडो द्वारा पत्थर डंडों और शीशे की बोतलों से हमला किया गया। आज पूरे झारखंड में आवाज गूंजी नरेंद्र मोदी कायर हैं आज के जनरल डायर हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड की जनता ने आज देखा कि भाजपा की पूरी जमात गुंडो और मवालियों से भरी हुई है। जिस तरह से कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पत्थरबाजियां की गई वह देखने से ही लग रहा था कि भाजपा की ओर से पेशेवर अपराधियों ने पत्थर बाजी की है। भाजपा कार्यालय में पत्थरों और शीशे की बोतलों का जमावड़ा लगाया गया था ताकि राजधानी में एक अफरा तफरी का माहौल बन सके और इस विरोध को दूसरा रंग दिया जा सके। उन्होंने कहा की छात्रों की जायज मांगों के हक में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा द्वारा उकसाया गया। दंगे फसाद कराना लड़ाइयां कराना, समाज को बांटने का षड्यंत्र रचना भाजपा के कोर एजेंडे में शामिल रहा है।

### अपराध अनुसंधान विभाग कर्मचारी गृह निर्माण समिति ने बेची जमीन

**हजारीबाग की सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ एकरारनामा**

**रांची** : अपराध अनुसंधान विभाग कर्मचारी गृह निर्माण स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड ने समिति से जुड़े भूमि को समिति की ओर से ओरमांझी थाना क्षेत्र में लगभग 31 एकड़ 3.4 डिसमिल भूमि की खरीदारी की गई है। आमसभा में बहुमत से लिए गए निर्णय के अनुसार इस भूमि को हजारीबाग की सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ एकरारनामा कर बेचने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी की ओर से पहली किस्त का पैसा समिति के खाते में जमा कर दिया गया है। जिसके बाद अब तक 108 सदस्यों को उनकी मूल जमा राशि लौटाई जा चुकी है और भुगतान प्रक्रिया जारी है। वहीं, समिति ने आरोप लगाया कि कुछ लोग समिति के सदस्यों को बरगलाकर कार्य में बाधा डाल रहे हैं। इससे भुगतान प्रक्रिया में परेशानी हो रही है। इस संबंध में ओरमांझी थाना और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी सूचित किया गया है। यह जानकारी सीआईडी कर्मचारी गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष भैया प्रदीप कुमार सिन्हा ने दी।

---

उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, चिकित्सा सुविधाओं को लगातार मजबूत करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

# ऑर्थोपेडिक वार्ड, ओपीडी व अन्य प्रमुख वार्डों का लिया जायजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल रांची में चिकित्सा सुविधाओं को लगातार मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रहा है। इसी कड़ी में आज जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीटी स्कैन, पैथोलॉजी, एमआरआई, शिशु वार्ड, ऑर्थोपेडिक वार्ड, ओपीडी तथा अन्य प्रमुख वार्डों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं – दवा उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति, साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा एवं बुनियादी ढांचे–का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

- उपायुक्त ने सदर अस्पताल में ईलाज करा रहे मरीजों और उनके परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात की तथा अस्पताल की सेवाओं के बारे में उनकी राय जानी
- मरीज के परिजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, सदर अस्पताल में ईलाज बहुत अच्छा हो रहा है, सदर अस्पताल में सारी सुविधाएं एक बड़े निजी अस्पताल जैसी मिल रही हैं, दवाइयां भी समय पर उपलब्ध हो रही हैं



**मरीजों एवं परिजनों से सीधी बातचीत**


**उपायुक्त** मंजूनाथ भजन्त्री ने सदर अस्पताल में ईलाज करा रहे मरीजों और उनके परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात की तथा अस्पताल की सेवाओं के बारे में उनकी राय जानी। लगभग सभी मरीजों और परिजनों ने सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि यहां डॉक्टर अच्छे हैं, इलाज बेहतरीन है और निजी अस्पतालों की तुलना में बहुत कम खर्च में उत्तम सुविधाएं उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एक बुजुर्ग महिला के पास रुके, जिन्हें गले की समस्या थी। उन्होंने महिला का हालचाल पूछा और तत्काल संबंधित चिकित्सक को निर्देश दिया कि उनका ईलाज बेहतरीन तरीके से सुनिश्चित किया जाए। ऑर्थोपेडिक वार्ड में कक्षा 4 के एक बच्चे को देखकर उपायुक्त रुक गए। उन्होंने बच्चे से बात की एवं उसके परिजनों से ईलाज की जानकारी ली। परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यहां ईलाज बहुत अच्छा हो रहा है। सदर अस्पताल में सारी सुविधाएं एक बड़े निजी अस्पताल जैसी मिल रही हैं। दवाइयां भी समय पर उपलब्ध हो रही हैं।

**सदर अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान एक दिलचस्प और चिंताजनक दृश्य देखने को मिला**

**उपायुक्त** रांची के सदर अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान एक दिलचस्प और चिंताजनक दृश्य उन्होंने देखा एक 1-2 वर्ष के मासूम बच्चा अपने हाथों में मोबाइल फोन लेकर खेलते और चलाते देखकर उपायुक्त रुक गए। बच्चे की मां से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने गंभीरता से कहा, छोटे बच्चों को मोबाइल फोन देने से बचें। उन्होंने मां को छोटे बच्चों पर मोबाइल के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उपायुक्त ने बताया कि कम उम्र में स्क्रीन टाइम बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है। आंखों की रोशनी, नींद के पैटर्न और एकाग्रता पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की माता-पिता को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहिए, न कि उन्हें मोबाइल सौंप देना चाहिए। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा की मोबाइल बच्चों का खिलौना नहीं है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा स्क्रीन की बजाय प्रकृति, किताबों और माता-पिता के प्यार के साथ बड़े हो। उपायुक्त पूरे निरीक्षण के दौरान अत्यंत संवेदनशीलता के साथ हर मरीज और उनके परिजनों से मिले और उनकी समस्याओं को सुनने का प्रयास किया।

---

## बेल्जियम से झारखंड दौरा पर आये विद्यार्थियों ने स्पीकर से की शिष्टाचार भेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत बेल्जियम से झारखंड दौरा पर आए विद्यार्थियों ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) से शिष्टाचार भेंट की और अपने झारखंड दौरे का अनुभव साझा किया। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने विद्यार्थियों को झारखंड विधानसभा की ओर से प्रकाशित पुस्तक 'सदन संवाद' को स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट की। विद्यार्थियों ने झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, सामाजिक विविधता, परंपराओं और स्थानीय जीवनशैली को जानने-समझने के अपने अनुभवों को स्पीकर के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि झारखंड का सांस्कृतिक वैभव, प्राकृतिक सौंदर्य एवं यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। वहीं स्पीकर ने बेल्जियम से आए विद्यार्थियों का झारखंड विधानसभा में स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि विभिन्न देशों के बीच आपसी समझ, मैत्री संबंध और ज्ञान के विस्तार को भी नये आयाम देते हैं।

## झारखंड के सभी स्थानों पर 26 से 29 जुलाई तक बारिश होने की सम्भावना

**रांची** : राजधानी रांची सहित झारखंड के सभी स्थानों में 26 से 29 जुलाई तक बारिश होने की प्रबल संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण आने वाले दिनों में राज्य में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 जुलाई तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के गुड़ाबांधा में 57.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान दुमका में 32.6 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## मंत्री इरफान ने गोल इंस्टीच्यूट के नीट में सफल छात्रों को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गोल इंस्टीट्यूट की ओर से गुरूवार को रांची में नीट में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इंस्टी्च्यूट से नीट परीक्षा 2026 में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है, लेकिन उनका मन उन लाखों छात्रों के दर्द से भी व्यथित है। जिनके सपनों पर पेपर लीक की घटनाओं ने चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि 28 वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा में गोल इंस्टीट्यूट के18,000 विद्यार्थी नीट परीक्षा में सफल होकर आज भारत और विदेशों में चिकित्सक के रूप में मानवता की सेवा कर रहे हैं। यह किसी भी संस्थान के लिए असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के नीट परिणामों में गोल इंस्टीट्यूट का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। मंत्री ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी सफलता से वंचित रह गए। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रभावी पहल करे, ताकि मेहनत करने वाले किसी भी विद्यार्थी का भविष्य बर्बाद न हो। अंसारी ने कहा कि वे छात्रों और अभिभावकों की इस पीड़ा को पूरी गंभीरता से समझते हैं। युवाओं के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध हो सके।



## 27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव का हुआ समापन, चार बेस्ट स्टॉल को किया गया पुरस्कृत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वधान में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित 27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव का आज समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनामिका सिह रांची दूरदर्शन ने महिला समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं व्यवसाय के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सशक्त, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाता है साथ ही उनकी प्रतिभा, क्षमता, सेवा एवं जुनून को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। यह मेला लघु उद्योग कुटीर उद्योग एवं छोटे स्तर पर अपने घरों से काम करने वाली महिलाओं को एक ही छत के नीचे पारिवारिक माहौल में बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। समापन के अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज चौधरी मंत्री निर्मल बुधिया एवं अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल अलका सरावगी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य अधिकारियों को मिला मातृ स्वास्थ्य प्रबंधन का प्रशिक्षण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मैटरनल हेल्थ सेल की ओर से राजधानी में गुरूवार को हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, समय पर उपचार और प्रभावी प्रबंधन पर राज्य स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के सभी 24 जिलों से 66 स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण 13 से 15 जुलाई 2026 और दूसरा चरण 21 से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित हुआ। इस अवसर पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशिप्रकाश झा, डायरेक्टर इन चीफ डॉ सिद्धार्थ सान्याल, मैटरनल हेल्थ सेल की स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ पुष्पा और आईईसी के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ राहुल किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मौके पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशिप्रकाश झा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी अब अपने-अपने जिलों में मास्टर ट्रेनर के रूप में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे राज्यभर में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## श्री श्री 1008 यज्ञ बाबा आश्रम में गुप्त नवरात्रि की नवमी पर रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मोराबादी स्थित श्री श्री 1008 यज्ञ बाबा आश्रम दुर्गा मंदिर में गुप्त नवरात्रि की पावन नवमी तिथि के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों का समापन विधिवत पूजा-अर्चना, श्री रामचरितमानस पाठ की पूणार्हुति, भव्य महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गुंजायमान रहा। आश्रम के महंत बाबा भरत दास जी महाराज के सानिध्य एवं मुख्य पुजारी विकास पांडे (विकास बाबा) के नेतृत्व में सभी वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। नवमी के शुभ अवसर पर मां भगवती का दिव्य एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल में 11वीं-12वीं के लिए करियर काउंसलिंग सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, रांची में वरिष्ठ माध्यमिक (कक्षा I एवं II) के विद्यार्थियों के लिए 'उच्च शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन दिवस' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, नवीन करियर विकल्पों तथा बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना था। यह विशेष करियर काउंसलिंग सत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) की भावना के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह तथा एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के रीजनल मैनेजर अजय सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप करियर चयन करने के लिए प्रेरित किया तथा बदलते समय में उभरते हुए नए विषयों, बहुविषयक शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, डिजाइन, स्वास्थ्य विज्ञान, उद्यमिता एवं अन्य भविष्य उन्मुख करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध अवसरों, रोजगारोन्मुख कौशल, साक्षात्कार की तैयारी, स्टेटमेंट ऑफ पर्पज (SOP), छात्रवृत्ति योजनाओं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत उपलब्ध नई संभावनाओं से भी परिचित कराया। विशेषज्ञों ने अनेक प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति सजग एवं आत्मविश्वासी बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान एलायंस यूनिवर्सिटी, कलिंगा यूनिवर्सिटी, अपोलो नॉलेज यूनिवर्सिटी, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (रफ्ट क्रळ) तथा सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने सूचना काउंटर लगाए, जहाँ विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं करियर संभावनाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## लोकतंत्र लोक लाज से चलता है, कांग्रेस ने लोक लाज छोड़ दिया है : भाजपा



**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोक लाजन से चलता है। कांग्रेस ने लोक लाज छोड़ दिया है। इनके दो चेहरे है। दिल्ली में कुछ करते है और झारखंड में कुछ। झारखंड में बीते 6 वर्ष में जीसेससी, जे पी एस सी, सी जे एल, उत्पाद सिपाही में जब भी परीक्षा हुआ उसका प्रश्न पत्र पहले लीक हुआ है। विगत 6 वर्ष में कांग्रेस की मदद से युवाओं का रोजगार छिनने का काम किया है। परीक्षा में हुई अनिमियता की जांच होना चाहिए। लेकिन कांग्रेस मौन है।ुस्त्रू के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन किया। भाजपा की मांग है कि jpsc के अध्यक्ष पर जांच हो एफआईआर दर्ज हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी ताकत के साथ हाथ मिला कर राष्ट्र को कमजोर करने का काम करती है। नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष के कार्यकाल से कांग्रेस खुश नही है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जेवीएम श्यामली के नीट–2026 के सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के श्यामली शाखा द्वारा जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम), श्यामली के प्रांगण में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 के सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित और सम्मानित करना था। समारोह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय एश्योरेंस प्रमुख नीरज कुमार कंधवे, श्यामली कॉलोनी शाखा प्रबंधक सुश्री एशलीन कौर, बीआरएम रॉबिन इग्नेशियस लकड़ा के साथ बैंक के अन्य अधिकारी तथा जेवीएम श्यामली विद्यालय से प्राचार्य बी. एन. झा, उप-प्राचार्य अनुपमा श्रीवास्तव, शिक्षकगण और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बैंक के अधिकारियों और विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नीट-2026 के सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय एश्योरेंस प्रमुख ने जेवीएम श्यामली विद्यालय को उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र बताते हुए, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया परिवार की ओर से होनहार विद्यार्थियों को बधाई एवं अनंत शुभकामनायें प्रदान की जिन्होंने अथक परिश्रम से सफलता पाई और साथ ही विद्यालय के भावी विद्यार्थियों को भी भविष्य में कामयाबी हासिल करने की प्रेरणा दी।



---

वीवीपी स्कूल, रांची में डालसा का विधिक जागरूकता कार्यक्रम, युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने का आह्वान

# नशीली पदार्थों का तस्करी करना अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, माननीय सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव (ईंचार्ज) की उपस्थिति में डालसा, रांची ने सीआईडी, रांची के सहयोग से वीवीपी स्कूल बोड़ेया रोड कांके, रांची में छात्र-छात्राओं के लिए डॉन अभियान के तहत नशा मुक्ति पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, लाईफ सेवर्स



एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा, सीआईडी के शैलेन्द्र कुमार, नवीन राय, रिजवान अंसारी, पीएलवी प्रदीप नाग, संध्या विश्वास, संगीता देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने एनडीपीएस एक्ट के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी तथा इससे संबंधित कठोर कानून के बारे में विस्तार से बतलाया। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रुपए के जुमार्ने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। श्री सिन्हा ने नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 पर फोकस किया। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा ने कहा कि नशा साईलेन्ट टेररिज्म की तरह है, जो हमारे देश को खोखला कर रहा है। नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिये जा रहे लालच में न आये। झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है। नशे की दवाओं का उत्पादन और वितरण इस समस्या की जड़ तक पहुंचता है। अधिकांश तस्करी के गिरोह संसाधनों की कमी के कारण पकड़े नहीं जाते। गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए मानस हेल्पलाइन (टोल फ्री नं. 1933) स्थापित की है। सी.आई.डी के नवीन कुमार ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बतालाया। कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है। पुनर्वास केंद्रों की अधिक जनसंख्या उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

## रांची रेलवे स्टेशन, सदर अस्पताल व प्रेमाश्रय स्थित लिगल–एड–क्लिनिक का औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव ईचार्ज की मौजुदगी में रांची रेलवे स्टेषन, सदर अस्पताल, रांची एवं प्रेमाश्रय रांची में स्थित लिगल-एड-क्लिनिकों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरिक्षण के दौरान डालसा टीम द्वारा उक्त सभी लिगल-एड-क्लिनिक में कार्यरत पीएलवी से कहा गया कि लिगल-एड-क्लिनिक में बैनर पोस्टर लगाये तथा पम्पलेट एवं लिफलेट रखें। निरीक्षण टीम के द्वारा कहा गया कि अपने लिगल-एड-क्लिनिक में बैनर लगाये तथा आने-जाने वाले लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारें में जानकारी दें। निरीक्षण टीम द्वारा नालसा व झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी देने को भी कहा गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक सौरभ पाण्डे, वीरेन्द्र प्रताप एवं संबंधित लिगल-एड-क्लिनिक के पीएलवी उपस्थित थे।

## एक झलक

### ट्रैक्टर का इंजन पलटने से चालक की मौत

**बरही :** थाना क्षेत्र के धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर का इंजन पलटने से चालक की मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया डीह गांव के सच्चिदानंद के 35 वर्षीय पुत्र देवलाल कुशवाहा अपने खेत में ट्रैक्टर से जोत रहे थे इसी दौरान ट्रैक्टर खेत में फंस गया।फसे हुए ट्रैक्टर को निकालने के दौरान ट्रैक्टर का इंजन पलट गया जिसके कारण वह गंभीर रूप घायल हो गया। ग्रामीणों एवं परिजनों के सहयोग से उसे इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया जा रहा है परन्तु दो दिन से पंचमाधव से बरही तक सड़क की जर्जर हालत के कारण जाम लगा हुआ था जिसके कारण गंभीर रूप घायल ट्रैक्टर चालक को किसी तरह इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।चालक की मौत की खबर से परिजन सहित गांव में कोहराम मच गया। मृतक घर का एक कमाऊ सदस्य था वह जीवोकोपार्जन के लिए छः महीने पहले ही ट्रैक्टर खरीदा था।वह अपने पिछे पत्नी माता पिता सहित तीन बच्चों को छोड़कर चले जाने से परिवार दुखों का मानो पहाड़ टूट गया।वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जीटी रोड निर्माण कार्य कर रही कंपनी के लापरवाही के कारण सड़क के स्थिति काफी जर्जर हो गया जिसके कारण गंभीर रूप से युवक को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने से उसकी मौत हुई है।

### सांप डंसने से 35 वर्षीय महिला की मौत

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र में बरसात के दिनों में सांप के डंसने की घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है। गुरुवार की अहले सुबह ग्राम परबता बरकट्ठा निवासी ईशा देवी 35 वर्ष पति तिलकधारी भुइयां को घर के बाहर एक जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों ने बताया कि ईशा देवी गुरुवार की सुबह तीन बजे के करीब घर के बाहर पेशाब करने के लिए निकलीं थी, इसी बीच उसे एहसास हुआ कि किसी कीड़े ने काट लिया है। जिसके बाद वह अपने बिस्तर पर जाकर सो गई, जहां उसे चक्कर और मुंह से झाग आने लगा। जिसे देख परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी हो कि प्रखंड क्षेत्र में पिछले 10-15 दिनों के अंदर अब तक लगभग दर्जनों लोगों को सांप डस चुका है। जिसमें ईशा देवी को बचाया नहीं जा सका है।

### केन्द्रीय विद्यालय नामांकन फॉर्म भरने की तिथि अब 27 जुलाई तक

**बरकट्ठा :** केंद्रीय विद्यालय बरकट्ठा में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 27 जुलाई कर दी गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार यादव ने बताया कि इच्छुक अभिभावक अब प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नामांकन फॉर्म जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बालवाटिका-1, बालवाटिका-2, बालवाटिका-3 तथा कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। विद्यालय का अस्थायी संचालन उत्क्रमित कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, बेलकप्पी परिसर से किया जाएगा। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जिन बच्चों का अब तक नामांकन नहीं हो पाया है, वे 27 जुलाई से पहले आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय पहुंचकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, इसलिए अभिभावक अंतिम समय की प्रतीक्षा न करें।

### शहर के सरकारी बस स्टैंड का महापौर व नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

# सरकारी बस स्टैंड का होगा कायाकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** शहर के सरकारी बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में नगर निगम ने पहल तेज कर दी है। गुरुवार को महापौर अरविंद कुमार राणा और नगर आयुक्त ने सरकारी बस स्टैंड का निरीक्षण कर परिसर की व्यवस्था, साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं और खाली पड़ी भूमि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड के समग्र विकास की विस्तृत योजना पर चर्चा हुई। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि सरकारी बस स्टैंड शहर की पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। यहां प्रतिदिन हजारों यात्री आते-जाते हैं, इसलिए यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड के विकास के लिए किए गए पत्राचार को स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। नगर आयुक्त और महापौर अरविन्द कुमार राणा ने निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में नियमित साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा तथा खाली पड़ी जमीन पर योजनाबद्ध तरीके से दुकानों के निर्माण पर सहमति बनी। प्रस्तावित दुकानों के निर्माण से यात्रियों को आवश्यक वस्तुएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी, वहीं नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजना का विस्तृत खाका तैयार कर आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएं, ताकि कार्य शीघ्र शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधासंपन्न बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। हजारीबाग नगर निगम का लक्ष्य सरकारी बस स्टैंड को एक मॉडल परिवहन केंद्र विकसित करना है, जहां यात्रियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलें और शहर की छवि भी मजबूत हो। स्थानीय लोगों ने भी नगर निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए जल्द विकास कार्य शुरू होने की उम्मीद जतायी।

## 'नन्हा सा दिल अभियान' के तहत बरही में 5,208 बच्चों की हुई हृदय जांच, 32 बच्चे संदिग्ध मिले



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरही :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), सीसीएल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'नन्हा सा दिल अभियान' के तहत बरही प्रखंड में जन्मजात हृदय रोग की पहचान के लिए विशेष स्क्रीनिंग अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 11 जुलाई से 22 जुलाई तक चले इस अभियान के दौरान विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कुल 5,208 बच्चों की हृदय जांच की गई, जिसमें 32 बच्चे संदिग्ध पाए गए। वहीं, अभियान के अंतिम दिन बुधवार को आयोजित विशेष स्क्रीनिंग शिविर में 581 बच्चों की जांच की गई, जिसमें 3 बच्चे संदिग्ध मिले। इन बच्चों को आगे ईको जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के लिए चिन्हित किया गया है, ताकि समय रहते उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। स्क्रीनिंग अभियान का संचालन प्रतिमा, अंजू, निरंजन त्रिपाठी एवं लक्ष्मी की टीम ने किया। टीम ने जांच के साथ-साथ अभिभावकों को जन्मजात हृदय रोग के शुरूआती लक्षण, समय पर पहचान तथा उपचार के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उनका निःशुल्क एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है, जिससे गंभीर जटिलताओं से बचाव हो सके।

### दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सिन्दरी में विरोध मार्च

## केन्द्रीय शिक्षा मंत्री व गृह मंत्री का पुतला दहन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**सिन्दरी(धनबाद) :** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस लाठीचार्ज और देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आए पेपर लीक मामलों के विरोध में बुधवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सिंदरी में विशाल विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। विरोध मार्च की शुरूआत नेहरू मैदान से हुई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मार्च नेहरू मैदान से होते हुए भुजा चौक पहुंचा, जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इसके बाद आयोजित नुक्कड़ सभा को सीपीएम के जिला सचिव विकास ठाकुर, सीपीएम लोकल समिति सचिव गौतम प्रसाद, कांग्रेस अध्यक्ष राज बिहारी यादव, माले नगर सचिव राजीव मुखर्जी, विमल रवानी तथा सुरेश राउत सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में 152 पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित पुलिस अत्याचार की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।

## तौकीर रजा ने सुफियान मुदस्सिर को धमना मोड़ पर किया सम्मानित

**बरही :** आज के समय में एक ओर जहां 17-18 वर्ष की उम्र के कई युवा नशे जैसी बुरी आदतों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे भी युवा हैं जो अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से समाज के लिए मिसाल बन रहे हैं। ऐसे ही होनहार छात्र हैं सुफियान मुदस्सिर, जिन्होंने मात्र 18 वर्ष की उम्र में नीट (NEET) परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपने परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुफियान, कैसर आलम साहब के पुत्र हैं, जो उर्दू मध्य विद्यालय, केसठ में प्रधानाध्यापक (हेडमास्टर) के रूप में कार्यरत हैं। सुफियान की यह सफलता केवल एक परीक्षा पास करने की उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो अपने जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो कम उम्र में भी बड़ी से बड़ी मंज़िल हासिल की जा सकती है। आज के युवाओं को सुफियान मुदस्सिर से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने यह संदेश दिया है कि नशे और गलत रास्तों से दूर रहकर शिक्षा, मेहनत और अच्छे संस्कारों के बल पर अपने माता-पिता, समाज और देश का गौरव बढ़ाया जा सकता है। हम सुफियान मुदस्सिर को उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं। हम कामना करते हैं कि वे आगे चलकर एक सफल डॉक्टर बनें और समाज की सेवा करते हुए नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहें।

## वन भूमि से 60 टन अवैध कोयला जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही :** हजारीबाग जोराकाठ, सेहदा और चपरी स्थित वन विभाग की भूमि से अवैध कोयला उत्खनन का खेल लगातार जारी है। गुरुवार तड़के करीब चार बजे अवैध रूप से लदा लगभग 60 टन कोयला लेकर जा रहा 22 चक्का ट्रेलर चरही रेलवे साइडिंग के समीप फंस गया। सुबह होते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर सीसीएल चरही क्षेत्र की सुरक्षा टीम और चरही पुलिस मौके पर पहुंची तथा संयुक्त रूप से जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन मालिक भी अब तक सामने नहीं आया है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। वहीं, जब्त किए गए कोयले को रेलवे साइडिंग में सुरक्षित रखने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस वाहन और कोयले के वास्तविक मालिक का पता लगाने में जुटी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जोराकाठ, सेहदा और चपरी की वन भूमि में पिछले कई महीनों से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन का कारोबार बेखौफ जारी है। रात के अंधेरे में कोयला निकालकर भारी वाहनों के माध्यम से विभिन्न स्थानों तक पहुंचाया जाता है। इसके बावजूद वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कोयला माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित विभाग समय रहते सख्ती बरतता तो वन क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता था। लगातार हो रहे अवैध खनन से सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही वन भूमि का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और पर्यावरण पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। पेड़-पौधों और प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचने से क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। इस घटना ने एक बार फिर वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि जब भारी मात्रा में कोयला लदा 22 चक्का ट्रेलर वन क्षेत्र से निकल सकता है, तो यह बिना किसी स्थानीय संरक्षण के संभव नहीं है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में केवल वाहन जब्त करने तक सीमित रहते हैं या अवैध खनन के पूरे नेटवर्क का पदार्फाश कर इसके पीछे शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करते हैं।

## दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो ने फूंका केन्द्र सरकार का पुतला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** देश की राजधानी दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर छात्रों एवं नवजवानों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (ठएएळ-2026), सीबीएसई मूल्यांकन में कथित गड़बड़ियों तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) हजारीबाग जिला समिति द्वारा जिला परिषद चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। झामुमो जिला कार्यालय से जुलूस की शक्ल मे झामुमो के कार्यकर्ता जिला परिषद चौक पहुँचकर पुतला दहन किया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए आंदोलन पर हुए पुलिस बल प्रयोग की कड़ी निंदा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं छात्र-नौजवान उपस्थित रहे। मौके पर झामुमो के जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को सुनने के बजाय उन पर लाठीचार्ज करना केंद्र सरकार की असहिष्णु और छात्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि NEET एवं अन्य परीक्षाओं को लेकर देशभर के विद्यार्थियों में असंतोष है, लेकिन सरकार समस्याओं का समाधान करने के बजाय आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है।

### भाजपा की प्रमंडलीय प्रवासी कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

## बूथ संगठन को मजबूत करने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी की हजारीबाग प्रमंडल स्तरीय प्रवासी कार्यकर्ता बैठक हजारीबाग स्थित पैराडाइज रिसॉर्ट में आयोजित हुई। बैठक में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वहीं भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं हजारीबाग प्रमंडल प्रभारी मनोज कुमार सिंह तथा प्रदेश मंत्री डॉ. अमरदीप यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा एवं कोडरमा जिलों के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुई। हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने किया। यह बैठक पूरी तरह संगठनात्मक विषयों पर केंद्रित रही। बैठक में बूथ समितियों के सशक्तीकरण, पंचायत एवं शक्ति केंद्रों के सत्यापन और पुनर्गठन के साथ-साथ आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। मुख्य वक्ता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बूथ का कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मजबूती बूथ स्तर के कार्यकताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन विस्तार, बूथ समितियों के गठन और जनसंपर्क अभियान में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री एवं प्रमंडल प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता बीएलओ को पूरा सहयोग दें।

## कटकमसांडी में बीडीओ पूजा कुमारी ने छात्र-छात्राओं को सौंपी साइकिल की चाबी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कटकमसांडी(हजारीबाग) :** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड में बच्चों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक बेहद सराहनीय पहल देखने को मिली। प्रखंड परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान कटकमसांडी की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पूजा कुमारी ने विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं। इस दौरान बीडीओ पूजा कुमारी खुद बच्चों के बीच मौजूद रहीं और उन्होंने अपने हाथों से एक-एक कर सभी छात्र-छात्राओं को साइकिल सौंपी, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और नया उत्साह साफ छलक रहा था। यह साइकिल वितरण महज एक सरकारी योजना का हिस्सा नहीं, बल्कि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले बच्चों की राह को आसान बनाने का एक मजबूत जरिया है। अक्सर देखा जाता है कि घर से स्कूल की दूरी अधिक होने और यातायात के उचित साधन न मिलने के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह पहल उनके हौसलों को नई उड़ान देगी और वे बिना किसी रुकावट के समय पर स्कूल पहुंचकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए बीडीओ पूजा कुमारी ने कहा कि ये साइकिलें सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि उनकी आत्मनिर्भरता और प्रगति का प्रतीक हैं।

### सार्वजनिक दुर्गा मण्डा निर्माण को लेकर महिलाओं के साथ बैठक

## कमिटी गठित, ललिता अध्यक्ष व करुणा बनी सचिव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**इचाक :** प्रखंड के महावीर स्थान मंगुरा में छह गांवो के सौजन्य से बन रहे माता रानी का भव्य एवं विराट मन्दिर की गति को लेकर मोक्तमा शिव मंदिर प्रांगण में एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मधु देवी जबकि संचालन केंद्रीय समिति के सचिव महेश कुमार मेहता ने किया। मन्दिर समिति के मोक्तमा अध्यक्ष बदरी मेहता, बलदेव महतो ने भी अपने अपने विचारों को रखा। मंदिर निर्माण में धीमी पड़ी गति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंगुरा, करियातपुर, मोक्तमा, जमुआरी, निचली जमुआरी, फुरुका और कनौदी में की गई संकल्प राशि को संग्रह करने पर जोर दिया गया। मोक्तमा गांव में राशि संग्रह को लेकर महिला समिति का गठन किया गया। जिसमे पांच जून को मंदिर में हुई वृहद बैठक में गठन समिति को बरकरार रखा गया। जिसमे अध्यक्ष ललिता देवी, उपाध्यक्ष रंजू देवी और मधु देवी, सचिव करुणा मेहता सह सचिव अनिता देवी, कोषाध्यक्ष बिलवा देवी और सह कोषाध्यक्ष आशा देवी को बनाया गया है। इसके अलावा चमेली देवी, सुनीता देवी, साबित देवी, नीतू मेहता, फुलेश्वरी देवी, रेखा देवी, दीपू देवी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, कल्पना देवी, रिंकी देवी, कांति देवी, अंशु देवी, मंजू देवू, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, अनिता देवी, ललिता देवी, कविता देवी, मनवा देवी, फुलवा देवी, उषा देवी, किरण देवी अनिता देवी, रिंकू देवी, सुचित्रा देवी, प्रियंका देवी, गायत्री देवी और प्रतिमा देवी को सक्रिय सदस्य बनाया गया है।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास, न्यायालय ने लगाया जुर्माना

**धनबाद :** माननीय व्यवहार न्यायालय ने कतरास थाना कांड संख्या 345/23 में सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त धर्मेंद्र साव को दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिया। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 15 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। वहीं धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दो वर्ष के कारावास और 5 हजार रुपये जुमार्ने का भी आदेश दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त के खिलाफ आरोपों को सिद्ध माना। मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक इंद्रजीत राणा थे, जबकि न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक (एपीपी) अवधेश पासवान ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय के इस फैसले को महिला सुरक्षा और गंभीर अपराधों के मामलों में न्यायिक सख्ती के रूप में देखा जा रहा है।

### वर्षों से बदहाल चलकरी-अटका सड़क, पैदल चलना भी दुश्वार; ग्रामीण बोले

## अब वादे नहीं, सड़क चाहिए



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के खरना पंचायत अंतर्गत चलकरी से अटका जाने वाली मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि इस पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों का परिचालन तो मुश्किल है ही, पैदल चलना भी लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है। सड़क की बदहाली के कारण क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को प्रतिदिन आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय और अटका बाजार को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इसके बावजूद लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। बरसात के दिनों में सड़क पर बने गड्ढों और जलजमाव के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से सड़क के जीर्णोद्धार की मांग उठाई जा रही है, लेकिन अब तक न तो जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस पहल की और न ही संबंधित विभाग ने इस दिशा में गंभीरता दिखाई। उनका आरोप है कि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही सड़क जैसी मूलभूत समस्याएं उपेक्षा का शिकार हो जाती हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क दुरुस्त होने से लोगों को प्रखंड मुख्यालय, अटका बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

### नीट पेपर लीक को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन

# राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से दिया गया ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नीट पेपर लीक को लेकर लोकतंत्र बचाओ छात्र न्याय आंदोलन कार्यक्रम का आंदोल आयोजन कर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया । आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की । मुख्य तीन मांगो पहला केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दे । दुसरा परिक्षा में हुई अनियमितताओं एवं उन व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा, जिन्होंने लाखों छात्रों के भविष्य संकट मे डाल दिया है तथा तीसरा नई दिल्ली में हुए संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर एवं आपराधिक मामलों को तत्काल वापस लिया जाए को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम ज्ञापन दिए गए । कार्यक्रम कांग्रेसी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परिक्षा में बार-बार पेपर लीक होना इस बात का सबूत है कि केन्द्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर नही है । लाखों छात्र मेहनत करके परिक्षा देते हैं और कुछ लोगों की लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य दांव पर लग जाता है । उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को खदेड़-खदेड़ कर मरा गया और यहां तक प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को पुलिस प्रशासन के द्वारा जमीन पर घसीटा गया जिसकी मैं घोर निन्दा करता हूं । प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार ने कहा कि नीट पेपर लीक के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर अविलम्ब इस्तीफा दे देना चाहिए । कार्यक्रम का संचालन महासचिव रघु जायसवाल जबकी धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने किया । मौके पर सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह प्रदेश कॉडीनेटर शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश सचिव रेणू कुशवाहा, पूर्व प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार यादव वरीय उपाध्यक्ष शारदा रंजन दुबे जिला मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान प्रदेश पैनलिस्ट सजीद अली खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता, विरेन्द्र कुमार सिंह, रजी अहमद, निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, सुखदेव प्रसाद यादव, राम सेवक सोनी, लखराज सिंह, बाबर अंसारी महासचिव दिलीप कुमार रवि, जावेद धीरज सिंह, ज्ञानी प्रसाद मेहता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रंजीत यादव, सुनिल साहू, मतीन अंसारी, विकास साहु, अभिजीत सिंह, अभय नाथ पाण्डेय, नवीन सिंह, बब्लू सिंह, मिथिलेश कुमार मेहता, आलोक कुमार सिंह के अतिरिक्त सैकड़ो छात्र छात्रओं ने धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम भाग लिया।

## बरही में महाजाम, 10 किलोमीटर तक लगी वाहनों की लम्बी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरही :** खराब सड़क और बारिश के पानी से भर जाने के कारण कारण रसोइया धमना मोड़ से लेकर गड़लाही मोड़ तक करीब 10 किलोमीटर भीषण लम्बा जाम लग लग रहा है साथ ही बरही के चारों मुख्य मार्गो से भी यह जाम सुबह से बना हुआ है। कई लोग सड़क पर फंसे हुए है, एक तरफ भारी मालवाहक ट्रकों की लाइन है, तो दूसरी और छोटे वाहन, बाइक और ऑटो भी जाम में फंसे नजर आ रहे है। बरही में महाजाम : 10 किलोमीटर तक लगी वाहनों की लंबी कतारसुबह - सुबह घर से निकलने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। बस, ऑटो और निजी वाहनों में सवार लोग घंटों से सड़क पर फंसे हुए है। कई यात्री पैदल ही आगे बढ़ने को मजबूर है। जाम के कारण कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, व्यापारियों और मरीजों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस महाजाम का सबसे ज्यादा असर स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्रों पर पड़ा है। जाम में फंसे छात्राओं ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि रोज की कहानी बन चुकी है।

## एक झलक

### लावारिस घायल पशुओं के लिए समर्पण की आवाज

**धनबाद** : कोयलांचल क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले तथा लावारिस घूम रहे मूक पशुओं की लगातार उपेक्षा को लेकर सामाजिक संस्था समर्पण जीवन आश्रय ने गंभीर चिंता जताई है। संस्था ने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से घायल एवं बेसहारा पशुओं के लिए प्रभावी बचाव और उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। संस्था द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सड़क हादसों में घायल होने वाली गायों और कुत्तों को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती। कई बार ये पशु घंटों नहीं, बल्कि कई-कई दिनों तक सड़क किनारे दर्द से तड़पते रहते हैं, जिससे उनकी स्थिति और गंभीर हो जाती है। संस्था ने हाल ही की एक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि एक घायल गाय लगभग पांच दिनों तक सड़क किनारे पड़ी रही। स्थानीय लोगों ने कई बार 1962 पशु एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी, लेकिन समय पर कोई सहायता नहीं पहुंची। संबंधित अधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया गया, बावजूद इसके संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई।

### ओबी की आग से सब्जी विक्रेता झुलसा, बाइक जली

**बाघमारा (धनबाद)** : कैलूडीह स्थित जीटीएस डेको आउटसोर्सिंग कंपनी की कथित लापरवाही से बुधवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। पवगढ़ी बाजार के सब्जी विक्रेता मो. छोटू उस समय गंभीर रूप से झुलस गए, जब उनकी मोटरसाइकिल आगरडीह जाने वाले मार्ग पर कंपनी द्वारा डाले गए ओबी (ओवरबर्डन) के ढेर पर चढ़ते ही आग की चपेट में आ गई। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उनके साथ बैठा छोटा बेटा बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 7:30 बजे मो. छोटू सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा डाले गए ओबी के भीतर आग सुलग रही थी, जिसकी कोई चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था मौके पर नहीं थी। जैसे ही मोटरसाइकिल ओबी पर चढ़ी, उसमें अचानक आग लग गई। किसी तरह स्थानीय लोगों की मदद से पिता-पुत्र ने अपनी जान बचाई, लेकिन मो. छोटू के दोनों पैर गंभीर रूप से झुलस गए।

### छह वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत

**बाघमारा** : नई दिल्ली कॉलोनी स्थित पोखरिया में गुरुवार को नहाने के दौरान छह वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान नई दिल्ली कॉलोनी निवासी संजय धनी की पुत्री पूजा कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पूजा अन्य बच्चों के साथ पोखरिया में नहाने गई थी। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर तत्काल उसकी तलाश शुरू की।

### प्रिंस खान गिरोह की बड़ी साजिश नाकाम, जमीन कारोबारी व होटल व्यवसायी की हत्या की थी तैयारी

# बम व अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद पुलिस ने कुख्यात प्रिंस खान गिरोह की एक बड़ी आपराधिक साजिश को समय रहते विफल करते हुए गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को जिंदा बम, अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपी स्थानीय जमीन कारोबारी और एक होटल व्यवसायी की हत्या की योजना बनाकर बीआईटी पॉलिटेक्निक के समीप जंगल में जुटे थे। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। इस संबंध में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय




कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक (नगर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि 23 जुलाई को वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रिंस खान गिरोह के सदस्य गुलाम गौस उर्फ छोटू कुरैशी और शोएब कुरैशी हथियारों के साथ बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के भूली ओपी अंतर्गत बीआईटी पॉलिटेक्निक के पास जंगल में किसी बड़ी वारदात की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर विशेष छापामारी दल का गठन कर इलाके की घेराबंदी की गई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गुलाम गौस के पास से दो जिंदा बम, एक अवैध देसी पिस्तौल, जिस पर मेड इन इटली अंकित है, तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। वहीं शोएब कुरैशी के पास से रंकिंग केजीएफ अंकित एक अवैध पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस मिले। सभी कारतूस 7.65 बोर के हैं। पूछताछ में दोनों ने खुद को प्रिंस खान गिरोह का सक्रिय सदस्य स्वीकार किया। गुलाम गौस ने बताया कि वह व्हाट्सएप के माध्यम से प्रिंस खान और गोपी खान के संपर्क में था तथा उनके निर्देश पर हत्या की साजिश रची जा रही थी। पुलिस जब्त मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच कर गिरोह के अन्य सदस्यों, हथियार आपूर्तिकर्ताओं और पूरे आपराधिक नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। मामले में बैंकमोड़ थाना (भूली ओपी) कांड संख्या-116/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता, आयुध अधिनियम एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापामारी दल में भूली ओपी प्रभारी विश्वजीत ठाकुर, अवर निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अरुण कुमार, मनोज कुमार ओझा, आरक्षी संतु मांझी, हवलदार डेगलाल महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## पेपर लीक और छात्र आन्दोलन के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं तथा दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने रणधीर प्रसाद वर्मा चौक पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बहाल करने, छात्रों को न्याय दिलाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। बाद में उपायुक्त आदित्य रंजन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी शकील अख्तर ने कहा कि लगातार पेपर लीक और भर्ती में देरी से करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे



छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बार-बार पेपर लीक, लंबित भर्तियों और बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं का विश्वास तोड़ा है। उन्होंने छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, प्रदेश समन्वयक मदन महतो, प्रदेश सचिव मनोज यादव तथा पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने भी केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की जवाबदेही तय करने, पेपर लीक के दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्तियों के लिए समयबद्ध वार्षिक कैलेंडर लागू करने की मांग की।

## विधायक रागिनी सिंह के प्रयास से जेलगोरा गेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार शुरू, निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : वर्षों से जर्जर पड़े जेलगोरा गेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। झरिया विधानसभा क्षेत्र के इस प्रमुख सामुदायिक भवन की बदहाल स्थिति के कारण स्थानीय लोगों को लंबे समय से शादी-विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों की लगातार मांग और झरिया विधायक रागिनी सिंह की पहल के बाद भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने भवन के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराया है। गुरुवार को विधायक रागिनी सिंह ने निमार्णाधीन गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अब तक हुए कार्य पर संतोष जताते हुए बीसीसीएल अधिकारियों को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने और भवन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि जेलगोरा गेस्ट हाउस का निर्माण इस प्रकार किया जाए ताकि कम खर्च में क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक परिसर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक गेस्ट हाउस नहीं, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए इसकी गुणवत्ता और उपयोगिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने बीसीसीएल अधिकारियों के साथ क्षेत्र की अन्य जनसुविधाओं और विकास योजनाओं पर भी चर्चा की तथा पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सभी कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

## अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बनेगा श्री श्याम गंगा मंदिर, आज होगा भूमि पूजन

**बाघमारा (धनबाद)** : कतरास-करकेंद स्थित श्री गंगा गौशाला परिसर में शुक्रवार, 24 जुलाई को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का भव्य संगम देखने को मिलेगा। गौशाला परिसर में प्रस्तावित श्री श्याम गंगा मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजनोत्सव तथा श्री हनुमान मंदिर के पुनरुद्धार कार्यक्रम का आयोजन पूज्य श्री संतोष भाईजी के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। इस संबंध में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई। गंगा गौशाला के अध्यक्ष अनीष डोकानिया ने बताया कि गौमाता की कृपा और श्रद्धालुओं के सहयोग से बनने वाला यह मंदिर अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर निर्मित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के शिल्पकार पद्मश्री चंद्रकांत बलवंतराय सोमपुरा होंगे, जिन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंदिर के निर्माण में लोहे अथवा अन्य धातु का उपयोग नहीं किया जाएगा, बल्कि संपूर्ण निर्माण राजस्थान के प्रसिद्ध बंशी पत्थर से किया जाएगा, जिससे इसकी भव्यता और दीघार्यु सुनिश्चित होगी। श्री श्याम गंगा सेवा समिति एवं श्री गंगा गौशाला ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों के बाद शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें कोयलांचल के प्रसिद्ध भजन गायक पंकज शर्मा तथा कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक निहाल ठाकराण अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। प्रेस वार्ता में अनीष डोकानिया, महेश अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ. बी.एन. चौधरी, राजेश सिद्धूल, सुमित खंडेलवाल, प्रदीप सोनी, राजेश केडिया, आकाश खंडेलवाल, गोविंद खंडेलवाल, उदय वर्मा, कृष्ण कन्हैया राय, विष्णु चौरसिया, सरोज विश्वकर्मा, पंकज सिन्हा, सुनील डगाईज, दीपक अग्रवाल, पंकज भुवालका, अशोक शर्मा, संजय लोयलका, आजाद कृष्णा, महेंद्र चौधरी, कैलाश कुरुवाल, विनोद शर्मा, दीपक बरेलिया, शुभम राजगढ़िया, शीतल शर्मा, नरेश अग्रवाल, घनश्याम खंडेलवाल, रामचंद्र रावत एवं राजेश सिंघल सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## टैंक में जहरीली गैस से दो मजदूरों की मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : बाघमारा थाना क्षेत्र के सदरियाडीह गांव में गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक हादसे में सेफ्टी टैंक के भीतर जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। मृतकों की पहचान अंधारी निवासी दिलीप महतो और सदरियाडीह निवासी राजेश महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सहदेव महतो के घर लगभग एक माह पूर्व बने करीब 10 फीट गहरे सेफ्टी टैंक की सेंटरिंग खोलने के लिए मिस्त्री दिलीप महतो और हेल्पर राजेश महतो टैंक के भीतर उतरे थे। जैसे ही दोनों नीचे पहुंचे, टैंक में जमा जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। ऊपर मौजूद लोगों को जब काफी देर तक कोई आवाज नहीं मिली तो अफरा-तफरी मच गई। इस बीच राजेश महतो के भाई किशन महतो ने अपनी



जान जोखिम में डालकर टैंक में छलांग लगा दी। ग्रामीणों की मदद से उसने दोनों मजदूरों को बाहर निकाला, लेकिन इस दौरान उसकी भी सांसें फूलने लगीं। समय रहते उसे बाहर निकाल लिया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य हुई। दोनों मजदूरों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाघमारा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर दम घुटने से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीत कुमार एवं अंचल अधिकारी गिरिजानंद किस्कू अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। सीओ ने बताया कि टैंक में किस प्रकार की जहरीली गैस थी, इसकी जांच के लिए बीसीसीएल प्रबंधन तथा उसके सुरक्षा एवं बचाव विभाग से सहयोग मांगा गया है।

## नीट घोटाले और छात्रों पर अत्याचार के जिम्मेदार शिक्षा मंत्री, इस्तीफा दें : अनुपमा सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की वर्किंग प्रेसिडेंट सह कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और देशभर में छात्रों के आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा से जुड़े विवाद और छात्रों के साथ हो रहे व्यवहार ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अनुपमा सिंह ने कहा कि देश का युवा अपने भविष्य और न्यायपूर्ण परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार उनकी बात सुनने के बजाय दमनात्मक रवैया अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग कर उनकी लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि नीट परीक्षा में सामने आए कथित घोटालों और पेपर लीक की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।



साथ ही परीक्षा प्रणाली में व्यापक और पारदर्शी सुधार किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लेने तथा पुलिस कार्रवाई की स्वतंत्र जांच कराने की भी मांग की। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं और छात्रों पर हुए अत्याचार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के छात्रों और युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है तथा उनके अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई हर स्तर पर लड़ती रहेगी।

## आजाद का बलिदान हर पीढ़ी की प्रेरणा : राज सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : अमर शहीद एवं महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर गुरुवार को धनबाद के पॉलिटेक्निक मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने माल्यार्पण कर



भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने आजाद के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस, स्वाभिमान और त्याग का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर यह संदेश दिया कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उनका बलिदान आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं को देशसेवा, आत्मसम्मान और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को चंद्रशेखर आजाद के विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उनके संघर्ष, त्याग और देशप्रेम की भावना आने वाली हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

## वर्षों से फरार तीन हत्या आरोपियों के घर इश्तहार चस्पा

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : सुमीत कुमार उर्फ सुमीत पासी हत्याकांड में वर्षों से फरार चल रहे तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ जोड़ापोखर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार तामिला की कार्रवाई की। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ आरोपियों के घर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में इश्तिहार चस्पा किया और शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस के अनुसार, फुसबंगला भागा रेलवे क्रॉसिंग निवासी गुड़िया भारती के बयान पर जोड़ापोखर थाना कांड संख्या 182/2020 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अभियुक्तों ने साजिश के तहत उनके पुत्र सुमीत कुमार उर्फ सुमीत पासी को घर से बुलाकर बरारी 06 नंबर हवा घर के समीप ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद से मामले के तीन आरोपी लगातार फरार हैं। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) धनबाद की अदालत से जारी इश्तिहार के अनुपालन में पुलिस पदाधिकारी अनूप कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जिन आरोपियों के घर इश्तिहार चस्पा किया गया उनमें गुड्डु उर्फ अरुण कुमार सतनामी (बरारी मोड़), संतोष कुमार उर्फ भगत उर्फ संतोष सतनामी (बरारी मोड़, जेलगोड़ा) तथा सागर पासी उर्फ आर्यन कुमार (फुसबंगला भागा रेलवे क्रॉसिंग के पास) शामिल हैं। मामले में नामजद एक अन्य आरोपी बॉबी राज उर्फ बॉबी सिंह, डिगवाडीह नंबर-10 का निवासी है। पुलिस ने मोहल्ले के लोगों को न्यायालय के आदेश की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि फरार आरोपी शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध अगली कानूनी कार्रवाई के तहत संपत्ति की कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत, पटरी पर शव मिलने से कुछ देर रुकी राजधानी एक्सप्रेस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : धनबाद-गया मुख्य रेल मार्ग पर गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना कतरास गौशाला पुल के समीप डाउन रेल लाइन पर पोल संख्या 284/16 और 284/18 के बीच हुई। हादसे के बाद शव रेल पटरी के बीचों-बीच पड़े रहने के कारण कुछ देर के लिए रेल परिचालन प्रभावित हुआ और राजधानी एक्सप्रेस को निचितपुर हाल्ट के पास रोकना पड़ा। सूचना मिलते ही कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे के पीडब्ल्यूआई से घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। वहां देखा गया कि मृतक का शव पटरी के बीच पड़ा था और उसका



सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। पुलिस ने तत्काल शव को पटरी से हटवाकर किनारे कराया, जिसके बाद रेल परिचालन सामान्य हो सका और ट्रेनों का आवागमन फिर से शुरू कराया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि व्यक्ति की मौत दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। घटना के समय मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। घटनास्थल से लाल रंग का गमछा, मैरून रंग की शॉल तथा बैंगनी रंग की चप्पल बरामद हुई है।

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने समाजसेवी शंकर रवानी को किया सम्मानित

## बाल सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए मिला सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कोयलांचल के प्रख्यात समाजसेवी, बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट, धनबाद के संस्थापक शंकर रवानी को बाल सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान बुधवार को रांची स्थित अड्डे हाउस में आयोजित जलवायु अखाड़ा कार्यक्रम के दौरान अंगवस्त्र और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर दिया गया। कार्यक्रम में विधायक सरयू राय सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस



दौरान जलवायु परिवर्तन, बाल अधिकारों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज में जनजागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। शंकर रवानी पिछले कई वर्षों से बाल अधिकारों की रक्षा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाना धनबाद और पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। सम्मान मिलने पर किसान विकास ट्रस्ट के मगधेश कुमार, नेहा सहाय, शिक्षा समाधान ट्रस्ट के दामोदर साव, बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के पप्पू पंडित, रहीम सेवा संस्था के कश्यप अंसारी तथा झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष पूनम वर्मा, सचिव हलीमा आजाद, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, समन्वयक सीता कुमारी सहित नईमुद्दीन अंसारी, दीपा रवानी, पूजा कुमारी, गुंजन बानो, पूजा महतो और अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे समाजसेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

## सिन्दरी में डीजीएम की नियुक्ति और आवास उपलब्ध कराने से एफसीआई का इंकार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर भारतीय उर्वरक निगम (एफसीआई) प्रबंधन ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए सिंदरी में डीजीएम स्तर के अधिकारी की नियुक्ति तथा अनधिकृत कब्जाधारियों को आवास उपलब्ध कराने की मांग को अस्वीकार कर दिया है। एफसीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कार्यालय ने कहा है कि वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था पर्याप्त है और अलग से डीजीएम स्तर के अधिकारी की तैनाती की आवश्यकता नहीं है। मोर्चा ने 29 जून को एफसीआई के सीएमडी के. सेन शर्मा को मांग-पत्र सौंपकर सिंदरी की आवासीय, प्रशासनिक एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की थी। इसके जवाब में सीएमडी कार्यालय ने बताया कि सिंदरी में एफसीआई के लगभग 3,500 आवासों पर अनधिकृत कब्जा है और अपनी सरकारी संपत्तियों को कब्जामुक्त कराना निगम का वैधानिक अधिकार है। प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि अनधिकृत कब्जाधारियों के पुनर्वास अथवा उन्हें वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराना एफसीआई की जिम्मेदारी नहीं है। यदि पीपी कोर्ट के बेदखली आदेश से किसी पक्ष को आपत्ति है तो वह सक्षम न्यायालय में इसे चुनौती दे सकता है। वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी की कथित अर्जित संपत्ति की जांच की मांग पर भी एफसीआई ने कहा कि ऐसी शिकायतों के निस्तारण के लिए पहले से निर्धारित संस्थागत व्यवस्था मौजूद है।

## जनसुनवाई शिविर में फूटा लोगों का गुस्सा लम्बित शिकायतों पर नगर आयुक्त से मांगा जवाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : धनबाद नगर निगम के कतरास अंचल कार्यालय, गुहीबांध में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई शिविर में लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया। महीनों से लंबित शिकायतों के समाधान नहीं होने पर नागरिकों ने नगर आयुक्त आशीष गंगवार



से जवाबदेही की मांग की। लोगों ने आरोप लगाया कि पहले दिए गए आवेदनों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई और जनसुनवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। कतरास निवासी नवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र पिछले सात महीनों से लंबित है। कई बार नगर निगम कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। वहीं वार्ड संख्या-1 के सिंह बस्ती में बन रही नाली की गुणवत्ता को लेकर भी लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। इस पर नगर आयुक्त ने निर्माण सामग्री के नमूने बीआईटी सिंदरी की प्रयोगशाला भेजकर जांच कराने तथा रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का निर्देश दिया। वार्ड-1 की पार्षद डॉ. मधुमाला ने कहा कि नाली निर्माण में अनियमितता की शिकायतों को नगर निगम बोर्ड की अगली बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा। कतरास हटिया क्षेत्र में अतिक्रमण, जलजमाव और जाम नालियों की समस्या भी लोगों ने रखी, जिस पर नगर आयुक्त ने अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रखने और नागरिकों से नालियों में कचरा नहीं फेंकने की अपील की। शिविर के दौरान सफाई कर्मियों को जूते, रेनकोट, हेलमेट, दस्ताने सहित सुरक्षा सामग्री वितरित की गई तथा कई आवेदकों को मौके पर ही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, नगर प्रबंधक साबिर आलम, रेवेन्यू इंस्पेक्टर सचिन कुमार, बड़ा बाबू राकेश कुमार सिन्हा, वार्ड-3 पार्षद प्रतिनिधि विनायक गुप्ता, पार्षद मो. शहाबुद्दीन, पार्षद छोटू सिंह, पार्षद निरुपमा देवी, पार्षद डॉ. मधुमाला, भाजपा कतरास मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा, महेश पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# कार्यप्रणाली सुधारें, नहीं तो बदली जायेगी पूरी टीम : डीडीसी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर धनबाद के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने जिला एवं सभी प्रखंड समन्वयकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली सुधारने का अंतिम अवसर दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि अगले 10 दिनों में कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखी तो वर्तमान टीम को हटाकर नई टीम की नियुक्ति की जाएगी। गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान डीडीसी ने पंचायतों में सेग्रीगेशन शेड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने बताया कि प्रखंड समन्वयकों ने इस संबंध में उनसे कोई समन्वय नहीं किया है। इस पर डीडीसी ने नाराजगी जताते हुए जिला एवं प्रखंड समन्वयकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, सैनिटरी पार्क, सांसद आदर्श ग्राम योजना, पीएम जनमन, ओडीएफ प्लस, मॉडल कम्युनिटी सैनिटरी कॉम्प्लेक्स, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

### धनबाद अंचल कार्यालय को जनसुविधाओं के अनुरूप विकसित करने के निर्देश, डीडीसी ने किया निरीक्षण



**धनबाद** : उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने गुरुवार को धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर को सुरक्षित, व्यवस्थित और अधिक जनउपयोगी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जर्जर चहारदीवारी की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। डीडीसी ने कहा कि अंचल कार्यालय परिसर में उपलब्ध खाली भूमि का बेहतर उपयोग किया जाए। उन्होंने रोजगार के अवसरों के सृजन को ध्यान में रखते हुए परिसर में दुकानों के निर्माण की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि इससे न केवल सरकारी परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में स्थित अत्यंत जर्जर भवनों का भी अवलोकन किया गया। भवनों की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए डीडीसी ने उनके पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए नई योजनाओं के तहत विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

### निर्माण कार्यों में देरी पर डीडीसी सख्त, सदर अस्पताल परिसर का किया निरीक्षण



**धनबाद** : सदर अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों में विलंब पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर संवेदक को फटकार लगाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं संवेदक को नियमित निगरानी कर निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने सदर अस्पताल और सिविल सर्जन कार्यालय की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालय और अस्पताल परिसर को सुव्यवस्थित रखने तथा आम लोगों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) को नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित सफाई कराने तथा परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और मरीजों के अनुकूल बनाए रखने का निर्देश दिया।

## नीट-2026 में 627 अंक लानेवाली सिन्दरी की बेटी स्नेहल झा सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : नीट-2026 परीक्षा में 627 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाली सिंदरी की होनहार छात्रा स्नेहल झा को स्थानीय विधायक चंद्रदेव महतो ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने स्नेहल को बधाई देते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि सिंदरी ही नहीं, पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने स्नेहल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर योगदान देने का विश्वास जताया। स्नेहल झा सिंदरी निवासी अरविंद झा एवं पूजा झा की पुत्री हैं।



उनका परिवार फोर-42 आवास में रहता है। सम्मान समारोह के दौरान माले सचिव राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, राजू पांडेय और रोहित महतो उपस्थित रहे। वहीं स्नेहल के नाना मुंशी झा, अरुण कुमार झा, विजय चौधरी, नीलम ठाकुर तथा विभाष ठाकुर भी समारोह में शामिल हुए। सभी ने स्नेहल की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सम्पादकीय.....

# किराये की कोख की दुकानों पर अंकुश

**केन्द्र** सरकार 'किराये की कोख' यानी सरोगेसी मदर की क्लीनिक के नाम पर खुली मनमानी दुकानों पर अंकुश लगने जा रही है। अब कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में खुल रही नई दुकानें खोलने पर सख्ती बरती जाएगी। सरोगेसी केंद्रों और इनमें होने वाले फजीर्वाड़े को रोकने के लिए सरकार ने इसमें पंजीयन और संचालन के नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत इन केंद्रों को अब उपग्रहों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। अब केवल राष्ट्रीय पोर्टल और ऑनलाइन आवेदन ही होंगे। इस पर निगरानी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से होगी। कागजी आवेदन व दस्तावेजीकरण की सुविधा पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। ये क्लीनिक अन्य दूसरे क्लीनिक को चिकित्सा सुविधा नहीं दे सकेगा। केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि नए नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। दरअसल, किराए की कोख का व्यवसायीकरण हो रहा है। यह इस तथ्य से पता चला कि कुछ ही सालों के भीतर देश में 35 से 50 प्रतिशत केंद्रों की संख्या बढ़ गई। इसी अनुपात में देश-विदेश में ठगी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। हैदराबाद में ऐसा गिरोह पकड़ा गया, जो 2 से 4 लाख में कोख किराए पर लेकर 30 लाख रुपए तक में बेच देते थे। यहां तक कि विदेशों से भी शुक्राणु दानदाता लाए गए। यानी देश के बाहर भी बच्चे बेचे गए। हालांकि 2025 में सरकार ने शुक्राणु दाता नियमों में बदलाव किया था लेकिन कारोबारियों ने इन नियमों की अनदेखी की। नाबालिग और अविवाहित लड़कियों की कोख का भी अवैध इस्तेमाल किया गया। भारत में कोख किराए से लेने का खर्च 10 से 25 लाख है, जबकि विदेशों में 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपए तक है। इसलिए सरोगेसी क्लीनिकों में किराए की कोख अवैध कारोबार का बड़ा धंधा बनती जा रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु में सरोगेसी के अनेक ठगी के मामले सामने आए हैं। इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव करना पड़ा। इसके पहले 2025 में लिव इन और समलैंगिक युगलों को किराए की कोख के जरिए माता-पिता बनने का अधिकार देने से साफ मना कर दिया था। अब ऑनलाइन जानकारी होने से निगरानी तंत्र के पास सरोगेसी क्लीनिक संचालन व नवीनीकरण संबंधी जानकारी हर वक्त सामने होगी। इससे अनियमितता को आसानी से चिन्हित कर लिया जाएगा। क्लीनिक के पास क्या वैध दस्तावेज हैं, इसकी भी पुख्ता जानकारी मिलती रहेगी। कोई भी कमी पाए जाने पर संस्था को प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इन केंद्रों के कर्मचारियों और बच्चों के जन्म की जानकारी भी मिलती रहेगी। सरकार इन नियमों को एक साथ लागू करने की बजाय चरणबद्ध अमल में लाएगी। वर्तमान कानून के अनुसार किसी अन्य महिला की कोख के प्रयोग की अनुमति तब मिलती है, जब कानून के अनुसार विवाहित जोड़ा षारीरिक रूप से अक्षम हो या फिर गर्भधारण करने में पत्नी की जान को खतरा हो। अर्थात इस हालात में वैवाहिक जोड़ा सरोगेसी मदर का साहरा ले सकता है। कानून के अनुसार यह भी बाध्यकारी शर्त है कि किराए की कोख देने वाली महिला विवाहित होनी चाहिए और कम-से-कम उसका एक बच्चा भी हो। साथ ही पति की आयु 26 से 55 वर्ष और पत्नी की आयु 23 से पचास वर्ष के बीच होना आवश्यक है। किराए की कोख के कानून में परिवर्तन इसके बढ़ते अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने की दृष्टि से किया गया है। अब केवल निःसंतान दंपति जो बच्चे पैदा करने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वे अपने किसी करीबी रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। इस सुविधा को कानूनी भाषा में ह्यअल्ट्रस्टिक सर्जरी सरोगेसीह्य कहा जाता है। भारत दुनिया के दंपतियों के लिए किराए की कोख का बड़ा व्यावसायिक नाभिकेंद्र बनता जा रहा है, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में तब्दील होती जा रही है। सूचना तकनीक के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का धंधा भी शामिल है।

## ● किसने क्या कहा



सरकार वार्ता को तैयार, आंदोलनकारी छात्र आवास या कार्यालय पर आयें

जगत प्रकाश नड्डा
केन्द्रीय मंत्री

प्रधानमंत्री पेपर लीक की जिम्मेदारी लें

प्रियंका गांधी
कांग्रेस महासचिव



# बिहार में यूरिया व डीएपी की स्थिति : चुनौती, कारण और समाधान

विशेष | डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

> **बिहार** अपनी अधिकांश आवश्यकता अन्य राज्यों के उर्वरक संयंत्रों से प्राप्त करता है। इन उर्वरकों की आपूर्ति रेलवे रैक, सड़क परिवहन और गोदामों के माध्यम से होती है। यदि रेलवे रैक समय पर उपलब्ध नहीं होते या परिवहन व्यवस्था बाधित होती है तो जिलों तक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। कई बार गोदामों से खुदरा विक्रेताओं तक वितरण में भी विलंब होता है, जिससे कृत्रिम संकट की स्थिति बन जाती है। उर्वरक संकट का एक अन्य कारण असंतुलित उपयोग भी है। अनेक किसान वैज्ञानिक सलाह के बजाय केवल यूरिया पर अधिक निर्भर रहते हैं। इससे यूरिया की मांग अचानक बढ़ जाती है, जबकि फसल को संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। कृषि वैज्ञानिक लगातार सलाह देते रहे हैं कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित उपयोग ही अधिक उत्पादन और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय है।

**बिहार** देश के प्रमुख कृषि प्रधान राज्यों में से एक है, जहां राज्य की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। धान, मक्का, गन्ना, गेहूं, दलहन, तिलहन तथा सब्जियों की खेती यहां की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इन फसलों की अच्छी पैदावार के लिए समय पर और संतुलित मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) किसानों की सबसे अधिक उपयोग में आने वाली खाद हैं। हर वर्ष खरीफ और रबी सीजन के दौरान इनकी मांग कई गुना बढ़ जाती है। यदि समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होते तो बुवाई, पौधों की वृद्धि और अंततः उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान खरीफ मौसम में बिहार के कई जिलों से यूरिया और डीएपी की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। अनेक स्थानों पर किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने, कृत्रिम कमी पैदा करने और कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आई हैं। इससे किसानों की आर्थिक परेशानी बढ़ी है और खेती की लागत में भी वृद्धि हुई है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है क्योंकि उनके पास अतिरिक्त संसाधन नहीं होते। विशेषज्ञों के अनुसार बिहार में उर्वरकों की कमी का सबसे बड़ा कारण यह है कि राज्य में यूरिया और डीएपी का पर्याप्त उत्पादन नहीं होता। बिहार अपनी अधिकांश आवश्यकता अन्य राज्यों के उर्वरक संयंत्रों से प्राप्त करता है। इन उर्वरकों की आपूर्ति रेलवे रैक, सड़क परिवहन और गोदामों के माध्यम से होती है। यदि रेलवे रैक समय पर उपलब्ध नहीं होते या परिवहन व्यवस्था बाधित होती है तो जिलों तक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। कई बार गोदामों से खुदरा विक्रेताओं तक वितरण में भी विलंब होता है, जिससे कृत्रिम संकट की स्थिति बन जाती है। उर्वरक संकट का एक अन्य कारण असंतुलित उपयोग भी है। अनेक किसान वैज्ञानिक सलाह के बजाय केवल यूरिया पर अधिक निर्भर रहते हैं। इससे यूरिया की मांग अचानक बढ़ जाती है, जबकि फसल को संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। कृषि वैज्ञानिक लगातार सलाह देते रहे हैं कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित उपयोग ही अधिक उत्पादन और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। केवल यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और दीर्घकाल में उत्पादन क्षमता भी घट सकती है। केंद्र और राज्य सरकार समय-समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाती रही हैं। उर्वरक की आपूर्ति की नियमित निगरानी, जिला स्तर पर भंडारण की समीक्षा, कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी तथा लाइसेंसधारी विक्रेताओं का निरीक्षण जैसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। कई जिलों में कृषि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खाद-बीज दुकानों की जांच भी की जा रही है, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में हाल ही में वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयसी तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निदेशक (मूवमेंट) अभय कुमार से मुलाकात कर बिहार, विशेष रूप से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि खरीफ सीजन में उर्वरकों की कमी के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है इसलिए आवश्यक है कि बिहार को उसकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान केंद्रीय अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि बिहार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे रैक की उपलब्धता बढ़ाने, वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। दीर्घकालिक समाधान के लिए केवल आपूर्ति बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा। बिहार में उर्वरक वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा तकनीक आधारित बनाना होगा। प्रत्येक जिला में मांग के अनुरूप अग्रिम भंडारण, ऑनलाइन निगरानी प्रणाली, नियमित निरीक्षण तथा दोषी विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जैविक खाद, हरी खाद और वैकल्पिक पोषक तत्वों के उपयोग को भी बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके।

# एआई, बायोमेट्रिक सत्यापन और डिजिटल निगरानी से मजबूत हो सकती है परीक्षा प्रणाली

गौरतलब | सत्यजीत दत्ता

> **मैनुअल** सत्यापन की प्रक्रिया में इस खामी के कारण विभिन्न परीक्षाओं में प्रतिरूपण और फर्जी उम्मीदवारी की घटनाएं होती रही हैं। फिंगरप्रिंट और फेशियल रिकग्निशन के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण इस समस्या को काफी हद तक हल करने में मदद करता है। डिजिटल माध्यम से उम्मीदवार की पहचान का सत्यापन प्रतिरूपण की गुंजाइश को न के बराबर छोड़ देता है।

**हर** साल भारत में करोड़ों विद्यार्थी अपनी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होते हैं। नीट, जेईई और एसएससी से लेकर बैंकों और रेलवे में भर्ती के लिए होने वाली अन्य राज्य स्तरीय परीक्षाओं तक, ये सभी लाखों लोगों के भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि परीक्षा की इस पूरी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं है, यह लोगों के भरोसे का भी विषय है। हाल के समय में पेपर लीक, प्रतिरूपण, और परीक्षा केंद्रों में होने वाली गड़बड़ियों की घटनाओं ने इस भरोसे के लिए हमेशा एक खतरा पैदा किया है। यही कारण है कि अब परीक्षाओं की प्रक्रिया में एआई और बायोमेट्रिक्स को एकीकृत करने की आवश्यकता है। पारंपरिक परीक्षा प्रणाली में उम्मीदवारों की पहचान का मैनुअल सत्यापन काफी हद तक इंविजिलेटर द्वारा प्रवेश पत्र और पहचान प्रमाण के भौतिक मिलान पर निर्भर करता था। मैनुअल सत्यापन की प्रक्रिया में इस खामी के कारण विभिन्न परीक्षाओं में प्रतिरूपण और फर्जी उम्मीदवारी की घटनाएं होती रही हैं। फिंगरप्रिंट और फेशियल रिकग्निशन के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण इस समस्या को काफी हद तक हल करने में मदद करता है। डिजिटल माध्यम से उम्मीदवार की पहचान का सत्यापन प्रतिरूपण की गुंजाइश को न के बराबर छोड़ देता है। यह जहां परीक्षा संचालन करने वाली संस्थाओं के लिए बड़ी राहत की बात होगी, वहीं यह उन ईमानदार उम्मीदवारों के लिए न्याय का भी कार्य है जो वर्षों की पढ़ाई के बाद परीक्षा देने आते हैं। एआई तकनीक से संचालित सीसीटीवी निगरानी एक कदम और आगे जाती है। पारंपरिक सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल ज्यादातर फुटेज रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता था, जिसका विश्लेषण घटना घटित होने के बाद किया जा सकता था। एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे उम्मीदवार के असामान्य व्यवहार, जैसे लगातार इधर-उधर देखना, अनधिकृत सामग्री का कब्जा और परीक्षा हॉल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश का पता लगा सकते हैं। एक केंद्रीय रूप से नियंत्रित कमांड कंट्रोल सेंटर के साथ जीरो ब्लाइंड स्पॉट निगरानी प्रणाली सैकड़ों परीक्षा केंद्रों की एक साथ, बिना किसी चूक के निगरानी करने की अनुमति देगी। यह केवल परीक्षा हॉल तक ही सीमित नहीं है; प्रश्न पत्रों की छपाई, पैकिंग और परिवहन जैसी अन्य प्रक्रियाएं भी हैं जिनके लिए समान सावधानी की आवश्यकता होती है। सुरक्षित प्रिंटिंग जोन, डिजिटल निगरानी और नियंत्रित पहुंच का उपयोग यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने तक अपनी पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षित रहें।

## आज का इतिहास

- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन 1758 में उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बजेसेंज में शामिल हुए।
- फ्रांस ने 1793 में कॉपीराइट कानून बनाया।
- चिलि में 1830 को दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरूआत 1870 में हुई।
- सोराबाजार इंग्लिश फुटबॉल टीम ईस्ट सरे को हराने वाली पहली भारतीय टीम 1890 को बनी।
- हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को 1911 में खोज निकाला गया।
- स्विट्जरलैंड में ग्रीस, बुल्गारिया और प्रथम विश्व युद्ध में शामिल अन्य देशों के बीच हुई इस संधि के द्वारा आधुनिक तुर्की की सीमाओं को 1923 में व्यवस्थित किया गया।
- रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना 1932 में की गई।
- ब्रिटेन में पहला बधाई टेलीग्राम 1935 को भेजा गया।
- इंस्टेंट कॉफी की खोज 1938 में हुई।
- उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में 1941 को सम्पूर्ण यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की।
- 300 लड़ाकू विमानों ने 1944 में जर्मनी पर बम गिराए।
- अपोलो-11 सफलता पूर्वक प्रशांत महासागर में 1969 को उतर गया।
- चार दिवसीय लिबिया-मिश्र युद्ध 1977 में हुआ।
- जापान के नागासाकी में 1982 में भारी बारिश से पुल ढहने से 299 लोगों की मौत हुई।
- भारत में लोकसभा में 73 विपक्षी सदस्यों ने 1989 में बोफर्स तोप के मुद्दे पर सदन से इस्तीफा दे दिया और जिसे स्वीकार कर लिया गया।
- तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने 1991 को संसद में बजट पेश किया जिसने भारत के लिए आर्थिक उदारीकरण के रास्ते खोल दिये।
- असम के बसबारी में 1994 को बोडो उग्रवादियों ने 37 मुस्लिमों की हत्या की।

## अंकजाल - 8338



खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

### अंकजाल 8337 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## उपाय भी ठीक से हो

**एक** सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को मिटाया जाता है? क्या अंधेरा से मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## सुविचार

एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है।

**अब्दुल कलाम**

शिक्षा सबसे अच्छी मित्र है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पता है। शिक्षा सौंदर्य और यौवन को परास्त कर देती है।

**चाणक्य**

# लीक पर चयनित सोच, केन्द्र सरकार से इस्तीफा मांग रही कांग्रेस क्या अपनी सरकारें भंग करेगी ?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** के करोड़ों युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं उनके सपनों, वर्षों की मेहनत और परिवार की उम्मीदों का आधार होती हैं। जब किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है, तब लाखों अभ्यर्थियों का विश्वास टूटता है। यही कारण है कि पेपर लीक का मुद्दा आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। किंतु दुर्भाग्य यह है कि इस गंभीर विषय पर भी राजनीतिक दल अक्सर सिद्धांत से अधिक सुविधा का सहारा लेते दिखाई देते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर पेपर लीक को लेकर हमलावर हैं। उनका कहना है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है और सरकार जवाबदेही से बच रही है। विपक्ष का यह अधिकार भी है कि वह सरकार से कठोर प्रश्न पूछे। किंतु लोकतंत्र में यही कसौटी विपक्ष पर भी समान रूप से लागू होती है। यदि पेपर लीक राष्ट्रीय शर्म का विषय है, तो क्या यह प्रश्न सिर्फ केंद्र सरकार से पूछा जाएगा या उन राज्यों से भी, जहां कांग्रेस अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकारों के दौरान ऐसी घटनाएँ सामने आई हैं? इसी संदर्भ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के बयान को साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस के चयनात्मक रवैये पर प्रश्न उठाया है। उन्होंने झारखंड में हिंदी और विज्ञान परीक्षा, तेलंगाना में इंटरमीडिएट भाषा परीक्षा, एसएससी भाषा परीक्षा, तमिलनाडु में बी.एड. परीक्षा, पश्चिम बंगाल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती, पंजाब में ग्रुप-डी भर्ती, केरल की लोक सेवा आयोग परीक्षाओं तथा कर्नाटक की परीक्षा से जुड़े मामलों का उल्लेख किया है। वे बताते हैं कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में भी प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा अनियमितताओं की लंबी सूची रही है। उनका प्रश्न था कि यदि हर पेपर लीक शर्मनाक है, तब फिर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी समान क्यों नहीं है? वस्तुतः, उपलब्ध सार्वजनिक विवरण यह संकेत देते हैं कि पेपर लीक की समस्या किसी एक दल, एक सरकार या एक दशक तक सीमित नहीं रही। वर्ष 2004 से 2014 के बीच केंद्र तथा विभिन्न राज्यों में अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक अथवा गंभीर परीक्षा अनियमितताओं के मामले सामने आए। उपलब्ध सूची के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर यूपीएससी, एसएससी, एनडीए, संयुक्त प्रवेश परीक्षा, आरबीआई, आईबीपीएस, कैट, गेट, क्लैट, रेलवे भर्ती, डीआरडीओ और अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाएँ भी विवादों से अछूती नहीं रहीं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, हरियाणा, असम, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, तमिलनाडु, झारखंड, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और अन्य राज्यों में भी विभिन्न भर्ती परीक्षाओं से जुड़े विवाद समय-समय पर सामने आए हैं। इसके बाद भी स्थिति पूरी तरह नहीं बदली। सरकार नए नियम बनाती है और अपराधी उसमें से निकलने का रास्ता तैयार करके रखता है! उपलब्ध विवरण के अनुसार 2006 से 2024 के बीच एम्स, एआईईईई, रेलवे भर्ती, टीएनपीएससी, मुंबई विश्वविद्यालय, जम्मू-कश्मीर मेडिकल प्रवेश परीक्षा, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, राजस्थान रीट, झारखंड सीजीएल, बिहार भर्ती, राजस्थान पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती तथा अन्य कई परीक्षाओं को लेकर विवाद सामने आए। इन मामलों के दौरान अलग-अलग समय में कांग्रेस, भाजपा और अनेक क्षेत्रीय दलों की सरकारें सत्ता में थीं। यह तथ्य इस ओर संकेत करता है कि समस्या किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं रही, यह पूरे परीक्षा तंत्र में गहराई तक फैली हुई है।

## राशिफल

**मेष** घर की सुविधा से जुड़ी कोई खास चीज खरीद सकते हैं। रिश्तेदारों से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी। बातचीत के दौरान कई काम की जानकारियां भी मिलेंगी।

**तुला** कई तरह के कामों में दिन बीतेगा। जीवनशैली में बदलाव लाने की योजना बनाएंगे। इन बदलावों से आपका व्यक्तित्व ज्यादा प्रभावशाली बनेगा।

**वृष** समय आपके पक्ष में है। किसी मुश्किल काम में अचानक मदद मिल सकती है। आपकी काम करने की क्षमता और समझदारी की तारीफ होगी।

**वृश्चिक** रुकी हुई पेमेंट मांगने पर थोड़ी-थोड़ी करके मिल सकती है। इससे आर्थिक स्थिति कुछ बेहतर होगी। समाज से जुड़े कामों में बदलाव लाने के लिए किसी संस्था का सहयोग करेंगे।

**मिथुन** दिनभर व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर काम करने से सफलता मिलेगी। आपका ज्यादातर ध्यान निजी और पारिवारिक कामों पर रहेगा।

**धनु** किसी अनुभवी और खास व्यक्ति से मुलाकात आपकी सोच में सकारात्मक बदलाव लाएगी। जीवन के कामों को करने का बेहतर तरीका समझ आएगा।

**कर्क** दिन काफी व्यस्त रहेगा। अपनी परेशानियों को कुछ समय के लिए अलग रखकर काम पर ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** दिन का ज्यादातर समय पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करने में बीतेगा। रुका हुआ सरकारी काम किसी अधिकारी की मदद से सुलझ सकता है।

**सिंह** पुश्तैनी संपत्ति से जुड़ा मामला चल रहा है, तो उसे सुलझाने में किसी की मदद मिलेगी। मेहनत के साथ किस्मत का भी साथ मिलेगा।

**कुंभ** पिछले कुछ समय से किसी काम को लेकर की गई मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे। आपकी योग्यता और प्रतिभा लोगों के सामने आएगी।

**कन्या** किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। घर में शांत माहौल रहेगा। अनुभवी लोगों का साथ और सहयोग आपकी छवि बेहतर बनाएगा।

**मीन** घर में बदलाव से जुड़ी योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए समय अच्छा है। रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# विकल्पहीनता का मतलब अराजक प्रदर्शन तो नहीं

गौरतलब | सियाराम पांडेय 'शांत'

> **विरोध** के लिए विरोध और सार्थक विरोध के बीच की रेखा तो दिखनी ही चाहिए, वर्ना अनावश्यक दबाव की राजनीति विकास के राजपथ को ध्वस्त कर देगी। अराजकता देश में सिर चढ़कर बोलने लगेगी और यह स्थिति किसी भी लिहाज से ठीक नहीं होगी। राहुल गांधी ने कहा है कि वे कहां धरना देंगे, वह उनकी मर्जी है। उन्हें समझना होगा कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। विवेकहीन मनमर्जी का अधिकार तो किसी के भी पास नहीं है। वैसे भी राजनीति में कुछ भी सरल नहीं होता, उसे समझने के लिए पर्याप्त मगजमारी करनी पड़ती है फिर भी गुत्थी समझने का नाम नहीं लेती।

**पद** बड़ा है या कद, इसे देखने के लिए विवेक की आंखें चाहिए। पद की अपनी मर्यादा होती है। पद व्यक्ति का कद देखकर मिलता है। योग्यता और दक्षता ही पद प्राप्ति के आधार बनते हैं। पद से केवल अधिकार ही नहीं मिलते, उससे जुड़े कर्तव्य भी निभाने पड़ते हैं। संविधान ने अगर व्यक्ति को मौलिक अधिकार दिए हैं तो नीति निर्देशक तत्वों की भी व्यवस्था दी है। राहुल गांधी और उनके साथी कांग्रेसियों ने जिस तरह प्रधानमंत्री आवास पर अराजक प्रदर्शन किया, उसकी जितनी भी आलोचना की जाए, कम होगी। प्रदर्शन कब और कहां किया जाए, इसका देश-दुनिया में क्या संदेश जाएगा, इस पर विचार मंथन तो होना ही चाहिए। बहस की जगह संसद है या सड़क इस पर राजनीतिक, वैचारिक रोशनी तो पड़नी ही चाहिए। विरोध के लिए विरोध और सार्थक विरोध के बीच की रेखा तो दिखनी ही चाहिए, वर्ना अनावश्यक दबाव की राजनीति विकास के राजपथ को ध्वस्त कर देगी। अराजकता देश में सिर चढ़कर बोलने लगेगी और यह स्थिति किसी भी लिहाज से ठीक नहीं होगी। राहुल गांधी ने कहा है कि वे कहां धरना देंगे, वह उनकी मर्जी है। उन्हें समझना होगा कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। विवेकहीन मनमर्जी का अधिकार तो किसी के भी पास नहीं है। वैसे भी राजनीति में कुछ भी सरल नहीं होता, उसे समझने के लिए पर्याप्त मगजमारी करनी पड़ती है फिर भी गुत्थी समझने का नाम नहीं लेती। इधर दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। यह आंदोलन नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़ा है। इस लिहाज से यह आंदोलन छात्रों के व्यापक हित के सर्वथा अनुकूल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी यह मानना है कि पेपर लीक होने और परीक्षा में नकल महापाप है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर कुछ ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सत्य वचन है लेकिन यही बात वे पहले भी कह सकते थे। नीति भी यही कहती है कि फोड़े को पकने से पहले फोड़ देना चतुराई है। शत्रु को जीवित छोड़ देना बुराई है। जब आंदोलन अपने चरम पर है और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके सरकारी आवास पर विरोध-प्रदर्शन किया, तब जाकर उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी। जो प्रधानमंत्री हर परीक्षा से पहले छात्रों का मार्गदर्शन करते रहे हैं, इस मामले में उनकी अप्रत्याशित चुप्पी हैरान और परेशान तो करती ही है। भले ही उन्होंने बिना कुछ कहे नीट परीक्षा कैंसिल कराई और पुनः नीट परीक्षा कराई ,जिससे मेधावी छात्रों का नुकसान न हो। उन्होंने पेपर लीक और परीक्षा में शामिल नेटवर्क पर शिकंजा भी कसा है। कुछ लोग जेल भी भेजे गए हैं लेकिन प्रभावित छात्रों को सांत्वना के दो मीठे बोल कितनी राहत देते, यह किसी से छिपा नहीं है। वैसे भी यह विचार का एक सिरा है लेकिन दूसरे सिरे को समझना बड़ा कठिन है।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुरक्षा उपाय करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) पर किए जा रहे सुरक्षा कार्यों और विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जून माह में जिले में 11 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें आठ लोगों की मौत हुई, जबकि कई लोग गंभीर और सामान्य रूप से घायल हुए। इन आंकड़ों पर चिंता जताते हुए उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उपायुक्त ने जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने और जिन स्थानों पर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां विशेष निगरानी एवं नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर चल रहे विशेष अभियान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने इस अभियान को और प्रभावी बनाने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों और सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से दुर्घटनाओं में कमी नहीं आएगी, बल्कि जनजागरूकता, बेहतर सड़क अवसंरचना और विभागों के बीच समन्वय भी जरूरी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी सुलेमान मुण्डरी, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में तम्बाकू व नशीले पदार्थों की बिक्री पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त



**लातेहार :** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती पर रोक लगाने को लेकर गुरुवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों और विशेष रूप से महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में अवैध रूप से तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर नियमित निगरानी रखें। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग को नशा मुक्ति और जन-जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने, युवाओं और विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा उपचार और परामर्श सेवाओं को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। अवैध अफीम की खेती की रोकथाम और उसके विनष्टीकरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने, किसानों को जागरूक करने और अवैध खेती के खिलाफ समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में ड्रग्स कंट्रोल विभाग को प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर नियंत्रण, दवा दुकानों के नियमित निरीक्षण, एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा, जब्त मादक पदार्थों के निष्पादन और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुलेमान मुण्डरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जिला संवेदक संघ की बैठक 25 को, अधिक से अधिक संवेदकों से शामिल होने की अपील

**लातेहार :** जिला संवेदक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक 25 जुलाई शनिवार को दोपहर 1 बजे साह-वन-ढाबा, लातेहार में आयोजित की जाएगी। बैठक को लेकर संघ ने जिले के सभी संवेदकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग देने की अपील की है। संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार बैठक में संवेदकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन की मजबूती, संवेदकों की समस्याओं, उनके समाधान तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श होगा। बैठक में सभी संवेदकों के सुझाव भी लिए जाएंगे, ताकि संगठन के माध्यम से उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। संघ का कहना है कि जिले के सभी संवेदकों की सक्रिय भागीदारी संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक है। इसलिए सभी सदस्य निर्धारित समय पर बैठक स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और संगठन के हित में अपने विचार रखें। जिला संवेदक संघ ने स्थानीय समाचार माध्यमों से भी बैठक की सूचना प्रमुखता से प्रकाशित करने का अनुरोध किया है, ताकि जिले के अधिक से अधिक संवेदकों तक इसकी जानकारी पहुंच सके और वे बैठक में शामिल हो सकें।संघ के प्रतिनिधि रविकांत पासवान ने सभी संवेदकों से समय पर बैठक में पहुंचने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सदस्यों की सहभागिता से बैठक सफल होगी तथा संवेदकों के हितों से जुड़े विषयों पर सार्थक

## एक झलक

### धान रोपाई के दौरान किशोरी को सांप ने डंसा

**गुमला :** घाघरा थाना क्षेत्र के आंध्रडीह गांव में धान रोपाई के दौरान 15 वर्षीय किशोरी रिमझिम कुमारी को सांप ने डस लिया। वह अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रही थी, तभी खेत में छिपे सांप ने उसके पैर में काट लिया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल गुमला लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया। वर्तमान में डॉ. गणेश राम की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बरसात के मौसम में खेतों में काम करने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### 10वीं के छात्र ने फांसी लगा कर दी जान

**रायडीह :** गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के केमेटे गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। ऑटो खरीदने की जिद पूरी नहीं होने से नाराज 18 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान आकाश मल्हार (18 वर्ष) के रूप में हुई है। वह चैतू मल्हार का पुत्र था और रायडीह स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। मृतक के पिता चैतू मल्हार ने बताया कि उनका पुत्र पिछले कुछ समय से ऑटो खरीदने की जिद कर रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति और उसकी पढ़ाई को देखते हुए उन्होंने फिलहाल ऑटो खरीदने से मना कर दिया था तथा पहले पढ़ाई पूरी करने की सलाह दी थी। इसी बात से आकाश नाराज चल रहा था। बताया गया कि बुधवार रात करीब 10 बजे आकाश ने घर के अंदर लूंगी के सहारे घर में लगे धरना (लकड़ी का बीम) से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई ।सूचना मिलने पर रायडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

### अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा, 60 छापेमारी में 24 वाहन जब्त

**लातेहार :** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई, जिसमें अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए गए। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी ने बताया कि 22 जून 2026 से अब तक अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ 60 निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान 24 वाहनों को जब्त किया गया, एक प्राथमिकी दर्ज की गई तथा 6 लाख 68 हजार 168 रुपये जुमार्ना वसूला गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने तथा अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा नियमित जांच अभियान चलाया जाए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए कक्षा-06 में नामांकन को लेकर ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** नवोदय विद्यालय समिति, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा2027 के माध्यम से कक्षा-6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर, 2026 को किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने वाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है। नामांकन के लिए विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के अनुसार गत वर्ष देशभर में 25,99,277 अभ्यर्थियों ने कक्षा-6 चयन परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।ऑनलाइन आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट ˝ttp://www.navodaya.gov.inEUahttps://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/ के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है। इच्छुक अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपना आवेदन सुनिश्चित करें, ताकि जिले के अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ मिल सके।

## लातेहार में बनेगा हाई परफॉर्मेंस सेंटर और आधुनिक बैडमिंटन स्टेडियम

# मंत्री सुदिव्य कुमार ने दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार का गुरुवार को लातेहार परिसदन पहुंचने पर उपायुक्त संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।परिसदन में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने लातेहार के भूसुर पंचायत में करीब 25 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में प्रमंडल स्तरीय हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी) बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए खेल विभाग आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा, जिससे जिले और प्रमंडल के खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण की सुविधा मिल सके।मंत्री ने चार कोर्ट वाले आधुनिक इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम के निर्माण की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही खेल विभाग और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के माध्यम से एथलेटिक्स ट्रैक और फुटबॉल ग्राउंड के निर्माण के लिए विस्तृत प्रस्ताव जल्द तैयार कर भेजने को कहा। बैठक में मंत्री ने नेतरहाट को झारखंड का प्रमुख पर्यटन स्थल बताते हुए वहां पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उपायुक्त संदीप कुमार ने मंत्री को जिले में संचालित विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी तथा उनके निदेर्शों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



## हथियार के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार चोरी की बाइक और देसी पिस्तौल बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देसी पिस्तौल, एक मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और चोरी की एक लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार 22 जुलाई की शाम सूचना मिली थी कि चंदवा की ओर से बिना नंबर की लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति बारियातू की ओर जा रहे हैं और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ पिकेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। रात करीब 8:48 बजे चंदवा की ओर से आती लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान संजय सिंह उर्फ डिम्पू उर्फ भीम सिंह, निवासी मदनपुर, थाना पेशरार तथा शहजाद अंसारी, निवासी सिजों, थाना कूडु जिला लोहरदगा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान शहजाद अंसारी के पास से एक देसी पिस्तौल, एक मैगजीन और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए।



## सरस्वती विद्या मंदिर में नवीन अभिभावकों की गोष्ठी

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है सुवर्णप्राशन : प्रधानाचार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर (लातेहार) में गुरुवार को नवीन अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी अभिभावकों को दी। साथ ही उन्होंने सुवर्णप्राशन को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक बताते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला ।गोष्ठी में शिशु वाटिका एवं सुवर्णप्राशन योजना प्रमुख गीता कुमारी ने अभिभावकों को सुवर्णप्राशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुवर्णप्राशन में स्वर्ण भस्म, गाय का शुद्ध घी, शहद, ब्राह्मी, वचा, शंखपुष्पी, गिलोय तथा अश्वगंधा जैसे घटकों का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार इसका उल्लेख लगभग 5000 वर्ष पूर्व कश्यप ऋषि द्वारा रचित कश्यप संहिता में मिलता है। यह प्रक्रिया प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन कराई जाती है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में सुवर्णप्राशन को स्मरण शक्ति बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने, भूख और पाचन शक्ति में सुधार, शारीरिक विकास, एकाग्रता बढ़ाने तथा शरीर और मस्तिष्क के पोषण में सहायक माना गया है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और बच्चों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

## नीट विवाद पर कांग्रेस का हल्ला बोल, नगर पंचायत में किया प्रदर्शन

**लातेहार :** प्रदेश कांग्रेस सचिव आफताब आलम ने कहा कि नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा विवाद से देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और केंद्र सरकार इस मामले में जवाबदेही से बच रही है। गुरुवार को लातेहार नगर पंचायत परिसर में कांग्रेस द्वारा आयोजित एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आफताब आलम ने कहा कि छात्रों की आवाज उठाने वाले युवाओं पर दिल्ली में पुलिस ने बल प्रयोग किया। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ भी पुलिस ने सख्ती बरती। उन्होंने कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेंद्र उरांव ने की। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष अनीता देवी, आदिवासी जिलाध्यक्ष अजित पाल कुजूर, अधिवक्ता प्रिंस प्रसाद, युवा कांग्रेस नेता मिथलेश पासवान, ओमप्रकाश यादव, तेतर यादव, लाडले, इमरान सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

# राजस्थान में लातेहार के मजदूर की चाकू मार कर हत्या, पलंग के बॉक्स में मिला शव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** राजस्थान के उदयपुर जिले के भूपालपुरा थाना क्षेत्र स्थित आयाड में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेराटांड़ निवासी 23 वर्षीय अजय पासवान की निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को कमरे में रखे पलंग के बॉक्स में छिपा दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है ।मृतक के चचेरे भाई करण कुमार ने बताया कि अजय करीब तीन महीने पहले सरिया फैक्ट्री में काम करने के लिए राजस्थान गया था। उसे पतरातू निवासी सलीम अंसारी के माध्यम से नौकरी मिली थी। फैक्ट्री में उसके साथ पलामू जिले के पांकी निवासी राहुल शर्मा भी काम करता था। दोनों अलग-अलग कमरों में रहते थे, लेकिन एक-दूसरे को जानते थे ।बताया जा रहा है कि घटना वाली रात अजय और राहुल ने साथ बैठकर भोजन किया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में राहुल शर्मा ने चाकू से अजय के गले पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत छिपाने की नीयत से शव को कमरे में रखे पलंग के बॉक्स में डाल दिया और वहां से फरार हो गया। जाते समय उसने अन्य मजदूरों से कमरे में नहीं जाने की बात भी कही, जिससे घटना का पता देर से चल सका ।रात में साथ काम करने वाले मजदूरों को संदेह हुआ तो उन्होंने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा। पलंग का बॉक्स खोलते ही अजय का शव मिला। कमरे से खून के निशान और हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया ।इधर, अजय की मौत की खबर मिलते ही उसके गांव बहेराटांड़ में मातम छा गया। परिजनों ने प्रशासन से शव को जल्द गांव लाने और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है ।अजय के पिता अर्जुन पासवान की आठ वर्ष पहले ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी अजय के कंधों पर आ गई थी।

## पुलिस उप-महानिरीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय रंका का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) किशोर कौशल ने गढ़वा रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों की प्रगति तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीआईजी ने कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए उनके अद्यतन संधारण का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, अपराध नियंत्रण, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन तथा जन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने पर भी जोर दिया।

## गुमला में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

# यूनिक बेकरी पर जुर्माना, कई प्रतिष्ठानों को नोटिस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**गुमला :** संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त, झारखंड, उपायुक्त गुमला तथा अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त निर्देश पर गुरुवार को गुमला शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर एवं आशा राज के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, चाट-ठेलों, किराना दुकानों तथा थोक एवं खुदरा बेकरी प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया।

**स्वच्छता और खाद्य गुणवत्ता की हुई गहन जांच**

**निरीक्षण** के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षित भंडारण, खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण, उत्पादों की एक्सपायरी तिथि तथा लेबलिंग संबंधी प्रावधानों की विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों ने सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने तथा उपभोक्ताओं को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**यूनिक बेकरी पर लगा जुर्माना**

**जांच** के दौरान यूनिक बेकरी में स्वच्छता मानकों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अर्थदंड लगाया गया। वहीं, कई अन्य प्रतिष्ठानों में भी स्वच्छता और खाद्य पदार्थों के रख-रखाव में कमियां मिलने पर संचालकों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए।

## पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प में 136 युवाओं को मिला लर्निंग लाइसेंस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** परिवहन विभाग, झारखंड के निर्देशानुसार गुरुवार को मनातू प्रखंड के मंझौली-1 पंचायत क्लस्टर में पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रेस विज्ञप्ति जारी होने तक 182 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 136 युवाओं को ऑन-द-स्पॉट लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों को लर्निंग लाइसेंस वितरित करते हुए यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। साथ ही सड़क सुरक्षा, गुड सेमेरिटन योजना एवं हिट एंड रन मुआवजा योजना की जानकारी देते हुए दुर्घटना की स्थिति में घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।कैंप में आवेदकों की सुविधा के लिए आवश्यक तकनीकी संसाधन एवं पर्याप्त कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराए गए, जिससे आवेदन एवं लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया सुगमता से संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिला परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## सड़क सुरक्षा पर प्रशासन सख्त : हाट-बाजार में बेतरतीब ऑटो खड़े करने पर रोक

# रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर होगी कड़ी कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उपायुक्त श्री दिलेश्वर महतो ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को जिला मुख्यालय में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने एनएचएआई, आरसीडी, पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़कों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर कड़ी कार्रवाई**

**बैठक** में भरनो, सिसई और एरोड्रम क्षेत्र में फोरलेन सड़क पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग की लगातार मिल रही शिकायतों पर गंभीर चिंता जताई गई। उपायुक्त ने कहा कि मीडियन के सहारे गलत दिशा में वाहन चलाना दुर्घटनाओं को न्योता देना है। इस पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सर्विस रोड निर्माण का प्रस्ताव विभागीय स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।

**ब्लैक स्पॉट की होगी जांच एम्बुलेंस सेवा होगी बेहतर**

**बैठक** में राष्ट्रीय राजमार्गों के ब्लैक स्पॉट और जलजमाव वाले स्थानों की दोबारा जांच कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही एनएचएआई को हाईवे पर एम्बुलेंस सेवा को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए हाईवे हेल्पलाइन 1033 का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

**स्पीड लिमिट बोर्ड लगेंगे, नो-एंट्री नियम सख्ती से लागू**

**जिले** की प्रमुख सड़कों पर अनिवार्य रूप से गति सीमा (स्पीड लिमिट) बोर्ड लगाए जाएंगे। भारी वाहनों के लिए शहर में नो-एंट्री का समय रात 8 बजे तक प्रभावी रहेगा। दुन्दुरिया बस डिपो से निकलने के बाद अन्य स्थानों पर अनधिकृत रूप से बसें रोकने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही टावर चौक, थाना चौक और पटेल चौक पर किसी भी परिस्थिति में बस खड़ी करने की अनुमति नहीं होगी।

**अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा संयुक्त अभियान**

**टावर** चौक और पटेल चौक में लगातार लगने वाले जाम से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## बिना हेलमेट बाइक चालकों पर सीसीटीवी की नजर, 110 का ऑनलाइन चालान

**लातेहार :** जिले में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख्त अभियान शुरू कर दिया है। उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए नियम तोड़ने वाले चालकों की पहचान कर उनका ऑनलाइन चालान किया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने बताया कि गुरुवार को दोपहर चार बजे तक बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 110 दोपहिया चालकों का ऑनलाइन चालान काटा गया। चालान की प्रति संबंधित वाहन मालिकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जा रही है, जिससे उन्हें तुरंत कार्रवाई की जानकारी मिल रही है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष से परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कैमरों पर नजर रख रहे हैं तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल ऑनलाइन कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी ।जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें, हमेशा हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं और सभी यातायात नियमों का पालन करें।

## एक झलक

### बंद क्वार्टर से नकदी, जेवर और जरूरी दस्तावेज सहित लाखों की सम्पत्ति की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम** : साकची थाना क्षेत्र के नार्थ काशीडीह बाराद्वारी स्थित एक बंद क्वार्टर में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने क्वार्टर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और लाखों रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, उनकी खरीद की रसीदें एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में क्वार्टर संख्या एल-4/63 निवासी चौधरी ब्रह्म नारायण राम ने साकची थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई की दोपहर में वे अपने आवास में ताला लगाकर मानगो के कल्याण बिहार कॉलोनी में आयोजित एक गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गए थे। इसके बाद वे वहीं रुके रहे। बुधवार रात जब वापस अपने क्वार्टर पहुंचे और मुख्य दरवाजा खोलकर अंदर गए तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी का लॉक टूटा हुआ था।

### आनन्द मार्ग ने हरिजन विद्यालय के विद्यार्थियों को बांटे फलदार पौधे

**पूर्वी सिंहभूम** : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स (पीसीएपी), जमशेदपुर की ओर से जोजोबेड़ा स्थित राजकीय हरिजन मध्य विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत 200 फलदार एवं फूलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने कहा कि पर्यावरण संकट का मूल कारण मनुष्य का बढ़ता स्वार्थ और प्रकृति के प्रति असंवेदनशीलता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण से ही समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि मनुष्य को अपने विचारों और आचरण को भी शुद्ध करना होगा। उन्होंने नव्य-मानवतावाद की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और समस्त जीव-जंतु पृथ्वी रूपी परिवार के अभिन्न सदस्य हैं। यदि मनुष्य इन्हें परिवार का हिस्सा मानकर संरक्षण करेगा, तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। संस्था ने बताया कि पृथ्वी पर ऑक्सीजन का संतुलन बनाए रखने और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में लगातार पौधों का वितरण और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# केन्द्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को कर रही है बर्बाद : डॉ. शुभेन्दु महतो

- छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं
- यह केवल छात्रों पर नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य पर हमला है
- जंतर-मंतर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर सीधा प्रहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : गुरुवार को सरायकेला गराज चौक पर झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेन्दु महतो के नेतृत्व मे राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (ठएएळ-2026) एवं सीबीएसई की मार्किंग प्रक्रिया में हुई कथित गड़बड़ियों, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग तथा नई दिल्ली के जंतर-मंतर में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र के भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया एवं केंद्र सरकार के खिलाफ बिरोध प्रदर्शन की। इस विरोध-प्रदर्शन में झामुमो केंद्रीय समिति, जिला समिति, नगर समिति, प्रखंड समिति, पंचायत समिति, वर्ग संगठनों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र के भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध किया गया तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की मांग उठाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो के जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेन्दु महतो ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश के करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य आज असुरक्षित हो चुका है। एक ओर नीट-2026 और उइरए मूल्यांकन को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को कुचलने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के बजाय केंद्र सरकार उसे लगातार बर्बाद करने में लगी है। परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता कमजोर हो रही है, युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो रहा है और सरकार जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है। यह केवल छात्रों पर नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य पर हमला है। जिस सरकार को युवाओं के सपनों की रक्षा करनी चाहिए, वही सरकार उनके अधिकारों को कुचल रही है। जंतर-मंतर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं होता, लेकिन केंद्र सरकार असहमति की हर आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास कर रही है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है और देश का युवा इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नाड़ेबाजी करते हुए पूतना दहन की और कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई हमेशा मजबूती से लड़ता आया है। यदि केंद्र सरकार छात्रों की मांगों की अनदेखी करती रही और शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो झामुमो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगा। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश महली, सुधीर महतो, विशु हेमब्रम, रानी हेमब्रम, चेयरमैन सरायकेला नगर पंचायत मनोज चौधरी, वाईस चेयरमैन अविनाश कबी, जिला सचिब वैद्यनाथ टुडू, जिला उपाध्यक्ष भोला मोहन्ति, धरमु गोप, जिलाध्यक्ष व्यवसाय मोर्चा हरिहर लोहार, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भुगलू सोरेन नगर अध्यक्ष शम्भू आचर्य, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश हेमब्रम, कृष्णा राणा सहित भारी सांख्य मे झामुमो नेता एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

### कीचड़ भरे सड़क पर चलना मुश्किल, जलजमाव ने बढ़ायी परेशानियां

**बहरागोड़ा** : बहरागोड़ा के बाजार क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से चारों तरफ जलजमाव की स्थिति बन गई है। वहीं कीचड़ भरे सड़क ने राहगीरों को पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने इस दुर्दशा का सीधा जिम्मेदार भू-माफियाओं की मनमानी कार्यशैली को ठहराया है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि भू-माफियाओं ने प्राकृतिक नालों, पारंपरिक जल-निकासी के रास्तों को अवरूद्ध और अवैध रूप से प्लॉटिंग व अनियंत्रित निर्माण कार्य कर दिया है। जिससे बारिश के पानी का स्वाभाविक बहाव पूरी तरह बंद हो गया है। जल निकासी का रास्ता नहीं बचने के कारण गंदा पानी सड़कों और आवासीय बस्तियों में भर रहा है, जिससे हर साल मानसून के दौरान स्थानीय लोगों को जलजमाव का सामना करना पड़ता है। इस गंभीर समस्या से राहत पाने के लिए ग्रामीणों ने अब प्रशासन से क्षेत्र में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय 'फ्रूट वीक' का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : गुमो, सतपुलिया स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग ग्रिजली किड्स में एलकेजी के बच्चों के लिए 'फ्रूट वीक' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से छोटे बच्चों को फलों के बारे में व्यावहारिक जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया था। स्कूल को फलों के थीम के अनुसार सजाया गया था। सोमवार को सभी बच्चे डॉल हाउस में एकत्रित हुए, जहाँ शिक्षिका ईशा के मंच संचालन के साथ इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विभिन्न प्रकार के फलों की पहचान कराना और उन्हें उनके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना था। इस तरह की गतिविधियों से बच्चे अपनी नियमित डाइट में पौष्टिक फलों को शामिल करने के लिए प्रेरित होते हैं और जंक फूड से दूर रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षिका इंदु द्वारा फलों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद डॉल हाउस में एलकेजी के सभी वर्गों के बच्चों के लिए 'फ्रूट रिकग्निशन' (फलों की पहचान) गतिविधि आयोजित की गई। शिक्षिकाओं ने बच्चों को फलों पर आधारित कहानियाँ सुनाईं। इसके अलावा बच्चों ने फलों पर कविताएँ प्रस्तुत कीं। इनमें कृष कुमार, दक्ष मोदी, अमायरा आलम और कृषा सिंह ने अपनी प्रस्तुति दी। एक कमरे को 'फ्रूट मार्केट' का रूप दिया गया, जहाँ बच्चे फल विक्रेता बने। छात्र सान्या कुमारी (नाशपाती), दिव्यांशु कुमार (अनार), शंभू नायक (अमरूद), सुर्यांश यादव (अनानास), राधिका सौम्या (केला), रितिका कुमारी (संतरा), प्रिशा यादव (आम) और सान्वी सिन्हा (सेब) ने विक्रेता की भूमिका निभाई। स्कूल की प्राचार्या निरजा ने बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने कहा, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। बच्चों को बचपन से ही ताजे फल खाने की आदत डालनी चाहिए। इस आयोजन को सफल बनाने में उप-प्राचार्या वंदना नारायण, संयोजिका पूजा झा के अलावा शिक्षिका इंदु, संगीता, साक्षी गुप्ता, ईशा, साक्षी, दीप्ति, कला शिक्षक मुकेश, प्रशासनिक सदस्य रोविंस, मनीमाला, विकास, सिम्मी सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### भवनाथपुर में भीषण सड़क हादसा

## तीन युवकों की मौके पर मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा शिवपूजन फ्यूल्स पेट्रोल पंप के सामने उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार से आ रही दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान सिंधिताली निवासी आर्यन चौबे पिताझ बुचुन चौबे, धनगरडीहा मकरी निवासी प्रभात सिंह उर्फ पप्पू सिंह पिताझ छतरी सिंह तथा टंडवा निवासी छतरी सिंह के साले के पुत्र रोहित सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों बाइक तेज गति से विपरीत दिशा से आ रही थीं। शिवपूजन फ्यूल्स पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही दोनों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन तथा एएसआई आशुतोष सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

## चतरा में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से सौंपा गया ज्ञापन

**चतरा** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार गुरुवार को विकास भवन स्थित नया कचहरी, चतरा में जिला कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं, लगातार हो रहे पेपर लीक, छात्रों पर हुए पुलिस दमन तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन समर्पित किया गया। धरना-प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमिटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक, महिला कांग्रेस, सेवादल, विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, कांग्रेस कार्यकताओं, छात्र-छात्राओं, युवाओं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक, परीक्षा में अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं ने करोड़ों छात्रों और युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया है। छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। अनियमितताओं पर संसद में विशेष चर्चा तथा छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर एवं आपराधिक मामलों को वापस लेने की मांग की वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष चंद्रदेव गोप के नेतृत्व में उपायुक्त चतरा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने के साथ हुआ।

## अनियंत्रित कार ने पांच लोगों को कुचला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के डीबी रोड पर गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार मारुति अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे लोगों को टक्कर मारते हुए बिजली के खंभे को तोड़कर एक दुकान में जा घुसी। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें प्रेम महतो की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अर्टिगा कार रांची से जमशेदपुर की ओर आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि कार में राजू नाम का एक युवक अपने तीन-चार साथियों के साथ सवार था। लोगों का आरोप है कि सभी ने शराब का सेवन किया हुआ था, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार ने पहले सड़क पर मौजूद लोगों को अपनी चपेट में लिया, जिसके बाद वह सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ते हुए मशहूर पत्रकार विजय सिंह की डीबी रोड स्थित दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान के बाहर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां प्रेम महतो की हालत गंभीर बनी हुई है।

## टाटा स्टील में ग्रीन स्टील प्रोजेक्ट के लिए अवसर चयनित कर्मियों को नीदरलैंड में मिलेगी ट्रेनिंग




- इस प्रक्रिया में शामिल होनेवाले कर्मचारियों के वेतन, ग्रेड या अन्य सेवा शर्तो में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल की है। कंपनी ने हिसार्ना प्रोजेक्ट के लिए जमशेदपुर प्लांट व ट्यूब्स डिवीजन के कर्मचारियों से आंतरिक आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित कर्मचारियों को पहले टाटा स्टील नीदरलैंड्स में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें जमशेदपुर में प्रस्तावित हिसार्ना प्रदर्शन संयंत्र में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

कंपनी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, यह अवसर समान ग्रेड पर आंतरिक स्थानांतरण के लिए है। चयनित कर्मचारी निर्धारित अवधि तक टाटा स्टील नीदरलैंड्स में रहकर हिर्सांना तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस दौरान उन्हें ग्रीन स्टील उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीक व वैश्विक विशेषज्ञों के साथ काम करने का अनुभव मिलेगा।

टाटा स्टील ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में शामिल होने वाले कर्मचारियों के वेतन, ग्रेड या अन्य सेवा शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आवेदन करने के लिए कर्मचारियों के पास कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना आवश्यक है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें जमशेदपुर में स्थापित होने वाले हिर्सांना प्रदर्शन संयंत्र में तैनात किया जाएगा।

**राहुल गुप्ता को अतिरिक्त जिम्मेदारी**

कंपनी प्रबंधन ने एक अन्य प्रशासनिक आदेश में चीफ सेल्स मैनेजर कमर्शियल-नॉर्थ राहुल गुप्ता को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों के साथ चीफ स्टील रीसाइक्लिंग बिजनेस का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अगले आदेश तक वे दोनों जिम्मेदारियां निभाएंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए वह सीओएमएस कमर्शियल एंड एक्सपोर्ट्स को रिपोर्ट करेंगे, जबकि स्टील रीसाइक्लिंग बिजनेस से जुड़े मामलों में उनकी रिपोर्टिंग वीपी सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी को होगी।

## कन्हर कम्पनी से कथित ठगी मामले में दो सगे भाइयों पर न्यायालय ने जारी किया वारंट

**चतरा** : कन्हर तेल कंपनी से कथित ठगी के मामले में न्यायालय ने दो सगे भाइयों के खिलाफ वारंट जारी किया है। आरोपियों की पहचान सिमरिया हनुमान भंडार के संचालक एवं गोवा खुर्द निवासी नवनीत कुमार उर्फ बिरजू सिंह और मनोज सिंह के रूप में हुई है। न्यायालय ने मामले के अनुसंधानकर्ता सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी टीपू अंसारी को दोनों आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी का निर्देश दिया है। आरोप है कि दोनों भाइयों ने कन्हर तेल कंपनी के खाते से चेक चोरी कर धोखे से बैंक ऑफ इंडिया, सिमरिया शाखा से एक लाख रुपये की निकासी की। इस मामले में कन्हर तेल कंपनी के संचालक संतोष सिंह ने जनवरी 2026 में सदर थाना में कांड 01/2026दर्ज कराया था।

## नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में गुदड़ी ने प्राप्त किया पूर्वी भारत में पहला स्थान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम** : नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जनवरी-मार्च 2026 की डेल्टा रैंकिंग में पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी प्रखंड ने पूरे पूर्वी भारत में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर गुरुवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यह केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसहभागिता और प्रशासनिक टीम की निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य सिर्फ बेहतर रैंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सरकारी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण लाभ पहुंचाना है। आने वाले समय में भी सभी विकास संकेतकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिमी सिंहभूम को राज्य ही नहीं, देश के अग्रणी मॉडल जिलों में शामिल करने की दिशा में लगातार कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने इस सफलता का श्रेय गुदड़ी प्रखंड के पदाधिकारियों, कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहियाओं, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को दिया। उन्होंने कहा कि ₹नीति तारा₹ पहल के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, आजीविका, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन और सुशासन जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से काम किया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। उन्होंने बताया कि गुदड़ी में अपनाए गए नवाचारों और कार्यप्रणाली को जिले के अन्य प्रखंडों में भी लागू किया जाएगा।

### दिनदहाड़े महिला के गले से डेढ़ लाख की सोने की चेन छिनतई

**चतरा** : शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। बुधवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला के गले से करीब 1।50 लाख रुपये की सोने की चेन छिनतई कर फरार हो गए। दीभा मुहल्ला निवासी सीता देवी (सेवानिवृत्त शिक्षक अवधेश सिंह) रामनगर चौक स्थित बड़का मंदिर के पास एक डेंटल क्लिनिक से दांत का एक्स-रे कराने के बाद अपने पति के साथ स्कूटी से घर लौट रही थीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**
**E-mail: rdsdhazaribagh@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDSPL /SD/ HZB/18/2026-27** पी0आर0 संख्या 385242 Rural Development(26-27)_D के online प्रकाशित निविदा के ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9934523795 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 385705 (Rural Development)26-27*D


## झारखंड में डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर अव्वल बना चक्रधरपुर

- चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र का राज्य में सबसे पहले यह लक्ष्य हासिल करना जिले की कार्यसंस्कृति, टीम भावना और निर्वाचन कार्यों के प्रति गम्भीर प्रतिबद्धता को दर्शाता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के 56-चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र ने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण-2026 के तहत गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर झारखंड में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ चक्रधरपुर राज्य का पहला विधानसभा क्षेत्र बन गया है, जहां यह कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी तरह संपन्न किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता निर्वाचन पदाधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), पर्यवेक्षकों और आम नागरिकों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से डिजिटाइजेशन कार्य पूरा होने से मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, अद्यतन और विश्वसनीय बनाने में मदद मिलेगी। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी ने इस उपलब्धि पर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और बीएलओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरी टीम की प्रतिबद्धता, अनुशासन और निरंतर मेहनत के कारण यह सफलता संभव हो सकी है। उनका कहना था कि मतदाता सूची का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने इसे पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन कार्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र का राज्य में सबसे पहले यह लक्ष्य हासिल करना जिले की कार्यसंस्कृति, टीम भावना और निर्वाचन कार्यों के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, बीएलओ और पर्यवेक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से भी निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने का आह्वान किया।


**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
**Email Id – gumlahorti@gmail.com, Phone No.- 65243 59722**

**अति अल्पकालीन निविदा**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा PR No. 384688 Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department)26-27*D द्वारा आमंत्रित की गई थी। निविदा निश्पादन के क्रम में तकनीकी बिड के जांचोक्रम निविदा नियमानुसार आहर्ता पूर्ण नहीं होने के कारण दिनांक 30.07.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
| --- | --- | --- |
| 1 | प्रोमो श्न ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 30.07.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय चार सदस्यीय समिति के समक्ष खोली जाएगी तथा दर का निर्धारण किया जायेगा। निविदा निश्पादन की तिथि की सूचना संबंधित निविदादाता को उपलब्ध करा दिया जायेगा। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
4. Bid Document www.gumla.nic.in पर दिनांक– 24.07.2026 से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकरी,
गुमला।

PR.NO.385675 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27):D

## एक झलक

### पुलिस परीक्षा में ब्लूटूथ से चोरी का प्रयास विफल, 04 गिरफ्तार

**सारण :** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अवर निरीक्षक वितंतु लिखित परीक्षा के दौरान सारण पुलिस ने कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करते हुए एक बड़े गिरोह के प्रयास को विफल कर दिया। भगवानबाजार थाना क्षेत्र के राजेन्द्र कॉलेजियट +2 विद्यालय केंद्र पर ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए चोरी करते हुए परीक्षार्थी रूपेश कुमार भोजपुर को रंगे हाथ पकड़ा गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परीक्षा केंद्र पर तैनात 2 बायोमैट्रिक सुपरवाइजर हैपी कुमार व प्रियंसु कुमार और 1 जैमर कर्मी उत्सव कुमार को भी धोखाधड़ी में संलिप्त पाया। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 इलेक्ट्रॉनिक ब्लूटूथ सेट, आधार कार्ड और प्रवेश पत्र जब्त कर लिया है।

### दंगा नियंत्रण ड्रिल का आयोजन

**भागलपुर:** वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशानुसार एवं नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में भागलपुर जिला में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस केंद्र, भागलपुर में गुरूवार को दंगा नियंत्रण ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएसपी और सिटी एसपी द्वारा उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को ब्रीफिंग करते हुए दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वित कार्रवाई तथा विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्रिल के दौरान पुलिस बल को आपात एवं संवेदनशील परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने, भीड़ नियंत्रण, त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वित कार्रवाई से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इसके उपरांत भागलपुर पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर प्रभावी निगरानी स्थापित करना था।

### महाधिवक्ता एस. डी. संजय का भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ अभिनन्दन

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव संपर्क विभाग की ओर से गुरुवार को प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में बिहार सरकार के नव नियुक्त महाधिवक्ता एस. डी. संजय का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि महाधिवक्ता एस. डी. संजय का अभिनंदन केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं का सम्मान है, जिन्होंने वर्षों तक संगठन और समाज की सेवा की है। उन्होंने कहा कि एस. डी. संजय संघ के स्वयंसेवक, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सक्रिय पदाधिकारी तथा समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व रहे हैं।

## श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# मेला की व्यवस्थाओं को रखें दूरूस्त

एजेंसी

**बक्सर :** आगामी श्रावणी मेला-2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने मेला की व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव दिए, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं के दिए निर्देश जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद बक्सर व डुमरांव को मेला शुरू होने से पहले प्रमुख मार्गों की सफाई, चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का निर्देश दिया।




▸ सिविल सर्जन को सभी अस्पतालों में एम्बुलेंस, आवश्यक दवाइयों और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग को आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा गया। विद्युत विभाग को कांवर यात्रा मार्गों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा ढीले तारों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं नगर निकायों को पेयजल, स्वच्छता, गड्ढों की मरम्मत और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। सिविल सर्जन को सभी अस्पतालों में एम्बुलेंस, आवश्यक दवाइयों और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कांवरियों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था, प्रमुख तिथियां घोषित बैठक में बताया गया कि इस वर्ष श्रावण माह 30 जुलाई से शुरू होगा। प्रथम सोमवारी 3 अगस्त, द्वितीय 10 अगस्त, तृतीय 17 अगस्त और चतुर्थ सोमवारी 24 अगस्त को होगी। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में कांवरियों की भारी भीड़ को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने कहा कि मेला अवधि में सभी प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**सुपौल :** जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हुए सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक पवन कुमार यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि पवन कुमार यादव महुआ मझारी से मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान झाझा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही भपटियाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ-साथ आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

## बांकीपुर को सलाहकार नहीं, सेवादार की जरूरत : ऋतुराज सिन्हा

एजेंसी

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान करबिगहिया और चांदपुर बेला में गुरुवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी राजनीतिक प्रयोग या किसी व्यक्ति की महत्वाकांक्षा का नहीं, बल्कि बांकीपुर के विकास और जनता के विश्वास का चुनाव है। बांकीपुर उपचुनाव में जनसुराज के उम्मीदवार प्रशांत किशोर पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर वर्षों तक दूसरों को



चुनाव जिताने की रणनीति बनाते रहे, लेकिन अब बांकीपुर को अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बांकीपुर की जनता किसी सलाहकार के प्रयोग का हिस्सा नहीं बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सिन्हा ने कहा, बांकीपुर को सलाहकार नहीं, सेवादार की जरूरत है।₹ जनता ऐसे प्रतिनिधि को चुनेगी जो चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर दिन जनता के बीच रहे, उनके सुख-दुख में सहभागी बने और विकास के लिए जवाबदेही के साथ काम करे। कहा कि रणनीतिकार चुनाव की गणित समझता है, लेकिन सेवादार जनता का विश्वास जीतता है। बांकीपुर की जागरूक जनता इस फर्क को अच्छी तरह समझती है और राजनीतिक नैरेटिव नहीं, बल्कि सेवा और कार्य के आधार पर अपना निर्णय करेगी। भाजपा की राजनीति सेवा, सुशासन और विकास पर आधारित है। उन्हें विश्वास है कि बांकीपुर की जनता अवसरवादी राजनीति को नकारते हुए सेवा और समर्पण की राजनीति का समर्थन करेगी। जनता को सलाह देने वाले बहुत मिल जाएंगे, लेकिन जनता के बीच रहकर सेवा करने वाले ही उसका विश्वास जीतते हैं। इसलिए बांकीपुर को सलाहकार नहीं, सेवादार की जरूरत है।

## वित्तीय साक्षरता और व्यवसाय प्रबन्धन से सशक्त होंगी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभुक

एजेंसी

**सहरसा।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभुकों को द्वितीय एवं उससे ऊपर की किस्त की राशि का लाभ प्रभावी ढंग से दिलाने तथा उनके व्यवसाय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सहरसा जिले के शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र, सुलिंदाबाद में एक दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीविका के जिला स्तर के सभी प्रबंधक, प्रखंड स्तर के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं संबंधित कर्मियों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मास्टर



ट्रेनरों को तैयार करना था, ताकि वे आगे प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर लाभुकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, व्यवसाय योजना निर्माण, ऋण राशि के प्रभावी उपयोग, व्यवसाय संचालन, आय वृद्धि के उपाय तथा उद्यम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा यह बताया गया कि योजनाओं से प्राप्त वित्तीय सहायता का उचित उपयोग कर लाभुक अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बना सकते हैं।

## हत्या और गृहभेदन कांड में छह अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी

**सारण :** जिले में वांछित एवं फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को सफलता मिली है। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर जिले की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या और गृहभेदन के मामलों में कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में अवतारनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर हत्या कांड संख्या-321/25 में फरार दो अभियुक्तों राजेश राय और पप्पू राय ग्राम मौजमपुर फुलवरिया टोला निवासी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार राजेश राय का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। दूसरी कार्रवाई में कोपा थाना पुलिस ने गृहभेदन कांड संख्या-194/24 के फरार अभियुक्त ककु नट को गिरफ्तार किया। ककु नट पर कोपा, रिविलगंज और बनियापुर थानों में आर्म्स एक्ट व उत्पाद अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। वहीं, तीसरी कार्रवाई में पानापुर थाना पुलिस ने कांड संख्या-333/25 में फरार तीन अभियुक्तों मुंद्रिका साह, विक्की साह और सुभाष साह ग्राम रसौली को गिरफ्तार किया। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

## श्रद्धालुओं ने सोमनाथ धाम में किया प्रथम ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक

एजेंसी

**पटना :** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्षों की अटूट आस्था के अंतर्गत विशेष रेलगाड़ी से यात्रा कर गए 1100 श्रद्धालुओं ने बुधवार को प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के पावन दर्शन किया तथा विधि-विधान के साथ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर अपने परिवार, बिहार राज्य तथा राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सोमनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दर्शन किए। हर-हर



महादेव एवं जय सोमनाथ के जयघोष से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। बीते सोमवार को पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन से 1100 श्रद्धालुओं को लेकर विशेष ट्रेन सोमनाथ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित समन्वय व उत्तम प्रबंधन सुनिश्चित किया गया, जिससे सभी श्रद्धालुओं ने सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से अपनी तीर्थयात्रा संपन्न की। श्रद्धालुओं ने यात्रा के सफल संचालन एवं बेहतर व्यवस्थाओं के लिए बिहार सरकार, केंद्र सरकार तथा संबंधित सभी विभागों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। सोमनाथ यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को न केवल भारत के प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें देश की गौरवशाली सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से निकटता से जुड़ने का अवसर भी मिला। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव सिद्ध हो रही है। विभाग द्वारा यात्रा के प्रत्येक चरण की सतत निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है।

### जेल में 20 वर्षीय कैदी ने की आत्महत्या, जांच शुरू

**नवादा :** नवादा मंडल कारा में पॉस्को एक्ट के तहत जेल में बंद कैदी ने सीढ़ी रूम में अपने गमछी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में एक कक्षपाल को निलंबित भी किया जा चुका है। मंडल कारा अधीक्षक बृजेश सिंह मेहता ने गुरुवार को बताया कि जेल में बंद नवादा जिले के मेसकौर थाने के महाराजगंज गांव निवासी 20 वर्षीय घनश्याम कुमार को कक्ष पाल ने कैदियों को खोलने के लिए चाबी दी थी। सुबह 4:30 बजे के करीब कैदी सीढ़ी रूम में घुसकर अपने ही गमछी से फांसी लगा लिया।

## ड्रेस कोड लागू हुआ तो शिक्षकों को वर्दी भत्ता भी मिले : मशकूर आलम

**मधुबनी :** बिहार प्रदेश प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता मशकूर आलम ने शिक्षकों पर ड्रेस कोड लागू किए जाने की चर्चा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि राज्य सरकार शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य करने का निर्णय ले लिया है, तो इसके साथ शिक्षकों के अधिकारों और सुविधाओं को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। शिक्षक सदैव अनुशासन, मयार्दा और गरिमापूर्ण आचरण के पक्षधर रहे हैं। यदि सरकार



विद्यालयों में एकरूपता और अनुशासन के उद्देश्य से ड्रेस कोड लागू करना चाहती है, तो उसके लिए आवश्यक आर्थिक व्यवस्था करना भी सरकार की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी है। केवल नियम लागू करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन नियमों के पालन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। मशकूर आलम ने सरकार के समक्ष निम्नलिखित प्रमुख माँगें रखीं–प्रत्येक शिक्षक को प्रतिवर्ष सम्मानजनक वर्दी भत्ता प्रदान किया जाए। प्रत्येक वर्ष कम-से-कम दो जोड़ी वर्दी अथवा उसके समतुल्य राशि शिक्षकों को उपलब्ध कराई जाए। गर्मी एवं सर्दी के मौसम के अनुरूप अलग-अलग वर्दी अथवा उसके लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी जाए।


### तीन स्थानों पर मनाया गया बीएमएस का 72वां स्थापना दिवस

**सहरसा :** विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी देशभक्त मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस गुरुवार को कहरा कुटी कार्यालय मे धूमधाम से मनाया गया।जिला अध्यक्ष संतोष पासवान ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस शहर के कहरा कुटी, सलखुआ, बनमा इटहरी,महिषी क्षेत्र में मनाया गया।इस अवसर पर झंडोत्तोलन के साथ साथ भारत माता, विश्वकर्मा भगवान एवं संस्थापक मा दतोपंत ठेगड़ी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही भारतीय मजदूर संघ का ध्येय गीत, संगठन गीत के साथ-साथ रीति नीति के संबंध मे विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## गंगा के जलस्तर में वृद्धि, खतरे के निशान से चार मीटर दूर जलस्तर

एजेंसी

**भागलपुर :** नेपाल, उत्तराखंड और पहाड़ी जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, हालांकि गंगा नदी भागलपुर में अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही है। केंद्रीय जल आयोग और बाढ़ नियंत्रण विभाग लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में गंगा के जलस्तर में प्रति 24 घंटे में 14 से 30 सेंटीमीटर तक की वृद्धि दर्ज की गई है। भागलपुर और नवगछिया के इस्माईलपुर-बिंदटोली तटबंध (स्पर-07) पर गंगा का जलस्तर लगभग 29.02 से 29.78 मीटर के आसपास



पहुंच गया है। भागलपुर में गंगा नदी का खतरे का निशान 33.68 मीटर है। नदी अभी खतरे के लाल निशान से करीब 3.5 से 4 मीटर नीचे बह रही है, जिससे फिलहाल बाढ़ का कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। गंगा का पानी इस्माईलपुर-बिंदटोली तटबंध के निचले हिस्से (टो) को छूने लगा है, लेकिन राहत की बात है कि तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। भागलपुर के बूढ़ानाथ घाट पर बनी बाँस की चचरी पूरी तरह डूब चुकी है और पानी मंदिर परिसर की तरफ बढ़ रहा है। वहीं सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पर पानी बढ़ने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग लगा दी है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह अलर्ट पर हैं।

## सुपौल-अररिया नयी रेल लाइन परियोजना का डीएम ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**सुपौल :** जिले में निर्माणाधीन सुपौल-अररिया नई रेल लाइन परियोजना को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी सावन कुमार ने त्रिवेणीगंज-जदिया रेलखंड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं रेलवे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेखांकन (अलाइनमेंट) का अवलोकन करने पर पाया गया कि त्रिवेणीगंज-जदिया रेलखंड में लगभग सात स्थानों पर नहरें पड़ रही हैं। इन स्थानों पर रेल पुलों का निर्माण

- सरकार की प्राथमिकता वाली इस परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी
- किसी भी विकास परियोजना की सफलता के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक

प्रस्तावित है, जिसके लिए सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को



निर्देश दिया कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर एनओसी प्राप्त करें, ताकि पुल निर्माण का कार्य बिना विलंब शुरू किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विकास परियोजना की सफलता के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। सभी संबंधित विभाग समय पर आवश्यक अनुमतियां उपलब्ध कराएं, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि प्रस्तावित रेल लाइन के रेखांकन में कुछ स्थानों पर विभिन्न प्रकार की संरचनाएं मौजूद हैं। इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमानुसार ऐसी संरचनाओं को जल्द हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि निर्माण एजेंसी को किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भूमि उपलब्ध है और कोई अवरोध नहीं है, वहां निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। वहीं जिन स्थानों पर प्रशासनिक या तकनीकी समस्याएं हैं, उनका भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने रेलवे अधिकारियों को परियोजना के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग करने, कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता वाली इस परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने जिलाधिकारी को परियोजना की वर्तमान स्थिति और शेष कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहां आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियां प्राप्त हो रही हैं, वहां निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

## जेपी सेनानियों की लम्बित मांगों को लेकर विधायक छोटी कुमारी ने सदन में उठाया मुद्दा

एजेंसी

**सारण :** बिहार विधानसभा में छपरा क्षेत्र की विधायक छोटी कुमारी ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सदन में जेपी सेनानियों एवं उनके आश्रितों के सम्मान और कल्याण का मुद्दा उठाया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में शामिल कई सेनानी आज भी सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। विधायक छोटी कुमारी ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पुराने सरकारी अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण कई पात्र सेनानियों को अब तक उचित सम्मान और अधिकार नहीं मिल



सका है। वर्तमान में कई जीवित जेपी सेनानी गंभीर आर्थिक व सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं वहीं दिवंगत सेनानियों की विधवा पत्नियां भी पेंशन लाभ से वंचित हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी पात्र सेनानियों को अविलंब योजना का लाभ दिया जाए तथा जेपी सेनानी सम्मान योजना परिषद में वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

## एक नजर

### बांग्लादेश को झटका, तेज गेंदबाज इबादत हुसैन बाहर

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इबादत अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण बांग्लादेश में ही रहेंगे और टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करेंगे। बांग्लादेश की टीम 13 अगस्त से डार्विन में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र का हिस्सा है। फिलहाल बांग्लादेश डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। हालांकि इबादत की गैरमौजूदगी के बीच टीम को एक राहत भी मिली है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की बेहतर तैयारी के लिए श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया है।

### स्टोक्स ने घरेलू क्रिकेट में लगाया शतक

**लंदन :** हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अब घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए पहले ही मैच में शतक लगाया है। स्टोक्स ने ये शतक घरेलू वन-डे कप में डरहम की ओर से खेलते हुए लगाया। स्टोक्स ने इस दौरान डबीर्शायर के खिलाफ नाबाद 108 रन बनाये। संन्यास के बाद पहली बार मैदान में लौटे स्टोक्स ने अपनी इस पारी से दिखाया है कि अभी भी उनमें काफी क्रिकेट बचा है। इस मैच में 257 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टोक्स ने डरहम की ओर से खेलते हुए 108 रन बनाए और अंत तक आउट नहीं हुए। उनकी यह पारी शतक के साथ ही जुझारूपन और दृढ़ संकल्प भी दिखाती है। मैच के दौरान स्टोक्स क्रैंप्स से जूझते रहे पर उन्होंने हार नहीं मानी और बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। काउंटी के लिस्ट ए मुकाबले में यह उनका 12 साल के बाद का पहला शतक है। ये उनकी लंबी अनुपस्थिति के बाद की वापसी को और भी खास बनाता है।

### क्रकेटरों की फिटनेस सुधारने पैडल ट्रेनिंग अनिवार्य

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी जोर देने जा रहा है। पीसीबी का मानना है कि टीम के खराब प्रदर्शन का कारण कमजोर फिटनेस भी रही है। इसी कारण अब उसने क्रिकेटरों के लिए पैडल ट्रेनिंग अनिवार्य कर दी है। इसी के तहत ही लाहौर स्थित नेशनल क्रिकेट एके-डमी (एनसीए) में अब पैडल को खिलाड़ियों की ट्रेनिंग का एक अनिवार्य हिस्सा बना दिया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत, सभी क्रिकेटरों को अपनी फुर्ती, रिफ्लेक्स और फील्डिंग से जुड़ी गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए हर दूसरे दिन 40 मिनट के विशेष पैडल सत्र में भाग लेना होगा।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आगाज

# आठ खेलों में उतरेंगे 125 भारतीय खिलाड़ी



एजेंसी

**ग्लासगो :** स्कॉटलैंड के शहर ग्लासगो में गुरुवार से 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत हो गई। 2 अगस्त तक चलने वाले इस इवेंट में 74 देशों के 3,000 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 10 खेलों में 215 गोल्ड सहित कुल 1,168 मेडल दांव पर होंगे। भारत के 125 खिलाड़ी 8 खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन में हुई थी। तब इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता था। पहले एडिशन में ब्रिटिश साम्राज्य से जुड़े 11 देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, लॉन बॉल्स, रोइंग, स्विमिंग और रेसलिंग जैसे खेल शामिल थे। 1930 से 1950 तक इस टूनार्मेंट को ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा गया। 1954 में इसका नाम बदलकर ब्रिटिश एम्पायर एंड कॉमनवेल्थ गेम्स किया गया। 1970 में यह ब्रिटिश कॉमनवेल्थ गेम्स बना और 1978 से इसे कॉमनवेल्थ गेम्स के नाम से जाना जाता है। इसका आयोजन हर चार साल में होता है। इसका मकसद कॉमनवेल्थ देशों के खिलाड़ियों को बड़े इंटरनेशनल मंच पर कम्पटीशन का अवसर देना है। भारत ने पहली बार 1934 में हिस्सा लिया था। इस बार कुल 10 खेलों में 215 मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें 47 पैरा-स्पोर्ट्स मेडल इवेंट्स शामिल हैं। क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन, शूटिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस और स्क्वैश जैसे खेल ग्लासगो 2026 का हिस्सा नहीं हैं। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सबसे ज्यादा मेडल शूटिंग में ही जीते हैं। भारत ने 1934 में कॉमनवेल्थ गेम्स में डेब्यू किया था।भारत ने 1930, 1950, 1962 और 1986 को छोड़कर बाकी सभी एडिशन में हिस्सा लिया है। लंदन 1934 गेम्स में भारत की ओर से छह एथलीटों ने हिस्सा लिया था। भारतीय दल ने 10 ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स और एक कुश्ती स्पर्धा में भाग लिया।

## हॉकी झारखंड के नवनिर्वाचित महासचिव मनोज कोनबेगी खूंटी पहुंचे, संघ के पदाधकारियों और खिलाड़ियों से मिले



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** चार दिन पूर्व ही हॉकी झारखंड के महासचिव के रूप में नवनिर्वाचित महासचिव मनोज कोनबेगी आज ओलंपिक में प्रथम स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के गृह जिला खूंटी पहुंचे, और संघ के पदाधिकारी और खिलाड़ियों से मिले। कुछ खिलाड़ियों के फॉर्म इत्यादि में हस्ताक्षर करना था उसे भी किए। इस मौके पर हॉकी खूंटी के पदाधिकारी ने उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर महासचिव मनोज कोणबेगी ने हॉकी खूंटी के अध्यक्ष,सचिव कोषाध्यक्ष एवम अन्य पदाधिकारी से बातचीत कर हॉकी के विकास में चल रहे कार्यों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से भी बातचीत किया और कहा अब आपके जिला में भी बालिका के लिए आवासीय और सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना हो गई है अब आप लोग और अधिक मेहनत करें हॉकी खूंटी आप लोगों को लगातार आगे बढ़ने का मंच देगी साथ सरकार आप लोगों के ट्रेनिंग के लिए अच्छी व्यवस्था दी है दो-दो एस्ट्रोटर्फ दिया है इसका लाभ लें।हॉकी झारखंड आपके साथ है। इस मौके पर विशेष रूप से हॉकी खूंटी के अर्पणा हंस, अनिमा तिरु , सुनील नायक, नामजन सोय इत्यादि उपस्थित थे। सिमडेगा आवासीय हॉकी सेंटर में वर्षो तक कोच रहकर कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी देने वाली हॉकी कोच स्व. प्रतिमा बरवा के खूंटी स्थित आवास पहुंचकर उनके परिजनों और माता जी से मिलकर उनका हालचाल लिया और उन्हें कहा कि कभी भी कोई आवस्यकत हो तो बेझिझक फोन करे।

## चाइना ओपन 2026 : अंतिम-16 में हारकर बाहर हुई पीवी सिंधु




एजेंसी

**चांगझोउ :** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का चाइना ओपन 2026 में सफर अंतिम-16 दौर में ही समाप्त हो गया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई ने शानदार वापसी करते हुए सिंधु को 16-21, 22-20, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिंधु ने मुकाबले की शानदार शुरूआत करते हुए पहला गेम अपने नाम किया। हालांकि दूसरे गेम में उनके पास मैच खत्म करने के चार मौके थे, लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सकीं और चेन ने लगातार पांच अंक जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।पहले गेम में चेन ने 12-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर किया और इसके बाद लगातार अंक जुटाकर 21-16 से गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में सिंधु पूरी तरह नियंत्रण में नजर आईं और 20-17 की बढ़त के साथ उनके पास चार मैच प्वाइंट थे। लेकिन इसी मोड़ पर चेन ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार पांच अंक हासिल किए और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबले को तीसरे गेम में पहुंचा दिया।निर्णायक गेम में भी सिंधु ने शुरूआती बढ़त बनाई, लेकिन अंतिम चरण में चेन यू फेई ने लगातार शानदार अंक जुटाए और 21-18 से गेम जीतते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्वर्ण पदक विजेता चेन यू फेई अब क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन और वियतनाम की नगुएन थुई लिन्ह के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

## चौथी हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप आज से, ग्वालियर करेगा मेजबानी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला हॉकी की उभरती प्रतिभाओं को मंच देने वाला चौथा हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 (जोन ए एवं बी) शुक्रवार, 24 जुलाई से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुरू होगा। 11 दिनों तक चलने वाला यह टूनार्मेंट 3 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की 12 प्रमुख जूनियर महिला हॉकी अकादमियां खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूनार्मेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल में छह-छह टीमें हैं और लीग चरण में सभी टीमें अपने-अपने पूल की अन्य टीमों से मुकाबला करेंगी। दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें 2 अगस्त को होने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, जबकि 3 अगस्त को तीसरे स्थान का मुकाबला और फाइनल खेला जाएगा। पूल-ए में राजा करण हॉकी अकादमी, खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात-हॉकी अकादमी, हॉकी फैमिली बढ़खालसा एनसीआर हॉकी सोसायटी, तमिलनाडु हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी, सोनीपत शामिल हैं।वहीं पूल-बी में रितु रानी हॉकी अकादमी, वडीपट्टी राजा हॉकी अकादमी, भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता, मुंबई स्कूल्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन, अड्यार हॉकी अकादमी और मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी की टीमें खेलेंगी।टूनार्मेंट में लीग चरण के दौरान जीत पर तीन अंक, ड्रॉ पर एक अंक और हार पर कोई अंक नहीं मिलेगा।

## मैंने आज तक वैभव जैसा निडर और असाधारण क्रिकेटर नहीं देखा : हरभजन



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है वह असाधारण प्रतिभा है। हरजजन ने कहा कि वैभव जिस प्रकार से निडर होकर खेलता है वह उसकी सबसे बड़ी खूबी है। मैंने आज तक इस प्रकार का क्रिकेटर नहीं देखा है। जो बिना किसी डर के इस प्रकार खेलता है। साथ ही कहा कि ये आधुनिक क्रिकेट के बदलते स्वरूप को भी दिखाता है। हरभजन ने कहा कि वैभव जिस प्रकार अपनी स्वाभाविक खेल शैली पर पूरा भरोसा करते हैं उससे भी आधुनिक क्रिकेट की बदलती मानसिकता का अंदाजा होता है। आज के समय में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को खुलकर प्रदर्शित करने और पारंपरिक बंधनों से मुक्त होकर खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है जहाँ व्यक्तिगत शैली को महत्व दिया जाता है। इस पूर्व स्पिनर ने आज की युवा पीढ़ी और पिछली पीढ़ी के खिलाड़ियों के बीच के अंतर को लेकर कह। उन्होंने कहा, आज के युवाओं और पहले के युवाओं में सबसे बड़ा अंतर मीडिया और सोशल मीडिया की पहुंच का है। पहले भी ऐसी असाधारण प्रतिभाएं होती थीं पर आज उन्हें कहीं अधिक पहचान और वरीयता मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा, वैभव जिस तरह का खेल आज मैदान पर दिखा रहे हैं, वैसा पहले मैंने कभी किसी नहीं देखा।

## हरमनप्रीत का लक्ष्य है विश्वकप जीतना



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि उनकी टीम का लक्ष्य अगले माह होने वाले विश्वकप में जीत दर्ज करना है। हरमनप्रीत ने कहा कि टीम इस बार 51 साल से चले आ रहे विश्व कप के खिताबी सूखे को समाप्त करने के इरादे से उतरेगी। हरमनप्रीत दूसरी बार विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करने जा रहे है और उन्हें भरोसा है कि टीम इस बार जीत दर्ज करने में सफल रहेगी। विश्वकप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय टीम पिछले 50 साल से ये खिताब नहीं जीत पायी है। उसने अंतिम बार साल 1975 में अजीत पाल सिंह की कप्तानी में विश्कप जीता था। इससे पहले टीम ने 1971 में कांस्य, 1973 में रजत जीता था। मौजूदा टीम का आत्मविश्वास पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है। हरमनप्रीत ने बताया कि टोक्यो ओलंपिक 2021 में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने और पेरिस ओलंपिक 2024 में लगातार दूसरा कांस्य जीतने से टीम उत्साहित है। अब उनका लक्ष्य सिर्फ ओलंपिक पदक नहीं, बल्कि विश्व कप जीतकर नया इतिहास रचना है। हरमनप्रीत ने कहा कि पिछले कुछ समय में टीम ने विश्व की शीर्ष टीमों को हराकर अपने को साबित किया है। उन्होंने कह कि यह समय आ गया है कि हम प्रशंसकों के लंबे इंतजार को समाप्त करें। हम प्रशंसकों से अपील करते हैं कि वे हमारा समर्थन करते रहें, हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे और जीत हासिल करेंगे।भारतीय टीम को विश्वकप के लिए पूल-डी में रखा गया है, जहां उसका सामना इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स से होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगी, जिसका लक्ष्य जीत के साथ टूनार्मेंट का आगाज करना होगा। कप्तान ने टीम की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एफआईएच प्रो लीग के अंतिम चरण में टीम के प्रदर्शन ने काफी आत्मविश्वास दिया है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि सत्र में 33 खिलाड़ियों को मौका देकर टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पर बखूबी काम किया है। उन्होंने जोर दिया कि विश्व कप जैसे बड़े टूनार्मेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना, गलतियों से बचना और हर मैच में सुधार करना बेहद महत्वपूर्ण होगा। इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम का मुकाबला पाकिस्तान से भी है।

## अब काउंटी क्रिकेट टीम योर्कशायर से खेलेंगे कुलदीप



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव अब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में यॉर्कशायर टीम की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। कुलदीप के इंग्लैंड दौरे के एक भी मैच में जगह नहीं मिली थी। वहीं इसके बाद जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी शामिल नहीं किया गया था। इसी कारण उन्होंने काउंटी की ओर रुख किया है जिससे वहां अच्छा प्रदर्शन कर टीम में वापसी की दावेदारी करें। क्लब के साथ किये करार के तहत वह मौजूदा सत्र में आठ गेम ही खेलेंगे। इस करार के तहत ही कुलदीप अब यॉर्कशायर से जुड़ने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं यॉर्कशायर के अनुसार कुलदीप पांच मेट्रो बैंक वन डे कप मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद वे सितंबर में होने वाले चार रोथेसे काउंटी चैम्पियनशिप फिक्स्चर में से तीन के लिए हेडिंग्ले लौटेंगे। वह शुक्रवार को ग्लैमर्गिन के खिलाफ नेथ में होने वाले 50 ओवर के मैच के लिए सीधे टीम में शामिल होंगे। वहीं यॉर्कशायर में शामिल होने से उत्साहित कुलदीप ने कहा, मैं यॉर्कशायर जैसे क्लब की ओर से खेलने का अवसर मिलने से उत्साहित हूं। उन्होंने आगे कहा, मैंने हमेशा यहां के हालातों में खेलने का आनंद लिया है, और प्रबंधन से बात करने के बाद, मैं टीम में शामिल होने को लेकर उत्साहित हूं। यॉर्कशायर प्रबंधन को विश्वास है कि कुलदीप यहां पड़ रही तेज गरमी के कारण बने कठिन हालातों में बेहद सफल रहेंगे। क्लब के क्रिकेट महाप्रबंधक गैविन हैमिल्टन ने कुलदीप की प्रशंसा करते हुए कहा, कुलदीप एक निपुण, अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं जो हमारी टीम को और बेहतर बनाएंगे। गौरतलब है कि कुलदीप अपनी बाएं हाथ की कलाई की स्पिन के साथ टीम के लिए बेहतर गेंदबाज बनकर उभरेंगे।

## टीम की जरुरतों के अनुसार खेलना मेरी पहली प्राथमिकता : तिलक



एजेंसी

**हरारे।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज और टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा पिछले कुछ समय से धीमी बल्लेबाजी के लिए निशाने पर रहे हैं। उनके कम स्ट्राइक रेट को लेकर भी अक्सर सवाल उठते रहे हैं। इन्हीं को लेकर अब तिलक ने अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। तिलक के आलोचकों का कहना है कि आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनका स्ट्राइक रेट कम था जिससे टीम को नुकसान हुआ। वहीं तिलक ने कहा कि से उनके लिए व्यक्तिगत आंकड़े मायने नहीं रखते हैं। वह हमेशा टीम की जरूरतों को ही अपनी पहली प्राथमिकता मानते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैदान पर उनका खेल केवल हालातों और टीम की मांग के अनुरूप ही होता है। तिलक ने कहा कि टी20 क्रिकेट में हर मैच और हालात एक-दूसरे से बिलकुल अलग होते हैं। ऐसे में एक बल्लेबाज को उसी हिसाब से खेलना होता है। उन्होंने कहा, इस खेल की प्रकृति ही ऐसी है कि यह हर पल बदलता रहता है, और खासकर विदेशी हालातों में जहां पिचों का मिजाज और माहौल अलग होता है, ऐसे में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता। इसलिए मैं हमेशा टीम की जरूरत के अनुसार ही खेलता हूं।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में मयंक, अशोक और यश पर रहेंगी नजरें

### बुमराह का विकल्प तलाश रहे चयनकर्ता





एजेंसी

**हरारे :** भारतीय क्रिकेट टीम आज से यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में उतरेगी। इस दौरान नये गेंदबाजों के सामने अपने को साबित करने का अवसर रहेगा। इस बार चयनकताओं की नजरें उन गेंदबाजों पर टिकी हैं जो केवल तेज गेंद फेंकने में ही कुशल न हों, बल्कि भरोसेमंद हों, दबाव में प्रदर्शन कर सकें और तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभाल सके। यह तीन गेंदबाज हैं मयंक यादव, अशोक शर्मा और यश ठाकुर हैं। ये तीनों ही 150 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक की रफ्तार से गेंद फेंकते हैं और कड़ी मेहनत से भारतीय स्क्वॉड तक पहुंचे हैं। मगर उन्हें अगर टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का विकल्प बनना है तो जिम्बाब्वे दौरे पर अपनी गेंदबाजी चयनकताओं को प्रभावित करना होगा। आईपीएल 2024 से ही 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचने वाले मयंक यादव को इस बार अवसर मिला है जिसका वह लाभ उठाना चाहेंगे। मयंक की गेंदों में तेजी जरुर है पर उनकी फिटनेस सही नहीं है। वह लगातार चोटिल होते रहते हैं, जिसके कारण वह आईपीएल 2024 में भी कुछ मैच ही खेल पाये थे। मयंक जैसे तेज गेंदबाज किसी भी टीम के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं पर उन्हें अपनी फिटनेस बनाये रखनी होगी। ये काम सबसे कठिन दिखता है। वहीं दूसरी ओर, अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से हैरान किया है। आईपीएल के एक सत्र में उन्होंने 154.2 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर सभी को प्रभावित किया था। अशोक शर्मा का मजबूत पक्ष केवल उनकी तेज गति नहीं है, बल्कि डेथ ओवर्स में उनकी घातक यॉर्कर और बेहतरीन धीमी गेंद फेंकने की क्षमता भी है। गुजरात टाइटंस के अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने भी अशोक के इस कौशल की जमकर प्रशंसा की थी। वहीं तीसरे गेंदबाज यश ठाकुर हैं, यश ने गति की जगह पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन से चयनकताओं का दिल जीता है।



वाईरान में टूर डी फ्रांस साइकिल रेस में बेल्जियम के जैस्पर फिलीपैशन सबसे पहले फिनिश लाइन पार कर उत्साहित होते हुए।

# लगातार चौथे दिन घरेलू शेयर बाजार में हुई गिरावट

**नयी दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद दिन के पहले सत्र में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर रिकवरी की कोशिश भी की, लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। सेंसेक्स इंट्रा-डे में 600 अंक से अधिक टूट गया। निफ्टी ने भी इंट्रा-डे में लगभग 190 अंक तक गोता लगाया। हालांकि, आखिरी आधे घंटे के कारोबार में मामूली खरीदारी होने की वजह से इन दोनों सूचकांकों ने निचले स्तर से कुछ हद तक रिकवरी करने में सफलता भी हासिल की। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 239.95 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,515.10 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स दोपहर 11 बजे



के करीब ओपनिंग लेवल से 210 अंक से ज्यादा सुधर कर 76,726.66 अंक तक आ गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक शाम तीन बजे के थोड़ी देर पहले 603.07 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूट कर 76,151.98 अंक के स्तर तक गिर गया। आखिरी आधे घंटे के कारोबार में एक बार फिर खरीदारों के एक्टिव होकर खरीदारी करने के कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से करीब 240 अंक रिकवर कर 363.66 अंक की कमजोरी के साथ 76,391.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 91.45 अंक यानी 0.38 प्रतिशत लुढ़क कर 23,904.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 11 बजे के करीब निफ्टी ओपनिंग लेवल से लगभग 85 अंक सुधर कर 23,990.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में दोबारा गिरावट आने लगी। बाजार में लगातार हो रही बिकवाली की वजह से आज का कारोबार खत्म होने के करीब आधा घंटा पहले यह सूचकांक 189.05 अंक यानी 0.79 प्रतिशत फिसल कर 23,807.20 अंक के स्तर तक आ गया। अंत में खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर लगाया, जिसके कारण निफ्टी दिन के निचले स्तर से 60 अंक से अधिक की रिकवरी कर 126.65 अंक की गिरावट के साथ 23,869.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। रियल्टी, ऑयल एंड गैस और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों की आज जमकर बिकवाली होती रही। इसी तरह एनर्जी, बैंकिंग, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल और मीडिया सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही। इस खरीदारी के कारण निफ्टी का ऑटो इंडेक्स 0.70 प्रतिशत मजबूत हो गया। इसी तरह मीडिया इंडेक्स ने भी आज 0.22 प्रतिशत की छलांग लगाई। ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.99 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## एक झलक

### यूको बैंक ने कारोबारी परिणाम किया घोषित

भारत सरकार की अग्रणी बैंक, यूको बैंक, ने दिनांक 22.07.2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (30 जून 2026 को समाप्त) के कारोबारी परिणाम घोषित किये। कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 15.53% की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2026 को 6,05,083 करोड़ हो गया। कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 11.28% वृद्धि के साथ 3,32,315 करोड़ हो गया। सकल अग्रिम (Gross Advance) वर्ष-दर-वर्ष 21.18% की वृद्धि के साथ 2,72,768 हो गया। प्रति कर्मचारी कारोबार (Business per Employee) वर्ष-दर-वर्ष बढ़ कर 28.47 करोड़ हो गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 24.64 करोड़ था।
30.06.2026 को प्रति शाखा कारोबार बढ़कर 176.77 करोड़ हो गया, जबकि 30.06.2025 को यह 158.37 करोड़ था।
30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक का शुद्ध लाभ (Net Profit) 656 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 607 करोड़ की तुलना में 8.05% अधिक है।
ग्रॉस एनपीए (Gross NPA) घटकर 2.08% पर आ गया, जबकि नेट एनपीए (ठी३ ठढअ) घटकर 0.25% रह गया।
30 जून 2026 की स्थिति के अनुसार बैंक का नेटवर्क 3,421 घरेलू शाखाओं तथा 2 विदेशी शाखाओं (हांगकांग और सिंगापुर) एवं ईरान में 1 प्रतिनिधि कार्यालय सहित कुल 3,424 शाखाओं/कार्यालयों का है। इनमें से 2,087 शाखाएं (61%) ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक के पास 2,610 एटीएम एवं 11,108 बीसी पॉइंट हैं, जिससे कुल 17,040 टच पॉइंट्स का मजबूत नेटवर्क बनता है।

### आशीष कुमार दास इंफोसिस के सीईओ नियुक्त, अगले साल 01 अप्रैल से संभालेंगे पदभार

**नयी दिल्ली :** देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी इंफोसिस ने आशीष कुमार दास को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ-नामित) नियुक्त किया है। वह 1 अप्रैल 2027 से मौजूदा प्रबंध निदेशक और सीईओ सलिल पारेख की जगह लेंगे। वे 30 से अधिक वर्षों से इंफोसिस के साथ जुड़े हुए हैं, उनका कार्यकाल शेयर धारकों की मंजूरी के अधीन 5 वर्षों का होगा। सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि इंफोसिस के निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर आशीष दास की नियुक्ति पांच वर्ष की अवधि के लिए की गई है। हालांकि, ये नियुक्ति शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन होगी। वे इंफोसिस के वर्तमान प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख की जगह लेंगे। पारेख का दूसरा कार्यकाल 31 मार्च, 2027 को समाप्त होगा। उन्होंने कंपनी का नेतृत्व नौ वर्ष से अधिक समय तक किया है। इंफोसिस के मुताबिक आशीष कुमार दास वर्तमान में विभिन्न उद्योग क्षेत्रों वाले विविध कारोबार खंड के वैश्विक प्रमुख हैं। कंपनी ने कहा, ह्यह्यइंफोसिस में तीन दशक से अधिक समय बिताने वाले दास ने वैश्विक परिचालन से जुड़े कई वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर काम किया है। कंपनी ने बताया, उन्होंने लगातार मजबूत प्रदर्शन किया, ग्राहकों को जटिल कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी बदलाव के दौर में मार्गदर्शन दिया तथा वैश्विक स्तर पर उच्च प्रदर्शन करने वाले दलों का निर्माण किया है।

## सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' ने भारत के 135 शहरों में 'डिजाइन थिंकिंग' पहुंचा कर मनाया अपने पांचवें साल का जश्न

**रांची :** अपने मुख्य सीएसआर प्रोग्राम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो' के पांचवें एडिशन के तहत, सैमसंग इंडिया ने देश भर के 135 शहरों में अपनी 'डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप' आयोजित की हैं, जिससे युवाओं के लिए भारत का सबसे बड़ा ग्रासरूट इनोवेशन प्लेटफॉर्म तैयार हुआ है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो' (सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो) एक देशव्यापी इनोवेशन और एजुकेशन कॉम्पिटिशन है। यह 14 से 22 साल के युवाओं को अपने समुदायों की अहम चुनौतियों की पहचान करने और डिजाइन थिंकिंग, मेंटरशिप और इनक्यूबेशन के जरिए टेक्नोलॉजी-बेस्ड समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बनाता है। समय के साथ, यह प्रोग्राम भारत की अगली पीढ़ी के इनोवेटर्स, एंटरप्रेन्योर्स और सोशल



चेंजमेकर्स के लिए एक लॉन्चपैड बन गया है। इस साल, सैमसंग ने 184 'डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप' आयोजित कीं, जिनमें जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु और गुजरात से लेकर त्रिपुरा तक के स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के हजारों छात्र शामिल हुए। इन वर्कशॉप्स में प्रतिभागियों को 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग' (लोगों की जरूरतों पर आधारित डिजाइन सोच) से परिचित कराया गया, ताकि वे टेक्नोलॉजी पर आधारित ऐसे समाधान बनाने से पहले असल दुनिया की समस्याओं को समझ सकें, जिनका समाज पर सार्थक प्रभाव पड़े। डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप्स के पूरे होने के बाद, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो' अब अपने अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। इस चरण में, प्रतिभागियों द्वारा जमा किए गए आइडियाज के आधार पर टॉप 100 टीमों को चुना जायेगा, जो आगे चलकर मेंटरशिप, एक्सपर्ट गाइडेंस और और ज्यादा मूल्यांकन की प्रक्रिया से गुजरेंगी। हर बड़ी कामयाबी की शुरूआत सुनने, देखने और सही सवाल पूछने से होती है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो' के जरिए, हम पूरे भारत के युवाओं में ऐसी सोच विकसित करने में मदद कर रहे हैं, जिसमें वे टेक्नोलॉजी के साथ 'डिजाइन थिंकिंग' का इस्तेमाल कर-के अपने समुदायों की अहम चुनौतियों का समाधान कर सकें।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70 मैक्स

**रांची :** मोबाइल टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन में ग्लोबल लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपना फ्लैगशिप परफॉर्मेंस स्मार्टफोन मोटोरोला एज 70 मैक्स लॉन्च किया है। यह फोन उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें शानदार स्पीड, बेहतरीन एंटरटेनमेंट, लंबी चलने वाली बैटरी और स्मार्ट एआई फीचर्स की जरूरत होती है। नए स्?नैपड्रैगन 8 जेन 5 चिपसेट द्वारा संचालित, मोटोरोला एज 70 मैक्स अपने सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले तकनीक, एक विशाल 7100अँ सिलिकॉन कार्बन बैटरी, प्रीमियम डिजाइन, एआई-संचालित इमेजिंग और सहज मल्टी-डिवाइस इंटेलिजेंस का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है, जो फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव

## 13.49 लाख की शुरुआती कीमत पर लॉन्च हुई किआ सिरोस ईवी

**नयी दिल्ली :** किआ इंडिया ने अपनी दूसरी मेड-इन-इंडिया मास-प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी किआ सिरोस ईवी को 13.49 लाख (एक्स-शोरूम) की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया है। 42 kWh बैटरी वेरिएंट की कीमत 13.49 लाख, जबकि 51.4 kWh एक्सटेंडेड रेंज वेरिएंट की कीमत 16.99 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है। इसकी बिक्री 30 जुलाई 2026 से देशभर के किआ डीलरशिप पर शुरू होगी।
कंपनी ने सिरोस ईवी के साथ उद्योग की सबसे मजबूत ओनरशिप योजनाओं की घोषणा की है। इसमें 3 वर्ष बाद 80% तक का एश्योर्ड बायबैक, बैटरी-एज-ए-सर्विस



(BaaS) के तहत 7.99 लाख से शुरूआती स्वामित्व और 3.3 प्रति किमी बैटरी ईएमआई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ग्राहकों को 15 वर्ष की लाइफटाइम हाई-वोल्टेज बैटरी वारंटी (अनलिमिटेड किलोमीटर) भी मिलेगी। किआ सिरोस ईवी दो बैटरी विकल्पों में उपलब्ध होगी। 51.4 kWh बैटरी के साथ यह अफ्अक प्रमाणित 526 किमी (MIDC फुल) की सेगमेंट-बेस्ट रेंज देती है, जबकि 42 kWh बैटरी पर 443 किमी की रेंज मिलती है। यह 171 ढर की सेगमेंट-बेस्ट पावर और 100 kW डीसी फास्ट चार्जर से 10% से 80% चार्ज केवल 39 मिनट में करने की क्षमता रखती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ग्वांगगू ली ने कहा कि सिरोस ईवी का उद्देश्य केवल एक नई इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करना नहीं, बल्कि ग्राहकों को भरोसेमंद, किफायती और सुविधाजनक ईवी स्वामित्व का अनुभव देना है।
चार्जिंग सुविधा के लिए किआ का K-Charge नेटवर्क देशभर में 20,300 से अधिक चार्जिंग पॉइंट, 129 से अधिक डीसी फास्ट चार्जिंग डीलरशिप और 275 से अधिक ईवी-रेडी वर्कशॉप से जुड़ा है। फीचर्स की बात करें तो सिरोस ईवी में 30-इंच ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले, हरमन कार्डन 8-स्पीकर ऑडियो सिस्टम, डुअल-पेन पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स, OTA अपडेट, लेवल-2 ADAS, 360-डिग्री कैमरा, 6 एयरबैग और 25 से अधिक स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला इंडो एमआईएम का आईपीओ

**नयी दिल्ली :** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपोनेंट बनाने वाली कंपनी इंडो एमआईएम का 3,811.21 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 28 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 29 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 3:15 बजे तक ये आईपीओ 82 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 461 रुपये से लेकर 485 रुपये प्रति शेयर का



प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 30 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 30 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,550 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,89,150 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 390 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 7,86,00,300 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 1,03,09,278 नए शेयर जारी हो रहे हैं, जबकि 6,82,91,022 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये जारी किए जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.87 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 34.91 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.96 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा कंपनी के एंप्लॉयीज के लिए 0.26 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

## कभी-कभी आप किसी की असली अहमियत तब समझते हैं, जब आप उन्हें खोने वाले होते हैं : गुलकी जोशी



**मुंबई :** सोनी सब का यादें शो दर्शकों का अपने दिल छू लेने वाले हास्य, भावनाओं और रोचक मेडिकल केसेस के मिश्रण से लगातार मनोरंजन कर रहा है। आने वाले एपिसोड्स में, डॉ. सृष्टि खुद को उन भावनाओं को नजरअंदाज करने के संघर्ष में पाती हैं, जिनके लिए वे मानती थीं कि वे उन्हें बहुत पहले पीछे छोड़ चुकी हैं। जब वे देखती हैं कि डॉ. देव और डॉ. प्रीति (छवि पांडे) अस्पताल में साथ काम करते हुए और करीब आ रहे हैं, तो उनके मन में सवाल उठता है कि क्या वे सचमुच आगे बढ़ चुकी हैं। अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हुए, डिग्गी (अर्जुन पुंज) के साथ, डॉ. सृष्टि बार-बार डॉ. देव की ओर खिंचती चली जाती हैं, जिससे अपनी असली भावनाओं को छुपाना उनके लिए और भी मुश्किल हो जाता है। वहीं, दूसरी ओर, डॉ. देव, अपने आसपास चल रहे भावनात्मक उथल-पुथल से अनजान, अपनी ज़िंदगी के नए अध्याय को अपनाने लगते हैं, क्योंकि डॉ. प्रीति का आगमन उन्हें नया दृष्टिकोण और नई संगत देता है।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका से और महंगा हुआ कच्चा तेल

**नयी दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग और खाड़ी के देशों से क्रूड ऑयल की ग्लोबल सप्लाई बाधित होने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड दो महीने के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया। आज ब्रेंट क्रूड ने तेजी दिखाते हुए 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के काफी करीब पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज 91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ने आज 1.16 डॉलर प्रति बैरल की उछाल के साथ 95.23 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। ट्रेडिंग शुरू होने के बाद इसकी कीमत उछल कर 99.99 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दो महीने के दौरान ब्रेंट क्रूड




का ये सबसे ऊंचा स्तर है। हालांकि, दिन के कारोबार में इसकी कीमत में मामूली गिरावट भी आई। भारतीय समय के मुताबिक शाम 6:30 बजे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 5.64 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 99.71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।
दो महीने पहले 24 मई को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 94.92 डॉलर प्रति बैरल से लेकर 96.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच शांति होने की उम्मीद की वजह से क्रूड ऑयल की कीमत में गिरावट का रुख बन गया था, जिसकी वजह से एक जुलाई को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंड क्रड 71.44 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया था। हालांकि, छह जुलाई के बाद इसकी कीमत में एक बार फिर तेजी का रुख बन गया। ब्रेंट क्रूड की तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज 0.90 डॉलर प्रति बैरल की बढ़त के साथ 87.73 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। थोड़ी देर बाद ही डब्ल्यूटीआई क्रूड उछल कर 91.42 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में इसकी कीमत में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक शाम 6:30 बजे अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड 4.32 डॉलर प्रति बैरल यानी 4.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 91.15 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता विफल हो जाने, सीजफायर खत्म होने और दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के ठिकानों पर लगातार हमला करने की वजह से कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर एक महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के ऊपर चला गया था। इसके बाद तीन दिन तक सुस्ती का माहौल बना रहा, लेकिन पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन से कच्चे तेल की कीमत में एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है, जिसकी वजह से आज इसने पिछले दो महीने के सबसे ऊंचे स्तर को पार कर लिया है। जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव की वजह से एक बार फिर कच्चे तेल की सौ डॉलर के स्तर के ऊपर जा सकती है।

## पेज एक के शेष

**सूचना भवन से शुरू होगा झारखंड...**
Part-time, Full-time तथा Evening Classes के रूप में संचालित किया जायेगा। फिलवक्त, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के तकनीकी सहयोग से विभाग के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जल्द ही शार्ट टर्म कोर्सेज शुरू किये जाने का प्रयास है।
सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के कुलपति समीरन दत्ता ने कहा कि झारखंड फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट के शुरू होने से झारखंड के युवाओं, विशेषकर मास मीडिया और सिनेमा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा और खत्र्र्ळक के अंतर्गत साउंड डिजाइनिंग, एडिटिंग, एनिमेशन, स्क्रिप्ट व स्क्रीनप्ले राइटिंग, सिनेमैटोग्राफी, डायरेक्शन और फिल्म प्रोडक्शन जैसे सिनेमा के सभी प्रमुख अंगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।
श्री दत्ता झारखंड फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट में कोर्सेज शुरू करने हेतु उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि JFTI प्लेटफार्म के माध्यम से यहां के युवाओं के लिए एक नया आयाम शुरू होने जा रहा है। हम झारखंड फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट के निर्माण को लेकर हरसंभव सहायता करेंगे। संस्थान के ब्लू प्रिंट तैयार करने से लेकर classroom design, guest faculty के प्रशिक्षण हेतु तकनीकी जरूरतों की व्यवस्था कराने में मदद करेंगे। SRFTI के कुलपति समीरन दत्ता ने सुझाव दिया कि JFTI के पूर्णतः क्रियाशील होने के उपरांत प्रारम्भिक चरण में राज्य के मीडियाकर्मियों के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किये जायें, ताकि वे आधुनिक फिल्म, टेलीविजन एवं मीडिया तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी दक्षता को और सुदृढ़ बना सकें। तत्काल एक स्वस्थ फिल्म संस्कृति के बाबत प्रारम्भ में फिल्म एप्रिशियेशन कोर्स से शुरूआत किया जाना बेहतर रहेगा।
इस अवसर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक शाहिद आलम, राशिद अख्तर, बीरू कुशवाहा, सुनीता धान, अभय कुमार और रफ्त्र्र्ळक के एसोसियट प्रो. नीलाजन बनर्जी एवं प्रो.इंद्रनील मुखर्जी भी उपस्थित थे।

**नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को ...**
अपनी जगह पर बैठने और चर्चा में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बार-बार सदन को न चलने देना उचित नहीं है और यह संसद की मयार्दा के अनुरूप नहीं है। लेकिन विपक्षी सदस्य नारेबाजी पर अड़े रहे, जिसके चलते कार्यवाही दोबारा 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इसी तरह राज्यसभा में भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति सीपी राधाकृष्णन से कहा कि सरकार को शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ है, कई लोग अस्पतालों में भर्ती हैं और अभिभावक परेशान हैं। जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, चर्चा नहीं होने दी जाएगी। इस पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष का रवैया गैर जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि सरकार नीट सहित हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा से बच रहा है। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

**फिल्म विकास के क्षेत्र को और ...**
मुख्यमंत्री को राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने, स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने तथा झारखंड को एक उभरते फिल्म-गंतव्य के रूप में विकसित करने के संबंध में अपने सुझाव भी साझा किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की कला, संस्कृति और जनजातीय विरासत अत्यंत समृद्ध है, और फिल्म माध्यम के जरिये इसे देश-दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

**प्रश्नपत्र चोरी, वितरण मामले में ...**
को सौंप दिया गया। जांच के दौरान प्रश्नपत्र चोरी, उसके वितरण और उससे लाभान्वित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान की गई। इस संबंध में पटना की सक्षम अदालत में 45 लोगों के खिलाफ कई आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। सीबीआई के अनुसार जांच के दौरान संजीव मुखिया की भूमिका को लेकर भी विस्तृत पड़ताल की गई, लेकिन उसके खिलाफ ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि वह नीट-यूजी 2024 का प्रश्नपत्र चोरी करने या उसके वितरण में शामिल था। जांच के दौरान संजीव मुखिया फरार था। बाद में बिहार पुलिस ने उसे अन्य मामलों में गिरफ्तार किया। चूंकि नीट-यूजी 2024 मामले की प्राथमिकी में भी उसका नाम था, इसलिए सीबीआई ने उससे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था।
सीबीआई ने कहा कि जांच में उसकी संलिप्तता का कोई प्रमाण नहीं मिलने के कारण उसके खिलाफ इस मामले में आरोपपत्र दाखिल नहीं किया गया। इसी वजह से उसे नीट-यूजी मामले में जमानत मिल गई। हालांकि, वह बिहार पुलिस द्वारा जांचे जा रहे अन्य मामलों में आरोपित होने के कारण न्यायिक हिरासत में बना रहा। नीट-यूजी 2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले की गहन जांच पूरी कर ली गई है और साजिश में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उन्हें कानून के दायरे में लाया गया है। संजीव मुखिया को जानबूझकर बचाने या मामले से बाहर रखने संबंधी जो कथन अब प्रसारित किए जा रहे हैं, वे तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।

**जेपीएससी परीक्षा घोटाले की जांच...**
निदेशक रामवीर सिंह, कंपनी के कर्मचारी प्रशांत कुमार, अभिषेक कुमार और अजय कुमार शामिल हैं। जांच एजेंसी ने उनके पास से पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, कंप्यूटर और कई अहम दस्तावेज भी जब्त किए हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है।
सीआईडी की कार्रवाई के बाद 22 जुलाई को जेपीएससी ने 25 जुलाई से प्रस्तावित 14वीं जेपीएससी की मुख्य परीक्षा सहित अन्य परीक्षाओं को स्थगित कर दिया था। इसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जेपीएससी कार्यालय का घेराव भी किया था।
उल्लेखनीय है कि 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा के परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों ने बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआईडी को सौंपी थी। जांच के दौरान लगातार हो रही गिरफ्तारियों और अब पूर्व चेयरमैन के आवास पर हुई तलाशी से साफ है कि एजेंसी मामले की हर कड़ी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**सुप्रीम कोर्ट ने समय उचित नहीं ...**
ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अदालत को बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने विवादित संरचना से संबंधित अपनी रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की है। इस पर सीजेआई ने कहा कि सभी पक्षों को धैर्य रखना चाहिए और पहले से अनेक मामले लंबित हैं। अदालत ने इसके बाद अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित कर दी। न्यायालय में पेश याचिका में हिंदू पक्ष ने मांग की है कि सावन के पवित्र महीने में ज्ञानवापी परिसर के सीलबंद क्षेत्र में स्थित कथित शिवलिंग के दर्शन, पूजा और जलाभिषेक की अनुमति दी जाए। ऐसे में अदालत ने उचित समय नहीं होने का हवाला देते हुए सुनवाई को दो सप्ताह के लिए टाल दिया है। गौरतलब है कि 15 मई 2022 को एडवोकेट कमिश्नर की निगरानी में हुए सर्वेक्षण के दौरान परिसर में एक संरचना मिलने का दावा किया गया था। हिंदू पक्ष इसे प्राचीन शिवलिंग बताता है, जबकि मुस्लिम पक्ष का कहना है कि वह वजूखाने का फव्वारा है। इसके बाद 20 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने विवादित स्थल को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उस हिस्से को सीलबंद रखने का अंतरिम आदेश दिया था।

**सरकार वार्ता को तैयार, आन्दोलनकारी ...**
चर्चा कीजिए। कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं ने 20 जुलाई को जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की थी और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद बुधवार को दोबारा बातचीत के लिए आमंत्रित करने पर सीजेपी नेताओं ने कहा था कि वह उनके आवास या कार्यालय पर नहीं जाएंगे बल्कि किसी अन्य स्थान पर बातचीत के लिए तैयार हैं। इसके पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि आंदोलनकारी छात्रों से सरकार कहीं भी बातचीत के लिए तैयार है। दूसरी और सीजेपी सूत्रों के मुताबिक वह सरकार से किसी भी तरह की बातचीत उनके ऑफिस या घर पर नहीं करेगी।

**छात्रों के प्रदर्शन पर अन्ना ...**
मौन आंदोलन किया। इसके बाद वे अपने गांव रालेगण सिद्धि के लिए रवाना हो गए। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में हजारे ने दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और कथित पुलिस कार्रवाई को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में टकराव नहीं, बल्कि संवाद सबसे प्रभावी समाधान है। हजारे ने अपने पत्र में लिखा कि यदि किसी मंत्री की जवाबदेही तय कर इस्तीफा लिया जाता है, तो इससे सरकार कमजोर नहीं होती बल्कि यह पूरे मंत्रिमंडल को जिम्मेदारी का स्पष्ट संदेश देता है और शासन व्यवस्था अधिक जवाबदेह बनती है।
अन्ना हजारे ने कहा कि देश के लाखों युवा पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में देरी और बढ़ती बेरोजगारी जैसी समस्याओं से परेशान हैं। इन मुद्दों को केवल कानून-व्यवस्था का विषय मानने के बजाय जनता की वास्तविक चिंता के रूप में देखा जाना चाहिए। बतौर अन्ना हजारे किसी भी गड़बड़ी या घोटाले के सामने आने पर अक्सर जिम्मेदारी निचले स्तर के अधिकारियों पर डाल दी जाती है, जबकि वास्तविक जवाबदेही उच्च पदों पर बैठे लोगों की होनी चाहिए।

**पेपर लीक मामलों के लिए गठित...**
करें। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों का नीट और अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक से जुड़े मामलों पर आंदोलन जारी है। छात्रों की प्रमुख मांग देश के शिक्षामंत्री इस्तीफा दें।

**प्रधानमंत्री पेपर लीक की जिम्मेदारी ...**
उपलब्धि का श्रेय लेते हैं, चाहे मंगल ग्रह पर जाने का हो या ओलंपिक में पदक जीतने का, लेकिन पेपर लीक की जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते। पिछले 10 वर्षों में 152 पेपर लीक हुए हैं और एक भी दोषी को सजा नहीं मिली। इसका श्रेय भी उन्हीं को है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्वीट करते हैं कि उन्हें बच्चों की चिंता है, लेकिन रात में उन्हीं बच्चों पर आंसू गैस छोड़ी जाती है और उन्हें पीटा जाता है। अगर मोदी जी हर उपलब्धि का श्रेय लेते हैं तो अब उन्हें जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। हजारों बच्चे सड़कों पर हैं, इंटरनेट बंद कर दिया गया है, उन पर लाठीचार्ज हो रहा है। अगर एक भी बच्चे को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की होगी।

## एक झलक

### अनंतनाग हमले में पुलिसकर्मी की हत्या के बाद पूरे कश्मीर में हाई अलर्ट

**श्रीनगर** : अनंतनाग के लाल चौक इलाके में बुधवार दोपहर को हुए आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी की हत्या के बाद कश्मीर में सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा बल निगरानी बढ़ा रहे हैं, चेकपॉइंट्स को मजबूत कर रहे हैं और तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस बीच सीआरपीएफ के श्रीनगर सेक्टर ने कहा कि अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे कश्मीर में सुरक्षा को हाई अलर्ट पर रखा गया है।कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाबलों ने निगरानी बढ़ा दी है, चेकपॉइंट्स को मजबूत किया है और तलाशी अभियान शुरू किए हैं। नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षाबलों का सहयोग करने की अपील की गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आज श्रीनगर के लोक भवन में सुरक्षा स्थिति और अमरनाथ यात्रा की समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अनंतनाग के लाल चौक इलाके में आतंकवादियों ने कल दोपहर हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन को बहुत करीब से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

### अमेरिका ने ईरान के बुशहर में की बमबारी, हूती ने सऊदी के दो तेल टैंकर किये तबाह

**तेहरान/वाशिंगटन/कुवैत सिटी/सना** : अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी बंदरगाह शहर बुशहर में हवाई हमला किया है। यह शहर ईरान का एकमात्र नागरिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का घर है। अमेरिकी सेना ने लगातार 12वीं रात ईरान पर हमले किए हैं। ईरान की सेना ने जवाब में अमेरिकी के सहयोगी देशों पर ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं। कुवैत में वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय किया गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य की इस लड़ाई में अब यमन में सक्रिय ईरान समर्थक आतंकी समूह हूती खुलकर सामने आ गया है।

### पांच दिवसीय भारत दौरे पर रवाना हुए नेपाल के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा

**काठमांडू** : भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत के निमंत्रण पर गुरुवार को नेपाल के प्रधान न्यायाधीश डॉ. मनोज कुमार शर्मा पांच दिवसीय भारत के दौरे पर रवाना हुए। डॉ. शर्मा के नेतृत्व वाला यह प्रतिनिधिमंडल 27 जुलाई को नेपाल लौटेगा। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल भारत के सर्वोच्च न्यायालय का भी दौरा करेगा और वहां की न्यायिक व्यवस्था का अवलोकन करेगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान न्यायाधीश की पत्नी उमा शर्मा तथा सर्वोच्च न्यायालय के सह-रजिस्ट्रार अमित उप्रेती भी हैं।

### नेपाल में शिक्षा मंत्री के खिलाफ विश्वविद्यालय में प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

**काठमांडू** : नेपाल के शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल के खिलाफ आज विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। नारेबाजी और प्रदर्शन करने वाले पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। शिक्षा मंत्री पोखरेल गुरुवार को विश्वविद्यालय के 67वें वार्षिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कीर्तिपुर पहुंचे थे। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल के बाहर मंत्री पोखरेल के खिलाफ नारेबाजी कर रहे पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। काठमांडू जिला पुलिस परिसर के एसपी पवन कुमार भट्टराई ने इसकी पुष्टि की। प्रदर्शन में शामिल युवा नेपो बेबी मुदार्बाद और मेरिटोक्रेसी लागू करोश़ जैसे नारे लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

### सरकार अपनी गलतियां माने, विपक्ष को दोष देना बंद करे : ओवैसी

**नयी दिल्ली** : एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर अपनी गलतियां न मानने और युवाओं का अपमान करने पर तीखा हमला बोला। उन्होंने केंद्र सरकार से विपक्ष को विभिन्न संकटों के लिए दोषी ठहराने की बजाय अपनी जवाबदेही स्वीकार करने की अपील की। ओवैसी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं को नजरअंदाज करती है और युवाओं से संवाद करने से बचती है।

# उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री ने चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक को किया याद

- चंद्रशेखर आजाद ने अनगिनत युवा भारतीयों को देश के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। उनका दृढ़ संकल्प हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा : प्रधानमंत्री
- चंद्रशेखर के जीवन ने अनगिनत युवा भारतीयों को मातृभूमि की सेवा के लिए खुद को समर्पित करने की प्रेरणा दी : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अन्य ने चंद्रशेखर आजाद तथा लोकमान्य तिलक की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर कहा, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर, मैं भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। एक दूरदर्शी राजनेता, प्रख्यात विद्वान और निडर राष्ट्रवादी के रूप में, उन्होंने अपने अमर उद्घोष स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा के माध्यम से स्व-शासन की भावना को जागृत किया। उनके नेतृत्व, लेखन और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण ने पीढ़ियों को स्वतंत्रता और राष्ट्रीय चेतना के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। वहीं,




चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक चमकते हुए प्रतीक के रूप में, उन्होंने असाधारण साहस और देश के प्रति अटूट निष्ठा का उदाहरण पेश किया। उनके जीवन ने अनगिनत युवा भारतीयों को मातृभूमि की सेवा के लिए खुद को समर्पित करने की प्रेरणा दी। उनकी अमिट विरासत पीढ़ियों तक देशभक्ति की भावना को जगाती रहेगी। बिरला ने कहा कि महान देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उन्हें सादर नमन। राष्ट्र को समर्पित उनका संपूर्ण जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने अनगिनत युवा भारतीयों को देश के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। उनका दृढ़ संकल्प हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम की एक महान विभूति के रूप में, लोकमान्य तिलक ने राष्ट्रवाद की भावना को प्रज्वलित किया और भावी पीढ़ियों को जनसेवा के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया।

अमित शाह ने कहा कि आजाद ने अपना सब कुछ देश के लिए समर्पित कर दिया और मातृभूमि की आजादी को ही अपने जीवन का एकमात्र लक्ष्य बनाया। काकोरी ट्रेन एक्शन के जरिए उन्होंने ब्रिटिश शासन को कड़ा संदेश दिया कि देश के संसाधनों पर केवल उसके नागरिकों का ही अधिकार है।उन्होंने क्रांतिकारियों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार की जिसने विदेशी शासन की नींव हिला दी। आज भी, उनकी वीरता की गाथा पढ़कर मेरे रोम-रोम में देशभक्ति का संचार हो जाता है।

### असम में बाढ़ से हालात गम्भीर, 11 जिलों की 653164 आबादी प्रभावित

# मृतकों की संख्या हुई 44

एजेंसी

**गुवाहाटी** : असम में लगातार बरसात की वजह से बाढ़ के हालात बेहद गंभीर हो गये हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के 22 जुलाई के आंकड़ों के अनुसार, में एक दिन में कुल 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस तरह राज्य में अब तक मरने वालों की कुल संख्या 44 हो गयी है। असम में खतरे के निशान से ऊपर बहने वाली नदियों में बुढ़ीदिहिंग (चेनिमारी, खोवांग), दिखौ (शिवसागर), धनसिरी (नुमालीगढ़), कुशियारा (श्रीभूमि) शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित शिवसागर, चराईदेव एवं जोरहाट जिले का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। असम सरकार के मंत्री बिमल बोरा, केशव महंत, अजंता नेओग एवं विधायक लगातार प्रभावित इलाकों का दौरा कर लोगों को राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। बाढ़ के उच्चतम स्तर से ऊपर बहने वाली नदियों में दिसांग (नांगलामुराघाट) शामिल है। बाढ़ से वर्तमान समय में कुल 11 जिले प्रभावित हुए हैं। इनमें कार्बी आंगलोंग, गोलाघाट, चराईदेव, कामरूप, शिवसागर, जोरहाट, डिब्रूगढ़, नगांव, धेमाजी, होजाई, कामरूप (मेट्रो) शामिल हैं। बाढ़ से 11 जिलों के 40 राजस्व मंडलों के कुल 939 गांव प्रभावित है। राज्य की कुल 653164 आबादी एवं 24897.27 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है।



#### अमित शाह ने असम के बाढ़ हालात की समीक्षा की, 80 से अधिक लापता

**गुवाहाटी** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा से बातचीत कर असम की बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। राज्य में बाढ़ से अब तक 44 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बातचीत के दौरान अमित शाह ने राज्य को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल आज या कल असम पहुंचेगा। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा लगातार दूसरे दिन भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर रहे। उन्होंने गोलाघाट जिले में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और नुमलीगढ़ तथा गोलाघाट के कमारबंधा स्थित भास्कर सीनियर बेसिक स्कूल के राहत शिविरों का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की तथा राहत कार्यों की समीक्षा की।

राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए कुल 106 राहत शिविर एवं 381 राहत वितरण केंद्र समेत कुल 487 शिविर स्थापित किये गए हैं। राहत शिविरों में 24418 लोग आश्रय लिए हुए हैं। राहत वितरण केंद्रों पर 290826 गैर-शिविर निवासी सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।

बाढ़ से 22 जुलाई को 10 लोगों की मौत हो गई। कार्बी आंगलोंग में 1, चराईदेव में 2, शिवसागर में 3, जोरहाट में 3 और धेमाजी में 1 व्यक्ति की मौत हुई है। इस बीच लापता होने वालों की संख्या शिवसागर जिले में 6 दर्ज की गयी है। बाढ़ से प्रभावित जानवरों की कुल संख्या 138965 दर्ज हुई है, जिसमें बड़े 57552, छोटे 38788 एवं मुर्गी-पालन 42625 दर्ज हुए हैं। इस बीच बाढ़ के पानी में कुल 107 जानवर बह गये, जिसमें बड़े 83, छोटे 04 और मुर्गी-पालन 20 बताये गये हैं।

बाढ़ में राहत एवं बचाव अभियान में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (एफ एंड ईएस), सर्कल कार्यालय/स्थानीय प्रशासन, नागरिक सुरक्षा/प्रशिक्षित स्वयंसेवक और अग्निशमन विभाग जुटा हुआ है। प्रभावित इलाकों में राज्य सरकार ने कुल 11 मेडिकल टीमों को तैनात किया। 56 नावें भी राहत कार्य में जुटी रहीं। बाढ़ में फंसे 8409 लोगों को नावों द्वारा निकाला गया। 35 जानवरों को भी नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित शिवसागर जिले में राहत के कार्य में 1 हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने मनीला में कई देशों के मंत्रियों से की मुलाकात

# क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी

**मनीला** : आसियान देशों की विभिन्न बैठकों और क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दो दिवसीय यात्रा पर फिलीपींस गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को ओमान, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, फिलीपींस, पापुआ न्यू गिनी और ब्रुनेई सहित कई देशों के विदेश मंत्रियों तथा नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने इन मुलाकातों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देते हुए बताया कि बैठक में खाड़ी क्षेत्र की स्थिति, भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते से बने सकारात्मक माहौल, भारत-फिलीपींस रणनीतिक साझेदारी, प्रशांत द्वीप देशों के विकास सहयोग, नई तकनीकी संभावनाओं और इंडो-पैसिफिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में हाल की घटनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने संपर्क



बढ़ाने पर भी सहमति जताई। ब्रिटेन के विदेश सचिव एड मिलिबैंड से पहली मुलाकात में जयशंकर ने उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हाल ही में लागू हुए भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से बने सकारात्मक माहौल पर आगे बढ़ने और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति बनी। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि यूएनआरडब्ल्यूए के कार्यवाहक आयुक्त-जनरल क्रिश्चियन सॉन्डर्स से मुलाकात में जयशंकर ने भारत के हालिया दानदाताओं सम्मेलन में स्वास्थ्य और क्षमता निर्माण में किए गए योगदानों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री टॉम बेरेन्डसन से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया यात्रा के परिणामों पर बातचीत हुई। दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी स्तर तक ले जाने से सेमीकंडक्टर, जल संसाधन, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुले हैं।

### एनआईए ने पीएफआई के फरार आरोपी को दिल्ली हवाई अड्डे से दबोचा

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल के श्रीनिवासन हत्या मामले में एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला प्रतिबंधित आतंकी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुहम्मदअली केपी के रूप में हुई है। वह पीएफआई के पलक्कड़ जिला अध्यक्ष था। एनआईए ने उसे गुरुवार यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया। वह उस समय सऊदी अरब के रियाद से भारत लौटा था। वह पिछले चार वर्षों से वहीं छिपा हुआ था। इस गिरफ्तारी के साथ इस मामले में पकड़े गए आरोपियों की कुल संख्या 67 हो गई है। एनआईए ने गुरुवार को बताया कि बताया कि मुहम्मदअली केपी पर भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप तय किये गये हैं।

### नेपाल को भारत-बांग्लादेश से साल भर में बिजली निर्यात से 18.76 अरब का शुद्ध लाभ

**काठमांडू** : नेपाल विद्युत प्राधिकरण ने पिछले वित्तीय वर्ष में पहली बार पूरे 12 महीनों तक बिजली का निर्यात किया। इस दौरान नेपाल ने 29 अरब 32 करोड़ 47 लाख रुपये की बिजली भारत और बांग्लादेश को निर्यात की। आयात पर केवल 10 अरब 56 करोड़ रुपये खर्च हुए। इससे नेपाल को 18 अरब 76 करोड़ 50 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। घरेलू बिजली उत्पादन में वृद्धि और मार्चझअप्रैल के दौरान भी अच्छी वर्षा होने से भारत और बांग्लादेश को बिजली निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, जबकि भारत से बिजली आयात में कमी दर्ज की गई। प्राधिकरण के अनुसार, वित्तीय वर्ष २०२४/२५ में बिजली



व्यापार से केवल 4 अरब 54 करोड़ 80 लाख रुपये का व्यापार अधिशेष था, जो पिछले वर्ष २०२५/२६ में लगभग चार गुना बढ़ गया। बीते वित्तीय वर्ष में नेपाल ने भारत और बांग्लादेश को कुल 3 अरब 87 करोड़ 74 लाख 92 हजार यूनिट बिजली निर्यात कर 29 अरब 32 करोड़ 47 लाख 43 हजार रुपये की आय अर्जित की। यह आय वित्तीय वर्ष 2081/82 में हुई 17 अरब 47 करोड़ 10 लाख रुपये की कमाई की तुलना में 67.84 प्रतिशत अधिक है।

# मप्र वन विभाग का घड़ियाल और दुर्लभ कछुओं की तस्करी रोकने के लिए चम्बल में हाई अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल** : देश में घड़ियाल संरक्षण के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में दुर्लभ जलीय वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर मध्य प्रदेश वन विभाग ने हाई अलर्ट घोषित किया है। जनसंपर्क अधिकारी के.के. जोशी ने गुरुवार को बताया कि अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोहों के फिर से सक्रिय होने की आशंका के बीच चंबल नदी के संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी कई गुना बढ़ा दी गई है। नियमित गश्त, अवैध मत्स्याखेट पर सख्त कार्रवाई, संदिग्ध मछुआरों की सतत निगरानी और उत्तरप्रदेश-राजस्थान के साथ संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश जारी किये गये हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ.



समीता राजौरा ने राज्य स्तरीय अलर्ट जारी करते हुए सभी संबंधित वन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चंबल अभयारण्य के प्रत्येक संवेदनशील नदी घाट पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा घड़ियाल और संरक्षित कछुओं के शिकार एवं तस्करी की किसी भी कोशिश को प्रारंभिक स्तर पर ही विफल किया जाए। इसके लिए उत्तरप्रदेश और राजस्थान के वन विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर गोपनीय सूचनाओं का आदान-प्रदान, संयुक्त गश्त और समन्वित कार्रवाई की जायेगी। वन विभाग के अनुसार जुलाई 2025 में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स शिवपुरी ने चंबल नदी क्षेत्र में घड़ियाल और दुर्लभ कछुओं की तस्करी से जुड़े एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया था।

### आंध्र प्रदेश में एनएच-42 को चार लेन बनाने के लिए 679.71 करोड़ मंजूर

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में मुदिगुब्बा से कदिरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-42 को दो लेन से चार लेन में विकसित करने के लिए 679.71 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस परियोजना से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई क्षेत्रों की बेंगलुरु-विजयवाड़ा-कोलकाता (बीकेवी) एक्सप्रेसवे, तिरुपति और चेन्नई तक बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत मौजूदा दो लेन सड़क को पक्के कंधों (पेव्ड शोल्डर) सहित चार लेन राजमार्ग में बदला जायेगा।

# शिल्पा शेट्टी पर चढ़ा पंजाबी रंग


**अभिनेत्री** शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से होने के बावजूद, समय के साथ उनके रिश्ते में संस्कृतियों का खूबसूरत मेल देखने को मिल रहा है। हाल ही में राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो साझा कर बताया कि कैसे शिल्पा पर पंजाबी संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को राज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें शिल्पा ढोल की थाप पर जोश के साथ भांगड़ा करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, जब आप किसी शेट्टी परिवार में शादी करते हैं, तो धीरे-धीरे आपकी पंजाबी पहचान का असर उन पर भी दिखने लगता है। बांगड़ा मछली से लेकर भांगड़ा के डांस तक मेरी आधी पंजाबी, शिल्पा। यह पोस्ट प्रशंसकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। शिल्पा शेट्टी मूल रूप से कर्नाटक के मंगलुरु के बंट समुदाय से हैं, जबकि राज कुंद्रा का जन्म और पालन-पोषण लंदन में एक पंजाबी परिवार में हुआ। दोनों की मुलाकात वर्ष 2007 में शिल्पा के परफ्यूम ब्रांड के लॉन्च के दौरान यूके में हुई थी।



# गुजरात में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुख्यमंत्री ने अमित शाह से की बात

**अहमदाबाद** : गुजरात के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वलसाड जिले के उमरगाम में पिछले 24 घंटे में करीब 36 इंच बारिश दर्ज होने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं और फंसे लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य में भारी बारिश की स्थिति को लेकर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से बातचीत की। भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि राज्य में अत्यधिक भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा, राहत व बचाव कार्यों के संबंध में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ चर्चा की है। इस स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री ने गुजरात को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। प्रशासन नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और आश्रय देने, तथा पशुधन की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है। नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री पटेल ने गांधीनगर स्थित राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पहुंचे। उन्होंने दक्षिण गुजरात में भारी बारिश से पैदा हुए हालात का जायजा लिया। वलसाड जिले के हालात के बारे में मंत्री नरेश पटेल और कलेक्टर से मोबाइल पर बात



की और बचाव व राहत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ( एनडीआरएफ) टीमें भेजने का भी भरोसा दिलाया। इसके अलावा सूरत और नवसारी के कलेक्टर से बात की और निचले व जलभराव वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहने, मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिए गये हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अहमदाबाद केंद्र गुरुवार को भी गुजरात के महिसागर, पंचमहल और दाहोद में भारी से बहुत भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इसके अलावा 11 जिलों में ऑरेंज और 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। सूरत में भी सुबह 4 बजे से 8 बजे के बीच 4 इंच बारिश हुई। ऊपरी क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण भेदवाड़ और सीमाड़ा खाड़ी उफान पर हैं, जबकि अन्य खाड़ियां भी खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर खाड़ी किनारे रहने वाले 2,244 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया है। वलसाड में लगातार बारिश के कारण औरंगा नदी का जलस्तर 9 मीटर के खतरनाक स्तर तक पहुंच गया। देर रात प्रशासन ने 200 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

#### प्रधानमंत्री ने गुजरात में भारी बारिश को लेकर मुख्यमंत्री को दिया हरसंभव सहायता का आश्वासन

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से टेलीफोन पर बातचीत कर हालात की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। गुजरात सरकार के सूचना विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री ने राज्य में लगातार हो रही भारी वर्षा के बीच राहत और बचाव कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता और सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बातचीत कर राज्य में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी। गृह मंत्री शाह ने गुजरात को इस संबंध में हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।